www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ... | छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक | संपर्क करें : bilaspurdeshbandhu@gmail.com

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

बिलासपुर, बुधवार, 9 जुलाई 2025 । वर्ष – 35 । अंक –70 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु.







**मैनपाट प्रशिक्षण शिविर**

# केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान उल्टा पानी देख हुए चकित

## कहा-यहां दिख रहा है प्रकृति का चमत्कार




**अंबिकापुर**, 8 जुलाई (देशबन्धु)। मैनपाट में आयोजित भाजपा के प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन आज दिग्गज भाजपा नेताओं ने अपने विचार रखे। सभी नेताओं ने अलग-अलग विषयों पर चर्चा की।

प्रशिक्षण शिविर में सांसदों-विधायकों को प्रशिक्षण देने मैनपाट पहुंचे केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने उल्टा पानी स्थल का भ्रमण किया उल्टा पानी में नाव बहाने के साथ उन्होंने पुलिस अधीक्षक की गाड़ी में बैठकर इस स्थल के अजूबे को स्वयं अनुभव किया उन्होंने कहा कि मैंने जीवन में पहली बार देखा पानी नीचे से ऊपर बह रहा है।

उल्टा पानी का अनुभव महसूस करने के बाद केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मीडिया से चर्चा में कहा कि अद्भुत है अपना छत्तीसगढ़ छत्तीसगढ़ प्राकृतिक सौंदर्य से भरा हुआ है लेकिन प्रकृति का चमत्कार भी यहां दिख रहा है पानी नीचे से ऊपर बह रहा है इसके साइंटिफिक रीजन क्या है यह देखना पड़ेगा लेकिन यह अद्भुत है पर्यटक यहां आने लगे हैं विशेष रूप से इसे विकसित और प्रचार करना चाहिए ताकि चमत्कार लोग अपनी आंखों से देखें उन्होंने कहा कि हमने कागज की नाव छोड़कर भी देखा यहां का पानी चमत्कारिक है छत्तीसगढ़ ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

### अमित शाह का दौरा रद्द



केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का छत्तीसगढ़ दौरा आखिरी समय में रद्द कर दिया गया है। वे बुधवार को मैनपाट में आयोजित भाजपा के तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने वाले थे। लेकिन अब वे इस कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से जुड़ सकते हैं।

शाह के आगमन को लेकर कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा से लेकर

### सांसद-विधायकों को मिलेगा शिविर का लाभ : शिवराज

भाजपा के प्रशिक्षण शिविर की चर्चा करते हुए शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भाजपा प्रशिक्षण का काम करती है कार्यकर्ता का आचरण व्यवहार अपने क्षेत्र में कैसे बेहतर काम करें इसकी ट्रेनिंग भी उन्हें दी जा रही है सरकार की योजनाओं का प्रचार.प्रसार कैसे करें इस पर काम हो रहा है व्यापारिक और सैद्धांतिक दोनों पहलुओं पर यहां वैचारिक विषय और व्यापारिक विषय रखे गए हैं जिसका लाभ सांसद और विधायकों को मिलेगा और दक्षता के साथ में काम कर सकेंगे केवल सांसद और विधायकों का नहीं अलग-अलग कार्यकर्ताओं कभी प्रशिक्षण हम करते हैं।

### बेहतर करने निरंतर अभ्यास करते हैं हमारे कार्यकर्ता, कांग्रेस का समर्पण और संकल्प सिर्फ भ्रष्टाचार : नितिन नबीन



मैनपाट में भाजपा प्रशिक्षण शिविर का दूसरा दिन है। इस दौरान बीजेपी प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन ने कहा, भाजपा के कार्यकर्ता निरंतर अभ्यासरत रहते हैं। हमारे कार्यकर्ता, नेता बेहतर करते रहे, इसलिए इस तरह का आयोजन पार्टी करती रहती है।

उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा, कांग्रेस का समर्पण और संकल्प सिर्फ भ्रष्टाचार है। कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए भाजपा प्रदेश प्रभारी नबीन ने कहा, कांग्रेस में किसी चीज के प्रति समर्पण नहीं है। किसी चीज का संकल्प नहीं है। कांग्रेस का संकल्प और समर्पण केवल भ्रष्टाचार है। इसमें वे अच्छा अभ्यास करते हैं। कोरोना काल में कांग्रेस ने कोई जनसेवा कार्य नहीं किया है। आरएसएस और भाजपा के लोग जनसेवा कार्य में लगे रहे। कांग्रेस के नेता कहीं नजर नहीं आए। कांग्रेस का काम केवल भ्रष्टाचार करना है।

**मतदाता सूची पुनरीक्षण के खिलाफ बिहार बंद आज**

# राहुल के नेतृत्व में सड़कों पर उतरेगा महागठबंधन

**पटना**, 8 जुलाई (देशबन्धु)। मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर मचा बवाल अब एक संगठित जन आंदोलन का रूप ले चुका है। विपक्षी दलों ने इस प्रक्रिया को गरीबों, दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों के मताधिकार पर हमला करार देते हुए 9 जुलाई को राज्यव्यापी बिहार बंद का आह्वान किया है। इस आंदोलन की अगुवाई खुद राहुल गांधी और तेजस्वी यादव करेंगे, जो पटना की सड़कों पर विरोध मार्च निकालकर सरकार के खिलाफ आवाज बुलंद करेंगे। पिछले 5 महीने में राहुल गांधी का यह सातवां बिहार दौरा होगा। यह बंद सिर्फ एक विरोध नहीं, बल्कि 2025 विधानसभा चुनाव से पहले सत्ता और विपक्ष के बीच सीधा टकराव बन चुका है। वहीं प्रशासन के लिए यह दिन सुरक्षा और नियंत्रण की सबसे बड़ी परीक्षा होने जा रहा है।

**खेमका के परिवार से भी मिल सकते हैं राहुल**–बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर मचा सियासी घमासान अब अपने चरम पर है। इसी मुद्दे को लेकर अब कांग्रेस नेता राहुल गांधी बुधवार को पटना पहुंच रहे हैं और बिहार बंद मार्च का नेतृत्व करेंगे। राहुल गांधी सुबह करीब 10 बजे पटना एयरपोर्ट पहुंचेंगे, और सीधे इनकम टैक्स गोलंबर से शहीद स्मारक तक निकलने वाले विरोध मार्च में शामिल होंगे। इस दौरान उनके साथ तेजस्वी यादव सहित महागठबंधन के सभी बड़े नेता मौजूद रहेंगे। वहीं राहुल गांधी गोपाल खेमका हत्याकांड के पीड़ित परिवार से भी मुलाकात कर सकते हैं। बिहार में 2025 विधानसभा चुनाव से पहले यह दौरा राजनीतिक रूप से बेहद अहम माना जा रहा है।



■ राहुल व तेजस्वी पटना में करेंगे शक्ति प्रदर्शन

**चुनाव से पहले एक बड़ा राजनीतिक संदेश**–राहुल गांधी का यह दौरा महज प्रतीकात्मक नहीं, बल्कि 2025 के विधानसभा चुनाव से पहले एक बड़ा राजनीतिक संदेश माना जा रहा है। मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर उठे सवालों ने सत्ता और विपक्ष के बीच टकराव की नई लकीर खींच दी है। वहीं दूसरी ओर, सत्ताधारी जनता दल यूनाइटेड ने इस विरोध के जवाब में सोमवार को साइकिल रैली निकाली और मतदाताओं को पुनरीक्षण प्रक्रिया को लेकर जागरूक करने का अभियान चलाया।

**चुनाव आयोग की मनमानी नहीं चलेगी: राजद**

वहीं बिहार बंद की जानकारी देते हुए राजद ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

**सार संक्षेप**

### छत्तीसगढ़ के 2 शराब कारोबारियों को झारखंड एसीबी ने किया गिरफ्तार

**रायपुर।** झारखंड शराब घोटाले मामले में एसीबी की कार्रवाई अब तेज हो गई है। सोमवार को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने छत्तीसगढ़ के श्री ओम साईं बेवरेजेस प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर अतुल कुमार सिंह और मुकेश मनचंदा को गिरफ्तार किया है। टीम आगे की कार्रवाई की तहत अब मामले में पूछताछ करेगी।

### ब्राजील की राजधानी ब्रासीलिया पहुंचे मोदी

**ब्रासीलिया।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ब्रिक्स सम्मेलन में शामिल होने के बाद मंगलवार को ब्राजील की राजधानी ब्रासीलिया पहुंचे। यहां पीएम मोदी का स्वागत पारंपरिक सांबा रेगे की संगीतमय प्रस्तुति से किया गया। इसके बाद होटल पहुंचने पर शिव तांडव स्तोत्र पाठ और भारतीय शास्त्रीय नृत्य का भावपूर्ण प्रदर्शन किया गया।

### हज के लिए आवेदन शुरू,

नई दिल्ली। हज 2026 के लिए आवेदन मंगलवार से शुरू किया गया और ऑनलाइन आवेदन 31 जुलाई तक स्वीकार किए जाएंगे। अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय ने कहा कि हज 2026 के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। हज यात्रा पर जाने वाले इच्छुक यात्री हज पोर्टल एचटीटीपीएस://हजकमेटीडॉटजी ओवीडॉटआईएन या 'हज सुविधा' मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन विंडो आज से 31 जुलाई रात 11:59 बजे तक खुली रहेगी।

### इजरायल ने नोबेल के लिए ट्रंप को किया नामित

**वाशिंगटन।** इजरायल सरकार ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामित किया है। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने श्री ट्रम्प को नोबेल शांति पुरस्कार के लिए योग्य उम्मीदवार बताया।

**तस्करी मामला**

# भंसाली, पांडे और तिवारी के बेटे हुए गिरफ्तार

**रायपुर**, 8 जुलाई (देशबन्धु)। थाना आमानाका पुलिस ने आज बड़ी कार्रवाई करते हुए अंग्रेजी शराब की तस्करी का भंडाफोड़ किया है। मुखबिर की सूचना पर की गई इस कार्रवाई में पुलिस ने दो कारों से कुल 20 कार्टून अंग्रेजी शराब जब्त की, जिसकी कुल कीमत 2,72,751 आंकी गई है। इस दौरान तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि दो आरोपी मौके से फरार हो गए।

■ कार से भारी मात्रा में मिली शराब

पुलिस के अनुसार, उन्हें सूचना मिली थी कि क्रेटा (सीजी 04 एनएल 6526) और स्वीफ्ट डिजायर (सीजी 04 पीटी7888) कारों में भिलाई-कुम्हारी से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब रायपुर लायी जा रही है। पुलिस की टीम ने आरोपियों को चंदनडीह खारून नदी ओवर ब्रिज पर घेराबंदी कर दोनों वाहनों को रोका।

जिन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया उनमें भावेश पाण्डे उर्फ लाल (36), निवासी पण्डरी, रायपुर, दिपेश भंसाली उर्फ दीपु (26), निवासी कृष्णा नगर, रायपुर, सुजीत तिवारी उर्फ लाला (23), निवासी पण्डरी, रायपुर शामिल है। क्रेटा कार से रॉयल स्टैग, ब्लेंडर प्राइड, मेकडावेल और गोवा ब्रांड की शराब कुल ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

**मतदाता सूची पुनरीक्षण के पक्ष में भी याचिका दायर**

# चुनौती देने वाली के साथ 10 को सुनवाई की गुहार लगाई

**नई दिल्ली**, 8 जुलाई (देशबन्धु)। चुनाव आयोग के बिहार की मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण करने के फैसले के खिलाफ कांग्रेस तथा अन्य प्रमुख विपक्षी दल के नेताओं और कुछ सामाजिक कार्यकर्ताओं की ओर से सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिकाओं के विपरीत भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता एवं अधिवक्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय ने एक याचिका दायर की है।

न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति जॉयमाला बागची की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ के समक्ष याचिकाकर्ता अधिवक्ता उपाध्याय ने इस मामले का मंगलवार को 'विशेष उल्लेख' के दौरान जिक्र किया और अन्य याचिकाओं (चुनौती देने वाली) के साथ 10 जुलाई को सुनवाई की गुहार लगाई। इस पर पीठ ने उनसे कहा कि वह अपनी याचिका में खामियों को दूर कर उसे (10 जुलाई को सुनवाई के लिए) सूचीबद्ध करने का अनुरोध रजिस्ट्री (शीर्ष अदालत की) कर सकते हैं।

■ भाजपा नेता ने सुप्रीम कोर्ट में दायर की है याचिका

अधिवक्ता उपाध्याय की ओर से दायर याचिका में देशभर में एक नियमित अंतराल पर मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण करने का निर्देश चुनाव आयोग को देने की गुहार लगाई है। अपनी याचिका में उन्होंने खास तौर पर संसदीय, राज्य विधानसभा और स्थानीय निकाय चुनावों से पहले विशेष गहन पुनरीक्षण कराने की मांग की है। उन्होंने (उपाध्याय) अपनी याचिका में कहा है कि स्वतंत्रता के बाद देश में बड़े पैमाने पर अवैध घुसपैठ, छलपूर्ण धर्म परिवर्तन और बेलगाम जनसंख्या वृद्धि के कारण 200 जिलों और 1500 तहसीलों की जनसांख्यिकी बदल गई है। ऐसे में केंद्र, राज्य सरकारों और भारत के चुनाव आयोग का यह संवैधानिक कर्तव्य है कि वे यह सुनिश्चित करें कि संसदीय, राज्य विधानसभा और स्थानीय निकाय चुनावों में केवल वास्तविक नागरिक ही अपना वोट डालें, न कि विदेशी। इसके लिए समय-समय पर मतदाता सूचियों की विशेष गहन जांच आवश्यक है। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि बिहार में 243 विधानसभा क्षेत्र हैं? और हर क्षेत्र में अनुमानित 8,000-10,000 अवैध और फर्जी प्रविष्टियां हैं।

# बैंगलोर में होगी कांग्रेस पिछड़ा वर्ग काउंसिल की पहली बैठक

**रायपुर**, 8 जुलाई (देशबन्धु)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पिछड़ा वर्ग विभाग के लिए गठित एडवाइजरी काउंसिल की पहली बैठक 15 और 16 जुलाई को बैंगलोर में आयोजित की जाएगी। इस महत्वपूर्ण बैठक में छत्तीसगढ़ से पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और धनेन्द्र साहू शामिल होंगे।

**प्रदेश से भूपेश बघेल और धनेन्द्र साहू होंगे शामिल**

कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग की यह बैठक बंगलोर के भारत जोड़ो भवन, चींस रोड में शाम 6 बजे शुरू होगी। इस काउंसिल के अध्यक्ष कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया हैं। इस बैठक में चार राज्यों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। बैठक में देश के पिछड़े वर्ग के प्रमुख मुद्दों पर चर्चा होगी और उन मुद्दों को जनता के बीच लाने अभियानों और कार्यक्रमों पर चर्चा हो सकती है। साथ ही आने वाले चुनावों को देखते हुए रणनीतिक तैयारी की जा सकती है।

बैठक में छत्तीसगढ़ के ओबीसी वर्ग से जुड़े हुए क्या मुद्दे हैं, इस पर भूपेश बघेल और धनेन्द्र साहू अपनी बात रखेंगे। चर्चा के बाद काउंसिल अपनी रिपोर्ट एआईसीसी के पिछड़ा वर्ग विभाग को सौंपेगी। जून में एडवाइजरी काउंसिल का गठन किया गया था। जिसके गठन के बाद यह पहली बैठक होगी।

# छत्तीसगढ़ में मराठी भाषा को भाषाई अल्पसंख्यक का दर्जा देने की मांग

**बिलासपुर**, 8 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में मराठी भाषा को भाषाई अल्पसंख्यक का दर्जा देने की मांग को लेकर जनहित याचिका दायर की गई। इसपर हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को याचिकाकर्ता के अभ्यावेदन पर विचार कर तीन माह के भीतर निर्णय लेने के निर्देश दिए हैं। इस मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस बीडी गुरु की डिवीजन बेंच में हुई।



हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को 3 महीने में निर्णय लेने का दिया निर्देश

बिलासपुर के तिलक नगर में रहने वाले डॉ। सचिन काले ने हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका लगाई थी। उन्होंने अपने मामले की खुद पैरवी करते हुए मांग की कि अन्य राज्यों की तरह छत्तीसगढ़ में भी मराठी भाषी समुदाय को अल्पसंख्यक का दर्जा दिया जाना चाहिए। याचिका में केंद्र सरकार की अधिसूचना का हवाला देते हुए तर्क दिया कि संविधान के अनुच्छेद 29 और 30 भाषाई और धार्मिक अल्पसंख्यकों को अधिकार देते हैं। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट के टीएमए पाई फाउंडेशन बनाम कर्नाटक राज्य के फैसले का हवाला देते हुए बताया गया कि ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

# इंदौर-रायपुर इंडिगो फ्लाइट की आपातकालीन लैंडिंग



**रायपुर**, 8 जुलाई (देशबन्धु)। मंगलवार को इंदौर से रायपुर आ रही इंडिगो की फ्लाइट (6श्व-7295) को तकनीकी खराबी के कारण आपातकालीन लैंडिंग करनी पड़ी। ये फ्लाइट सुबह 6.30 बजे इंदौर के देवी अहिल्या होल्कर हवाई अड्डे से उड़ान भरी थी लेकिन लगभग 7बजे तकनीकी समस्या के कारण पायलट ने विमान को वापस इंदौर लौटाया। पायलट को वार्निंग अलार्म मिला, इसके बाद सुबह 7.15 बजे विमान ने सुरक्षित लैंडिंग की। यात्री इस दौरान घबरा गए लेकिन सभी सुरक्षित रहे। फिलहाल इंडिगो के इस विमान की तकनीकी जांच चल रही है।

# होटलों-पर क्यूआर कोड लगवा रही योगी सरकार

**मेरठ**, 8 जुलाई (देशबन्धु)। यूपी में कांवड़ यात्रा से पहले नेम प्लेट विवाद के बीच योगी सरकार होटल-ढाबों की जांच करा रही है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) की टीमों ने फूड सेफ्टी क्यूआर कोड स्टिकर लगाना अनिवार्य कर दिया है।

**कांवड़ रूट पर शराब की दुकानें ढकी जाएंगी**

मंगलवार को मुजफ्फरनगर और लखनऊ में मंगलवार को अफसरों ने ढाबों और रेस्टोरेंट में स्टिकर लगाए। ये क्यूआर स्टिकर फूड सेफ्टी कनेक्ट ऐप से जुड़े हैं, जिसे स्कैन करने पर ढाबे का रजिस्ट्रेशन नंबर, मालिक का नाम, पता और मेन्यू की जानकारी मिल जाएगी। एफएसडीए स्नस्थ विभाग की विशेष सचिव और अपर आयुक्त रेखा एस चौहान ने कहा, सभी कांवड़ रूट्स पर विशेष अभियान शुरू किया गया है। हम सभी रेस्टोरेंट और खाने-पीने की ठेला गाड़ियों में 'सेफ्टी ऐप कनेक्ट' स्टिकर चिपका रहे हैं। रेस्टोरेंट मालिकों को अपने प्रोडक्ट्स की रेट लिस्ट लगाने का भी निर्देश दिया है। सभी रूट्स पर खाने-पीने की चीजों की चेकिंग की जा रही है। सफाई भी परखी जा रही है।

**तीर्थयात्रा** | **अमरनाथ यात्रा में शामिल होने वालों बढ़ रही संख्या**

# अब तक एक लाख ने किए हिमलिंग के दर्शन

■ यात्रा के लिए प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए

सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू, 8 जुलाई(देशबन्धु)। पहलगाम नरसंहार के डर को दरकिनार कर अमरनाथ यात्रा में शामिल होने वालों की बढ़ती संख्या का आलम यह है कि यात्रा के छठे दिन ही हिमलिंग के दर्शन करने वालों ने एक लाख के आंकड़े को छू लिया था।**

*अमरनाथ यात्रा 2025 के दौरान श्रद्धालुओं की भक्ति और उत्साह लगातार चरम पर पहुंच रहा है। यात्रा के पांचवें दिन श्रद्धालुओं की कुल संख्या 92,000 के पार पहुंच गई थी, जो इस पवित्र यात्रा के प्रति गहरी आस्था और निष्ठा को दर्शाता था।*

*जबकि मंगलवार सुबह करीब 5 बजे, बालटाल और चंदनवाड़ी से हजारों श्रद्धालुओं का जत्था बम बम भोले और जय शिव शंकर के जयकारों के साथ पवित्र अमरनाथ गुफा की ओर रवाना हुआ। इस दौरान भक्तों के चेहरों पर उमंग और आस्था साफ झलक रही थी। तीन जुलाई को शुरू हुई इस यात्रा के बाद से अब तक सवा लाख अधिक श्रद्धालु इस पवित्र यात्रा में शामिल हो चुके हैं। जबकि दर्शन करने वाले एक लाख का आंकड़ा पार कर चुके हैं। 7,541 यात्रियों का एक और जत्था मंगलवार को दो सुरक्षा काफिलों में जम्मू के भगवती नगर यात्री निवास से कश्मीर के लिए रवाना हुआ। जबकि 3321 यात्रियों को लेकर 148 वाहनों का पहला सुरक्षा काफिला तड़के 2.55 बजे बालटाल आधार शिविर के लिए रवाना हुआ।*

*दावा है कि संख्या में वृद्धि अनुकूल मौसम, कुशल व्यवस्था और यूटी प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियों से बेहतर रसद सहायता के कारण हुई. तीर्थयात्रा की शुरुआत पहले दिन (गुरुवार) 12,348 यात्रियों ने की, उसके बाद शुक्रवार को 14,515, शनिवार को 21,109, रविवार को 21,512 और सोमवार को 23,857 तीर्थयात्रियों ने दर्शन किए। अधिकारियों ने बताया कि बालटाल और पहलगाम दोनों मार्गों पर यात्रा सुचारू रूप से जारी है, जिसमें चिकित्सा सहायता सहित सभी आवश्यक सेवाओं के साथ बहु-स्तरीय सुरक्षा कवर शामिल है। बालटाल से यात्रा कर लौटे शुभम कपूर नामक श्रद्धालु ने बताया कि हमें लगा था कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद शायद श्रद्धालुओं की संख्या कम हो जाएगी, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए गुफा के बाहर लंबी कतारें लगी थीं। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी के बावजूद श्रद्धालुओं की आस्था में कोई कमी नहीं आई।*

# स्वास्थ्य विभाग का कैशियर 54 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ाया



**मुंगेली**, 08 जुलाई (देशबन्धु)। जिले में भ्रष्टाचार के विरुद्ध आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो (एसीबी) की मुहिम लगातार तेज होती जा रही है। इसी कड़ी में सोमवार को एसीबी बिलासपुर इकाई ने बीएमओ कार्यालय मुंगेली में पदस्थ अकाउंटेंट बृजेश सोनवानी को 54,000 रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। यह कार्यवाही तखतपुर स्थित रियांश गोल्ड होटल के पास एक ढाबे में की गई, जहां आरोपी को रिश्वत लेते ही पकड़ लिया गया। इस संबंध में ग्राम फंदवानी, निवासी ललित सोनवानी द्वारा 5 जुलाई को शिकायत दर्ज कराई गई थी। ललित सोनवानी हाल ही में स्वास्थ्य पर्यवेक्षक के पद से 30 जून को सेवानिवृत्त हुए हैं। उन्होंने बताया कि बीएमओ कार्यालय से ग्रेच्युटी और अन्य भुगतान के लिए अकाउंटेंट बृजेश सोनवानी द्वारा 61,000 रुपए की रिश्वत की मांग की गई थी।

शिकायत का सत्यापन कराए जाने पर मामला सही पाया गया। सत्यापन के दौरान आरोपी ने 7,000 रुपए भी ले लिए थे। इसके बाद ट्रैप की योजना बनाई गई। निर्धारित योजना के तहत आज शिकायतकर्ता को शेष 54,000 रुपए के साथ भेजा गया, जिसे लेते ही एसीबी की टीम ने आरोपी को धर दबोचा। मौके से रिश्वत की राशि भी बरामद की गई है।एसीबी ने आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 की धारा 7 के तहत मामला दर्ज कर लिया है और उसे न्यायालय में प्रस्तुत किए जाने की प्रक्रिया जारी है।

**7 माह में छठी बड़ी कार्रवाई**

मुंगेली जिले में एसीबी की यह सात माह के भीतर छठी कार्रवाई है। इसके पूर्व भी कई सरकारी विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एसीबी की जद में आ चुके हैं।

एसीबी सूत्रों ने स्पष्ट किया है कि प्रदेश में भ्रष्टाचार के खिलाफ यह सख्त रवैया जारी रहेगा। आमजन के अधिकारों की रक्षा और सरकारी तंत्र की पारदर्शिता बनाए रखने के लिए इस प्रकार की कार्यवाहियां अनवरत चलती रहेंगी।

## पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अनूठी पहल

**"एक पेड़ मां के नाम 2.0" डोंगरिया में होगा जिला स्तरीय वृहद पौधारोपण कार्यक्रम**

**गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही** (देशबन्धु)। जिले को हरित, स्वच्छ और पर्यावरणीय दृष्टि से समृद्ध बनाने की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा एक बड़ी पहल की जा रही है। "एक पेड़ मां के नाम 2.0" अभियान के अंतर्गत जिले के समस्त ग्रामों में 100-100 पौधों का वृहद स्तर पर रोपण किया जाएगा।

इस अभियान का शुभारंभ दिनांक 09 जुलाई 2025, बुधवार को प्रातः 11 बजे विकासखण्ड मरवाही के ग्राम डोंगरिया में जिला स्तरीय कार्यक्रम के माध्यम से किया जाएगा। कार्यक्रम में कलेक्टर श्रीमती लीना कमलेश मंडावी के मार्गदर्शन में समस्त विभागीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि, स्थानीय ग्रामीणजन, छात्र-छात्राएं एवं स्वयंसेवी संगठन हिस्सा लेंगे,

जिले के प्रत्येक गांव में 100 पौधों का रोपण,जन-सहभागिता पर आधारित पर्यावरणीय अभियान, जिला पंचायत के सहयोग से संचालित कार्यक्रम डोंगरिया से होगी शुरुआत, सभी विकासखंडों में होगा क्रियान्वयन

पर्यावरण की रक्षा, मां को समर्पण की भावना से प्रेरित इस कार्यक्रम में जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से सहभागिता की अपील की है।

## माहवारी- एक स्वाभाविक प्रक्रिया, न कि कोई अभिशाप







### महिला जागृति मंडल ने किया सार्थक पहल, विशेषज्ञों ने दी महत्वपूर्ण जानकारी

**मुंगेली**, 08 जुलाई (देशबन्धु)। जागृति महिला जन कल्याण समिति के तत्वावधान में प्रेस क्लब मुंगेली में "माहवारी जागरूकता संगोष्ठी" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य माहवारी जैसे संवेदनशील विषय पर खुली चर्चा कर इसे सामाजिक स्वीकृति दिलाना तथा भ्रांतियों को समाप्त करना था। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित डॉ. मनीष बंजारा एवं डॉ. प्रियंका जांगड़े ने माहवारी चक्र, इससे जुड़ी स्वच्छता, स्वास्थ्य समस्याएं और समाधान विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। डॉ. बंजारा ने कहा, "माहवारी एक प्राकृतिक देन है, इसे छिपाना या शर्म का विषय बनाना अनुचित है। समाज को चाहिए कि इसे एक सामान्य जैविक प्रक्रिया मानकर इसकी स्वच्छता और जागरूकता पर बल दे।"

**माहवारी से जुड़े मिथकों को तोड़ने की जरूरत**

कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष श्रीमती सावित्री सोनी ने बताया कि महिला सशक्तिकरण के इस युग में भी माहवारी को लेकर जागरूकता की कमी चिंताजनक है। उन्होंने छात्राओं और महिलाओं से आग्रह किया कि वे बिना संकोच अपने सवाल रखें। संगोष्ठी में उपस्थित महिलाओं और छात्राओं ने मासिक धर्म की अनियमितता, पीसीओडी, सफेद पानी और रक्त के रंग जैसे विषयों पर सवाल किएइन सवालों के जवाब में डॉ. प्रियंका जांगड़े ने पीसीओडी को हार्मोनल असंतुलन बताया और इसके लक्षणों व निदान पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि यह रोग अनियमित माहवारी, चेहरे पर मुंहासे और बालों की अधिकता जैसे लक्षणों से जुड़ा होता है, जिसे समय पर पहचान कर चिकित्सकीय परामर्श लेना जरूरी है।

**एक अनुकरणीय उदाहरण**

कार्यक्रम के दौरान एक छात्रा ने बताया कि उसे माहवारी की पूरी जानकारी उसके पिता द्वारा दी गई थी, जिससे उसे कभी कोई संकोच नहीं हुआ। यह उदाहरण सराहना के योग्य था और मंच से उसके पिता के प्रति धन्यवाद ज्ञापित कर समाज को ऐसा ही सहयोगात्मक वातावरण प्रदान करने की अपील की गई।

**कार्यक्रम में प्रमुख रूप से** - चेतना वरिष्ठ महिला संघ, मितानीन, महिला एवं बाल विकास विभाग की प्रतिनिधियाँ, छात्राएं और महिला सदस्य शामिल थी।

कार्यक्रम में श्रीमती प्रमिला चैरसिया, संगीता क्षत्रिय माधवी उर्फ सुधा राजपूत, भगवती बनर्जी, सरिता बाजपेई, मधु उप्पल, शारदा मिश्रा सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं।

**प्रथम पृष्ठ का शेष**

**केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ...**

सरकार इसे विकसित कर रही है यहां टूरिज्म बढ़े पर्यटक बढ़े छत्तीसगढ़ सरकार हर क्षेत्र में बहुत बेहतर काम कर रही है टूरिज्म क्षेत्र में रोजगार बढ़ाने के निरंतर प्रयास जारी है।

लखपति दीदी अभियान भी चलाएंगे-उल्टा पानी भ्रमण के दौरान शिवराज सिंह ने स्व.सहायता समूह की महिलाओं से भी मुलाकात की इस पर उन्होंने कहा कि महिलाएं मेहनत कर आजीविका चला रही हैं हम लखपति दीदी बना रहे हैं अभी अभियान चल रहा है किसी के आंखों में आंसू ना हो किसी को हाथ फैलाना ना पड़े छत्तीसगढ़ में महतारी वंदन योजना तो चल रही है लखपति दीदी अभियान भी चलाएंगे।

छत्तीसगढ़ के गरीबों को मिलेंगे और मकान-केंद्रीय मंत्री ने पत्रकारों से चर्चा में मोर आवास मोर अधिकार को लेकर कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने चुनाव के वादा पूरा करते हुए मोर आवास मोर अधिकार 2018 की सूची में शामिल सबको मकान मिल गया है आने वाले समय में सर्वे कर और पात्र निकलेंगे छत्तीसगढ़ के गरीब भाई.बहनों को और मकान दिए जाएंगे।

**छत्तीसगढ़ में उन्नत खेती की अनंत संभावनाएं**

कृषि मंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में उन्नत खेती में अनंत संभावना है यहां फसलों का उत्पादन और बढ़े कौन से फसल उपयोगी हो सके वैज्ञानिकों के टीम को यहां काम दिया जाएगा मैदानी इलाकों के मुकाबले पैदावार कम है उसे कैसे बढ़ाए उस पर भी हम काम करेंगे।

**पार्टी ने जो काम दिया वहीं करेंगे शिवराज**

कृषि मंत्री के तौर पर मिली जिम्मेदारी को लेकर शिवराज सिंह ने कहा कि मेरी जिम्मेदारी कृषि मंत्री और ग्रामीण विकास मंत्री के रूप में है मेरा सौभाग्य की प्रधानमंत्री के साथ काम करने का अवसर मिला है इसी जिम्मेदारी में प्रसन्न हूं पार्टी ने जो काम दिया है वही करेंगे।

**अमित शाह का...**

सज्जा तक सभी तैयारियां पूरी कर ली गई थीं। प्रशासन और पार्टी कार्यकर्ता कई दिनों से इस आयोजन को लेकर सक्रिय थे, लेकिन दौरा रद्द होने की पुष्टि से कार्यक्रम का स्वरूप बदल गया है।

**शिविर का दूसरा दिन योगाभ्यास से शुरू**

तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का दूसरा दिन मंगलवार को योगाभ्यास से शुरू हुआ। इस सत्र में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, भाजपा के राष्ट्रीय सह-संगठन महामंत्री शिव प्रकाश, प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, समेत सभी मंत्री, सांसद और विधायक शामिल हुए।

योग प्रशिक्षकों ने फेफड़ों को स्वस्थ रखने और तनाव प्रबंधन के लिए विभिन्न आसन और प्राणायाम कराए। नेताओं ने पूरे समर्पण के साथ योग मुद्राओं का पालन किया।

समापन सत्र में बीएल संतोष और शिव प्रकाश रहेंगे मौजूद

अब बुधवार को होने वाले समापन सत्र में भाजपा के राष्ट्रीय संगठन मंत्री बीएल संतोष और राष्ट्रीय महामंत्री शिव प्रकाश प्रशिक्षण देंगे। वे पार्टी के मूल विचार, रणनीति और प्रधानमंत्री मोदी के पंच प्रण जैसे विषयों पर मार्गदर्शन देंगे।

**राहुल के नेतृत्व में ...**

लिखा है कि, कल है संपूर्ण बिहार बंद! इंडिया गठबंधन द्वारा आहूत संपूर्ण बिहार बंद! बिहार के गरीबों, दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों एवं दिव्यांगजनों के मताधिकार पर मतदाता पुनरीक्षण के नाम पर कुठाराघात करने के भाजपा के षड्यंत्र के विरुद्ध और ट्रेड यूनियन के हड़ताल के समर्थन में कल रहेगा चक्का जाम! मतलब सब कुछ जाम! भारतीय लोकतंत्र चुनाव आयोग के अधिकारियों की मनमानी, अंधभक्ति और चाटुकारिता के अनुसार नहीं चलेगा!

**राज्यभर में सुरक्षा व्यवस्था सख्त की गई**

बिहार बंद के मद्देनज़र प्रशासन ने राज्यभर में सुरक्षा व्यवस्था सख्त कर दी है। खासकर पटना समेत संवेदनशील जिलों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जा रही है, ताकि किसी भी तरह की अराजकता या टकराव को रोका जा सके।

**भंसाली, पांडे और तिवारी के ...**

10 कार्टून जब्त की गईं, जबकि डिजायर कार से मेकडावेल ब्रांड की 10 कार्टून शराब बरामद हुई। दोनों गाड़ियों में शराब को खाकी रंग के कार्टून में काले प्लास्टिक झिल्ली से सील किया गया था।

इसके अलावा आरोपियों से पांच मोबाइल फोन (एपल, सेमसंग व विवो कंपनियों के) भी जब्त किए गए हैं। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि यह शराब वे मध्यप्रदेश के लांजी से रायपुर लेकर आए थे। पुलिस ने सभी माल को जब्त करते हुए धारा 34(2), 36 छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है और विवेचना में जुटी हुई है।

**छत्तीसगढ़ में मराठी भाषा को ...**

अल्पसंख्यक दर्जे का निर्धारण राज्य स्तर पर होना चाहिए, न कि पूरे देश के संदर्भ में। कई राज्यों में भाषाई आधार पर अल्पसंख्यक दर्जा देने की जानकारी दी गई।

याचिका में बताया गया कि कर्नाटक ने उर्दू, मराठी, हिंदी और तुलु को राज्य में अल्पसंख्यक भाषा के रूप में अधिसूचित किया है। तमिलनाडु ने तेलुगु, कन्नड़, मलयालम उर्दू को राज्य में अल्पसंख्यक भाषा घोषित किया है। इसके अलावा मध्य प्रदेश ने भी उर्दू, मराठी और सिंधी को अल्पसंख्यक भाषा घोषित किया है। वहीं महाराष्ट्र में यहूदियों को अल्पसंख्यक समुदाय के रूप में अधिसूचित करने की भी जानकारी दी गई। मामले में सभी पक्षों को सुनने के बाद हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने याचिकाकर्ता के अभ्यावेदन पर विचार कर राज्य सरकार को तीन माह के भीतर निर्णय लेने कहा है।

## जनदर्शन में 23 लोगों ने दिया आवेदन कलेक्टर ने सुनी सभी की फरियाद



**गौरेला पेण्ड्रा मरवाही**, (देशबन्धु )साप्ताहिक कलेक्टर जनदर्शन में अपनी मांगों एवं समस्याओं को लेकर 23 लोगों ने आवेदन प्रस्तुत किया। जनदर्शन में आए लोगों ने कतारबद्ध होकर बारी-बारी से कलेक्टर से मिलकर अपनी समस्याओं-मांगों से अवगत कराया। कलेक्टर श्रीमती लीना कमलेश मंडावी ने एक-एक कर सभी की फरियाद सुनी और उनके आवेदनों का अवलोकन किया। उन्होंने शिकायत से संबंधित आवेदनों की जांच कराने और मांगों से संबंधित आवेदनों को संबंधित विभाग को भेजकर नियम प्रक्रिया का पालन कराते हुए कार्रवाई हेतु अग्रेषित किया।

जनदर्शन में कलेक्टर ने आवेदकों को राजस्व से संबंधित प्रकरणों के निराकरण के लिए आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने, विवादित मामलों में प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई करने तथा न्यायालयीन प्रकरण जिनकी सुनवाई कलेक्टर न्यायालय में पूर्व में हो चुका है, को अपील करने कहा। उन्होंने घरेलू विवाद के मामले में आपसी समझौता कराने सलाह दी। जनदर्शन में आर्थिक सहायता, पारिश्रमिक भुगतान, मुआवजा, अतिक्रमण हटाने, आवास का किश्त दिलाने, पदस्थापना, नियुक्ति आदि से संबंधित आवेदन शामिल हैं।

## निधन

### द्वारिका प्रसाद शर्मा



**बिलासपुर**, (देशबंधु)। सेवानिवृत खाद्य अधिकारी और पूर्व पार्षद राजा शर्मा के पिता द्वारिका प्रसाद शर्मा ( बदरा वाले) का निधन 8 जुलाई को हो गया है उनका अंतिम संस्कार 09 जुलाई को दोपहर 12 बजे भारतीयनगर मुक्तिधाम में किया जाएगा द्य वे समीर शर्मा,राजा शर्मा,सुमित शर्मा के पिता संतोष शर्मा भाई, धर्मेश शर्मा,प्रशांत शर्मा,अमित शर्मा, अजित शर्मा के चाचा थे।

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, RAMESH CHANDRA SHARMA S/O GOKUL PRASAD SHARMA resident of RAVI DAS CHOWK WARD NO.17, SHARMA NIWAS, JANJGIR DT. JANJGIR CHAMPA (C.G.) have changed my old name RAMESH CHANDRA SHARMA S/O GOKUL PRASAD SHARMA so in future I should be recognized by my new name that is RAMESH KUMAR SHARMA S/O GOKUL PRASAD SHARMA in all Government and other documents.

**RAMESH KUMAR SHARMA**
RAVI DAS CHOWK WARD NO.17, SHARMA NIWAS, JANJGIR DT. JANJGIR CHAMPA (C.G.)

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, SANDEEP KUMAR GUPTA S/O ROSHANLAL GUPTA resident of HOUSE NO. 785, WARD NO. 05, LAXMIPUR ROAD NEAR CARMEL SCHOOL, RAIGARH (C.G.) 496001 have changed my old name SANDEEP KUMAR GUPTA S/O ROSHANLAL GUPTA so in future I should be recognized by my new name that is SANDEEP AGRAWAL S/O ROSHANLAL GUPTA in all Government and other documents.

**SANDEEP AGRAWAL**
HOUSE NO. 785, WARD NO. 05, LAXMIPUR ROAD NEAR CARMEL SCHOOL, RAIGARH (C.G.) 496001

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं भरत लाल कैवर्त (BHART LAL KAIWART) पिता सेवक राम निषाद मेरे पुत्री का पुराना नाम आकांक्षा (AKANKSHA) पिता भरत लाल कैवर्त (BHART LAL KAIWART) को बदल कर नया नाम गीतांजली कैवर्त (GITANJALI KAIWART) पिता भरत लाल कैवर्त (BHART LAL KAIWART) निवासी कोनी, बिलासपुर (छ.ग.) 495551 रख लिया हूं। अतः अब मुझे भविष्य में समस्त शासकीय अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में नया नाम गीतांजली कैवर्त (GITANJALI KAIWART) पिता भरत लाल कैवर्त (BHART LAL KAIWART) नाम से जाना एवं पहचाना जाय।

**भरत लाल कैवर्त**
**(BHART LAL KAIWART)**
कोनी, बिलासपुर (छ.ग.)
495551

**न्यायालय तहसीलदार सकरी, जिला बिलासपुर**
**// ईश्तहार //**

अ-6-अ ग्राम घुरू 2024-2025

एतद् द्वारा आम जनता ग्राम घुरू प.ह.नं. 61, तहसील सकरी जिला बिलासपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदिका कल्पना साहू पति चंदभान साहू निवासी जरहाभाठा बिलासपुर छ.ग. के द्वारा ग्राम घुरू स्थित भूमि ख.नं. 321/36 रकबा 1330 वर्गफीट स्थित है। उक्त भूमि क्रय के द्वारा प्राप्त भूमि है। वर्तमान राजस्व अभिलेख में अनावेदक ईस्माईल हुसैन पिता सैययद हुसैन के नाम पर दर्ज दिखा रहा है, जो कि त्रुटिपूर्ण है। अभिलेख सुधार करने हेतु धारा 115 के अन्तर्गत अनुविभागीय अधिकारी रा. तखतपुर में आवेदन पेश किया है। जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। इस ईश्तहार के माध्यम से दावा आपत्ति आमंत्रित किया जाता है।

इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति दावा दिनांक 16/07/2025 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। इसके बाद में आने वाले आपत्ति दावों पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 07/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

सील
तहसीलदार
सकरी

**NAME CHANGE**

I, ANIL KUMAR YADAV S/O: NANDLAL YADAV , R/O- 1298, midil school, gali, jamni pali, nagoikhar, darri, korba, Chhatisgarh-495450, have changed the name of my minor daughter KU.SHAKSHI aged 16 years and She shall hereafter be known as SAKSHI YADAV.

**NAME CHANGE**

I hither to known as PAPPU DAS S/O: SUKRIT DAS, R/O- 104, Bhariya para, ward -51, latakhar, Darri, PO:- Jannipal, DIST:- Korba, Chhattisgarh-495450, have changed my name and shall hereafter be known as Balak Das.

**बॉम्बे सिटी सिविल कोर्ट गोरेगांव**
**बोरीवली डिवीजन डिन्डोशी गोरेगांव**
**वाणिज्यिक वाद सं. 889/2023**

आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
इसके अधिकृत
प्रतिनिधि स्वरा हिर्लेकर,
आयु 31 वर्ष, के माध्यम से,
एक बैंकिंग कम्पनी, जो कम्पनी
अधिनियम, 1956 और
बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1946
के तहत निगमित है,
जिसका पंजीकृत कार्यालय
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड,
निकट चकली सर्किल, ओल्ड पाद्रा
रोड, वडोदरा-390 097, गुजरात में
और कार्पोरेट कार्यालय
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, लेवल 5, 74, टेक्नो
पार्क, सीप्ज़ के सामने, गेट नंबर 2,
सीप्ज़, एमआईडीसी अंधेरी (ईस्ट),
मुंबई-400 093 में स्थित है,
............वादी
विरूद्ध
रमेश एस. कश्यप
भारतीय निवासी, वयस्क, आयु......
वर्ष, निवास
पता फ्लैट नंबर 204 बी
धर्मस्मृति बिल्डिंग
द्वितीय तल, 204, गांवदेवी
देवीचा पाड़ा मारूति मंदिर
डोम्बीवली वेस्ट, थाने-421202
वैकल्पिक पता :
सेर्निटी ट्रेडर्स प्राइवेट लिमिटेड,
सेर्निटी ट्रेडर्स प्राइवेट लिमिटेड,
शॉप नंबर 12, जाओराज सोसायटी
चिटरोड नगर कल्याण
थाने-421301
अन्य पता :
आरएम नंबर 110, ग्राम पोस्ट
चित्रकोट विकास खंड लुंडी
गुरा, बस्तर-494221
.............प्रतिवादी

ध्यान दें कि, यह माननीय न्यायालय तत्रभवान न्यायाधीश एच.एच.जे श्री ए.आर. काम्बले पीठाधिकारी, न्यायालय कक्ष सं. 05 के समक्ष 06-08-2025 को पूर्वा. 11 बजे उपरोक्त नामक वादी द्वारा निम्नलिखित राहतों हेतु संचालित किया जाएगा :- अतएव वादी याचना करता है :-

(ए) कि प्रतिवादी को आदेश दिया जाए और डिक्री दी जाए कि वह वादी को 3,36,392.00/- (रुपये तीन लाख छत्तीस हजार तीन सौ बानवे मात्र) की राशि क्रेडिट सुविधा आवेदन पत्र दिनांक 15-05-2017 और सर्वाधिक महत्वपूर्ण जानकारी तथा नियम एवं शर्तें दिनांकित 15-05-2017 के तहत (प्रदर्श 'ई (कॉली)' एतद्सह संलग्न) प्रदर्श 'जे' के दावा विवरण के अनुसार भुगतान करे, साथ ही उस पर वाद प्रस्तुत करने की तिथि से भुगतान तथा/अथवा वसूली तक मासिक अंतरालों पर 06-08-2022 को 14.19% प्रति वर्ष की दर से अतिरिक्त ब्याज भी दिया जाए;

(बी) इस वाद की लागतें ;

दिनांकित 24 जून, 2025

कृते रजिस्ट्रार
सिटी सिविल कोर्ट,
डिन्डाशी

**आम सूचना**

मौजा तालापारा प.ह.नं. 39, रा.नि.मं. बिलासपुर तहसील बिलासपुर जिला बिलासपुर छ.ग. अंतर्गत नगर पालिक निगम बिलासपुर क्षेत्रांतर्गत स्थित परिवर्तित भूमि खसरा नं. 70 में से (नया खसरा नं. 70/10) क्षेत्रफल 1800 वर्गफुट भूमि स्थित है। जिसे राजेंद्र अग्रवाल पिता स्व. गणेशराम अग्रवाल निवासी बेलगहना, तहसील कोटा, जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा श्री प्रदीप महाजन पिता स्व. श्री झामलाल महाजन निवासी टिकरापारा, बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. वाले के पक्ष में विक्रय पत्र दिनांक 22/10/1999, ग्रंथ क्रमांक 9434, पंजीयन क्रमांक 3486 पंजीयन कार्यालय बिलासपुर छ.ग. के माध्यम से विक्रय किया गया था। प्रदीप महाजन द्वारा उक्त भूमि को श्री शैलेन्द्र खम्परिया पिता श्री कृष्ण कुमार के पक्ष में विक्रय किया गया है। वर्तमान में उक्त भूमि पर श्री शैलेन्द्र खम्परिया पिता श्री कृष्ण कुमार का मालिकाना हक व कब्जा है। उक्त विक्रय पत्र श्री शैलेन्द्र खम्परिया से कहीं गुम हो गया है। श्री शैलेन्द्र खम्परिया द्वारा उक्त भूमि को विक्रय करने हेतु श्रीमती ममता अग्रवाल पति श्री पंकज अग्रवाल निवासी मकान नं. सी-102 श्रीकांत वर्मा मार्ग वैशाली नगर उषा हाईट्स बिलासपुर छ.ग. वाले के पक्ष में इकरारनामा निष्पादित किया गया है, श्रीमती ममता अग्रवाल द्वारा उक्त भूमि को क्रय करने हेतु छ.ग. राज्य ग्रामीण बैंक शाखा मंगला से ऋण लिये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूमि के संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, निगम, निकाय, वित्तीय संस्थान, बैंक समिति को कोई आपत्ति हो तो अविलंब दस्तावेजों के साथ मेरे कार्यालय में एक सप्ताह के भीतर प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति अमान्य होगा।

सो सूचना जानें।

भवदीय
M.L.YADAV
Advocat
MIG-2/14, Narmada Nagar
Bilaspur (C,G,)
Mob. 9300325314

**न्यायालय जिला विवाह अधिकारी , जिला-मोहला-मानपुर-अं. चौकी ( छ.ग. )**
**सार्वजनिक सूचना**
**( नियम-6 देखिये )**

सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि आवेदक महेन्द्र कुमार पिता श्री सेवा राम सिन्हा जाति कलार आयु 29 वर्ष निवासी ग्राम धानापायली थाना व तहसील अं. चौकी जिला मोहला-मानपुर-अं. चौकी छ.ग. एवं आवेदिका प्रज्ञा सेन पिता चेतन सेन, जाति नाई आयु 28 वर्ष निवासी ग्राम चांपा तहसील व थाना चांपा, जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.) के द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 क्रमांक-04 1954 अध्याय 2 के अधीन अपने विवाह के लिए आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया है।

प्रस्तावित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में पेशी दिनांक 01.08.2025 तक 11 बजे के पूर्व अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी तथा वह शून्य माना जावेगा।

आज दिनांक 01.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित जारी।

आगामी तिथि 01.08.2025

मुहर
अपर कलेक्टर
एवं जिला विवाह अधिकारी
जिला-मोहला-मानपुर-अं. चौकी

**न्यायालय नजूल अधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**

राजस्व प्रकरण क्रमांक 234 / अ-20 (1)/2024-2025

पक्षकार-श्यामलाल लहरे एवं 1 अन्य... आवेदक

विरूद्ध

छत्तीसगढ़ शासन ................ अनावेदक

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्यामलाल लहरे एवं 1 अन्य पिता महादेवा लहरे निवासी मगरपारा बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा स्वतः/ अधिवक्ता के माध्यम से नगर पालिक निगम बिलासपुर के मोहल्ला मगरपारा शीट नंबर 24 प्लाट नंबर 15/5 रकबा 457 वर्गफीट भूमि को स्थायी पट्टे पर आवासीय/ व्यवसायिक उपयोग हेतु उसके तुकाराम नागदौने नाम से स्वीकृत है। जिसका पट्टा समाप्ति की तिथि 01/04/2023 के लिये आवेदक अगले 30 वर्षों के लिये उपरोक्त भूमि का नवीनीकरण के लिये आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। आवेदक की स्थायी पट्टे की लीज नवीनीकरण हेतु प्रस्तावित है।

अतः इस संबंध में किसी भी व्यक्ति/ संस्था को उक्त भूमि के नवीनीकरण किये जाने में कोई आपत्ति हो तो वे अपना आपत्ति दिनांक 17/07/2025 को स्वतः/ अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में शाम 5.30 बजे तक उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। इसके पश्चात् तिथि/ समय में आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा एवं आवेदक की स्थायी पट्टे पर विचाराधीन भूमि के नवीनीकरण की कार्यवाही कर ली जायेगी। उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति विचारणीय नहीं होगा।

आज दिनांक 03/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

सील
नजूल अधिकारी
बिलासपुर (छ.ग.)

**न्यायालय नजूल अधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**

राजस्व प्रकरण क्रमांक 235 / अ-20 (1)/2024-2025

पक्षकार - फिरोज खान ........... आवेदक

विरूद्ध

छत्तीसगढ़ शासन ................ अनावेदक

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक फिरोज खान पिता हबीब उल्ला खान निवासी जूनीलाईन बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा स्वतः/ अधिवक्ता के माध्यम से नगर पालिक निगम बिलासपुर के मोहल्ला मगरपारा शीट नंबर 24 प्लाट नंबर 15/7 रकबा 567 वर्गफीट भूमि को स्थायी पट्टे पर आवासीय/ व्यवसायिक उपयोग हेतु उसके तुकाराम नागदौने नाम से स्वीकृत है। जिसका पट्टा समाप्ति की तिथि 31/03/1996 के लिये आवेदक अगले 30 वर्षों के लिये उपरोक्त भूमि का नवीनीकरण के लिये आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। आवेदक की स्थायी पट्टे की लीज नवीनीकरण हेतु प्रस्तावित है।

अतः इस संबंध में किसी भी व्यक्ति/ संस्था को उक्त भूमि के नवीनीकरण किये जाने में कोई आपत्ति हो तो वे अपना आपत्ति दिनांक 17/07/2025 को स्वतः/ अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में शाम 5.30 बजे तक उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। इसके पश्चात् तिथि/ समय में आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा एवं आवेदक की स्थायी पट्टे पर विचाराधीन भूमि के नवीनीकरण की कार्यवाही कर ली जायेगी। उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति विचारणीय नहीं होगा।

आज दिनांक 03/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

सील
नजूल अधिकारी
बिलासपुर (छ.ग.)

**न्यायालय नजूल अधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**

राजस्व प्रकरण क्रमांक 236 / अ-20 (1)/2024-2025

पक्षकार - मोहम्मद इश्तिहाक एवं 2 अन्य ............... आवेदक

विरूद्ध

छत्तीसगढ़ शासन ................ अनावेदक

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मो. इश्तियाक एवं 2 अन्य पिता मोहम्मद इस्तहाक निवासी मगरपारा बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा स्वतः/ अधिवक्ता के माध्यम से नगर पालिक निगम बिलासपुर के मोहल्ला मगरपारा शीट नंबर 24 प्लाट नंबर 15/6 रकबा 800 वर्गफीट भूमि को स्थायी पट्टे पर आवासीय/ व्यवसायिक उपयोग हेतु उसके तुकाराम नागदौने नाम से स्वीकृत है। जिसका पट्टा समाप्ति की तिथि 01/04/2023 के लिये आवेदक अगले 30 वर्षों के लिये उपरोक्त भूमि का नवीनीकरण के लिये आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। आवेदक की स्थायी पट्टे की लीज नवीनीकरण हेतु प्रस्तावित है।

अतः इस संबंध में किसी भी व्यक्ति/ संस्था को उक्त भूमि के नवीनीकरण किये जाने में कोई आपत्ति हो तो वे अपना आपत्ति दिनांक 17/07/2025 को स्वतः/ अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में शाम 5.30 बजे तक उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। इसके पश्चात् तिथि/ समय में आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा एवं आवेदक की स्थायी पट्टे पर विचाराधीन भूमि के नवीनीकरण की कार्यवाही कर ली जायेगी। उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति विचारणीय नहीं होगा।

आज दिनांक 03/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

सील
नजूल अधिकारी
बिलासपुर (छ.ग.)

**संस्कृति मंत्रालय**
**भारत सरकार**
**निविदा सूचना**

कार्य के दायरे में निर्दिष्ट अन्य कार्यों के साथ-साथ उपयोगकर्ता के अनुकूल डिजिटल रिपोजिटरी और वेब-कम-मोबाइल एप्लिकेशन के साथ डिजिटल डेटा भंडारण के लिए व्यापक समाधान के लिए आरएफपी।
निविदा दस्तावेज संस्कृति मंत्रालय की आधिकारिक वेबसाइट: **indiaculture.gov.in** और केंद्रीय सार्वजनिक खरीद पोर्टल: **eprocure.gov.in/eprocure/app** से डाउनलोड किए जा सकते हैं।
बोली जमा करने की अंतिम तिथि 28 जुलाई 2025 है।

**CBC09101/11/0009/2526**

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं उपवनमंडलाधिकारी लोरमी, उपवनमण्डल लोरमी, जिला-मुंगेली (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वनमंडल मुंगेली के वनपरिक्षेत्र लोरमी अंतर्गत चंदूपारा परिसर के पक्ष क्र. 1525 PF में अवैध रूप से रेत उत्खनन कर भंडारित किया गया था। जिसे परिसर रक्षक चंदूपारा द्वारा अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध वन अपराध प्रकरण कायम कर प्रकरण की विवेचना परिक्षेत्र सहायक लोरमी पश्चिम के द्वारा करते हुए प्रकरण प्रस्तुत किया गया है।
1. जप्त शुदा संपत्ति का विवरण लगभग 138 घ.मी.रेत
2. अभियुक्त का नाम एवं पता- अज्ञात
3. वनअपराध प्रकरण क्र. एवं दिनांक 15087/07 दिनांक 18.01.2024

उपरोक्तानुसार वन अपराध प्रकरण में जप्त शुदा संपत्ति को अग्रिम कार्यवाही किये जाने हेतु इस कार्यालय में विचाराधीन है। इस सूचना के माध्यम से अंतिम अवसर प्रदाय करते हुए सूचित किया जाता है कि उक्त जप्त संपत्ति के संबंध में किसी भी व्यक्ति या संस्था को अपना पक्ष रखना हो या आपत्ति प्रकट करनी है तो वे समाचार प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के भीतर इस कार्यालय में कार्यालयीन समय एवं दिवस में उपस्थित होकर अपना पक्ष या आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं अथवा लिखित प्रतिवेदन दे सकते हैं। इसके पश्चात् प्राप्त दावा या आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

जी- 25260206०/2
प्राधिकृत अधिकारी
एवं उपवनमण्डलाधिकारी, लोरमी

# देश

## उवाच

"हमें बिहार में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण से कोई समस्या नहीं है, लेकिन इसकी टाइमिंग गलत है। इतने कम समय में चुनाव आयोग की इस प्रक्रिया में बहुत वोटर छूट जाएंगे, जो बिहार के बाहर रहते हैं, वे वोट नहीं दे पाएंगे।

–असदुद्दीन ओवैसी, एआईएमआईएम प्रमुख



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 36` | 28` |
| मुंबई | 3` | 26` |
| कोलकाता | 27` | 26` |
| चेन्नई | 3` | 28` |

# चंद्रशेखर की स्मृति में व्याख्यान श्रंखला व फेलोशिप होगी शुरू : जगदीप धनखड़

- उपराष्ट्रपति ने पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर की पुण्यतिथि पर की श्रद्धांजलि अर्पित
- चंद्रशेखर को बताया भारत माता के महानतम सपूतों में से एक



लोकतांत्रिक मूल्यों के पक्षधर थे पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर : जगदीप धनखड़

**नई दिल्ली,** 8 जुलाई (एजेंसियां)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के संसद में 40 वर्ष से अधिक लंबे और अनुपम कार्यकाल की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के लिए राज्यसभा सचिवालय उनकी स्मृति में व्याख्यान श्रंखला और फेलोशिप शुरू करेगा। धनखड़ ने मंगलवार को यहां पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर की समाधि पर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने चंद्रशेखर को 'भारत माता के महानतम सपूतों में से एक' बताते हुए कहा कि उन्होंने लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए कार्य किया और 'युवा तुर्क' के रूप में अंतर दलिय लोकतंत्र सुनिश्चित करने के लिए अपनी अलग पहचान बनाई। उप राष्ट्रपति ने कहा कि वो निर्भीक राजनेता थे। एक ऐसे राजनेता जो सच्चे मायनों में राजनेता जैसे कार्य करते थे। जब बात भारत की राष्ट्रीयता की आती थी, तो उन्होंने कभी भी अपनी व्यक्तिगत स्वतंत्रता या आराम की परवाह नहीं की। उन्होंने हमें हमेशा गर्वित किया। वो भारत की एकता के प्रतीक थे। वो हमेशा विभाजनकारी ताकतों के खिलाफ खड़े रहे। वे हमारे लिए एक मज़बूत स्तंभ थे।

### चंद्रशेखर के राजनीतिक जीवन को किया याद

उपराष्ट्रपति ने चंद्रशेखर के राजनीतिक जीवन को याद करते हुए कहा कि उनका राजनीतिक जीवन अद्वितीय और अनुपम रहा है। वह 1962 से 1977 तक 15 वर्ष राज्यसभा के सदस्य रहे और इसके बाद 2007 में निधन तक, एक बार को छोड़कर, लगातार लोकसभा के सदस्य रहे। उन्होंने कहा कि भारत की एकता के लिए 'पदयात्रा' का समय चंद्रशेखर के जीवन का सबसे महत्वपूर्ण काल रहा। उप राष्ट्रपति ने चंद्रशेखर की स्मृति में व्याख्यान श्रंखला शुरू करने की घोषणा करते हुए कहा, मुझे लोकसभा में उनके साथ सदस्य रहने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। ऐसे महान भारत पुत्र जो हमारी सभ्यतागत परंपराओं से निकली मूल्यों के प्रतीक थे उनकी स्मृति में व्याख्यान श्रंखला प्रारंभ करना सबसे उपयुक्त और सार्थक कार्य होगा। उन्होंने कहा कि राज्यसभा सचिवालय इस दिशा में कदम उठाएगा।

राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने चंद्रशेखर के साथ कार्य किया है और उन्हें निकटता से जाना है। ऐसे में उनके नेतृत्व में इस व्याख्यान श्रंखला के लिए समिति का गठन सबसे उचित होगा। उन्होंने कहा कि मैंने यह निर्णय बहुत सोच-समझकर लिया है और उन सभी सदस्यों से परामर्श किया है, जो चंद्रशेखर जी को निकट से जानते थे। सभी इस पर सहमत थे। हरिवंश जी इस दिशा में सभी आवश्यक कदम उठाएंगे। उप राष्ट्रपति ने कहा कि हरिवंश उचित सुझाव देंगे ताकि हम उनकी स्मृति में एक फेलोशिप भी आरंभ करें। यह एकमुश्त फेलोशिप होगी, ताकि उनकी गतिविधियों और कार्यों का संकलन किया जा सके, और उसे पुस्तक के रूप में प्रकाशित किया जा सके। यह भी उसी समिति द्वारा समन्वित किया जाएगा जो व्याख्यान श्रंखला का संचालन करेगी।

### उपराष्ट्रपति ने पुराने दिनों को किया याद

लोकसभा में चंद्रशेखर के साथ कार्य करने के अनुभव को साझा करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि यह समय है कि हमारे युवा 'यंग तुर्क' के बारे में जानें, उस नेता के बारे में जानें जो लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए लड़ने वाले थे। आपातकाल के समय जब वे सत्तारूढ़ दल के वरिष्ठ नेता थे, उन्हें जेल में डाला गया था। चंद्रशेखर ने कभी भी राष्ट्र के लिए कोई समझौता नहीं किया। वह सबसे कठिन समय में प्रधानमंत्री बने। मैं कई अनमोल क्षण साझा करता हूं। मैं बहुत कनिष्ठ था लेकिन मैंने उनकी रीढ़ की मजबूती को देखा जब उन्हें लगा कि उनके मूल्य समझौते की ओर जा रहे हैं उन्होंने एक पल की भी देरी नहीं की। उन्होंने प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। जो पुस्तक प्रकाशित होगी, उसमें मैं अपने व्यक्तिगत विचार भी साझा करूंगा कि कैसे उन दिनों के प्रभावशाली लोगों ने उन्हें लोकसभा में इस्तीफा देने से रोकने की गंभीर कोशिश की। मैं स्वयं उस दिन लोकसभा में बैठा था जब नेता जी ने सीधे राष्ट्रपति भवन जाकर अपना त्यागपत्र सौंप दिया। उप राष्ट्रपति ने कहा कि मौजदा परिस्थितियों में चंद्रशेखर के मूल्य और आदर्शों की देश को सबसे अधिक आवश्यकता है।

# बंगाल में एनआरसी थोप रही असम सरकार : ममता

**कोलकाता,** 8 जुलाई (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली असम सरकार पर पश्चिम बंगाल में राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) लागू करने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। उन्होंने इसे एक 'सुनियोजित राजनीतिक साजिश' करार दिया है। मुख्यमंत्री ने स्थिति को चिंताजनक बताते हुए सभी विपक्षी दलों से भाजपा की अलोकतांत्रिक, विभाजनकारी एवं दमनकारी नीति के खिलाफ एकजुट होने का आह्वान किया है। यह विवाद पहली बार सोमवार को उस समय सामने आया जब तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा सांसद तथा प्रवासी श्रमिक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष समीरुल इस्लाम ने सोशल मीडिया पर इस मुद्दे को उठाया। इस्लाम ने आरोप लगाया कि कूचबिहार के दिनहाटा निवासी उत्तम कुमार ब्रजबासी को असम सरकार का एनआरसी नोटिस प्राप्त हुआ। इस्लाम ने जो दस्तावेज साझा किया उससे पता चलता है कि उस व्यक्ति का नाम 1966 से ही मतदाता सूची में है। उन्होंने सवाल किया कि जिस व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में 50 वर्ष से अधिक समय से है तो उसे एनआरसी प्रोटोकॉल के अंतर्गत अब कैसे निशाना बनाया जा सकता है। बनर्जी ने पोस्ट में कूचबिहार राजवंशी समुदाय के सदस्य उत्तम कुमार के खिलाफ हो रही प्रताड़ना पर चिंता व्यक्त की।



# मध्य प्रदेश में झूठे मुकदमों के खिलाफ कांग्रेस लड़ने को तैयार : उमंग सिंघार



- नेता प्रतिपक्ष राज्य की स्थिति को लेकर उठाए सवाल

**गुना,** 8 जुलाई (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा है कि कांग्रेस राज्य में झूठ के खिलाफ लड़ाई लड़ने के लिए तैयार है। उन्होंने यह बात कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी के खिलाफ अशोकनगर के मुंगावली थाने में दर्ज प्रकरण के बारे में कही। कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता इस प्रकरण के खिलाफ सड़क पर उतरे है। अशोकनगर जाते वक्त नेता प्रतिपक्ष सिंघार ने कहा कि यह अन्याय के खिलाफ लड़ाई है, जब जब हमारा कार्यकर्ता अन्याय के खिलाफ आवाज उठाता है, तब भाजपा सत्ता का दुरुपयोग करती है और झूठे मामले दर्ज कर दिए जाते हैं।

कांग्रेस की यह अन्याय के खिलाफ लड़ाई है। नेता प्रतिपक्ष सिंघार ने राज्य की स्थिति को लेकर सवाल उठाए और कहा कि मुख्यमंत्री मोहन यादव प्रदेश के अंदर लोकतंत्र से जीतकर सरकार बनाएं और लोकतांत्रिक व्यवस्था के हिसाब से रहें। अगर झूठे मुकदमे दर्ज कर इस प्रकार से लड़ना है तो कांग्रेस पार्टी लड़ाई के लिए तैयार है। दरअसल अशोकनगर जिले में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी पर एक प्रकरण दर्ज किया गया है। उन पर आरोप है कि उन्होंने एक व्यक्ति को बरगलाया और उससे झूठा बयान दिलाया। इस बयान में कहा गया था कि पीड़ित को मानव मल खिलाया गया और उसकी शिकायत पर प्रशासन की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई। लेकिन, बाद में वही व्यक्ति पुलिस के पास पहुंचा और उसने शपथ पत्र देकर कहा कि पटवारी ने उससे प्रलोभन देकर यह बयान दिलाया है।

पुलिस द्वारा दर्ज किए गए प्रकरण के खिलाफ कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष पटवारी अन्य नेताओं के साथ गिरफ्तारी दे रहे है। कांग्रेस के तमाम बड़े नेता अशोकनगर पहुंचे हैं और वे पटवारी के खिलाफ दर्ज किए गए मामले पर सरकार को घेर रहे है। कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि राज्य में सरकार और प्रशासन के अधिकारी अपने अधिकारों का दुरुपयोग करने में लगे है।

## सार संक्षेप

### खरगे व राहुल ने राजशेखर रेड्डी को दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने वाईएसआर कांग्रेस प्रमुख जगन मोहन रेड्डी के पिता एवं आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री वाई एस राजशेखर रेड्डी को उनकी जयंती पर नमन करते हुए मंगलवार को श्रद्धांजलि अर्पित की। आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री वाई.एस.राजशेखर रेड्डी की जयंती पर हम उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। एक सच्चे दयालु नेता, जिन्होंने अपना पूरा जीवन राज्य की प्रगति और भलाई के लिए समर्पित कर दिया।

### डॉ. मोहन यादव ने की नड्डा से मुलाकात

**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव एवं भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने मंगलवार को पार्टी अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा समेत अन्य वरिष्ठ मंत्रियों से भेंट की। डॉ. यादव और खंडेलवाल ने नई दिल्ली में नड्डा से मुलाकात की। साथ ही डॉ. यादव एवं खंडेलवाल ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से भेंट कर विभिन्न विषयों पर चर्चा की। दोनों नेताओं ने सूचना एवं प्रसारण और संसदीय मामलों के राज्य मंत्री डॉ. एल मुरुगन से भी शिष्टाचार भेंट की। डॉ. यादव ने केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी से सौजन्य भेंट कर मध्यप्रदेश की प्रगति से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

### ट्रेन व वैन की भिड़ंत में तीन छात्रों की मौत

**चेन्नई।** तमिलनाडु के कुड्डालोर जिले में रेलवे क्रॉसिंग पर मंगलवार को एक स्कूल वैन को तेज रफ्तार पैसेंजर ट्रेन ने टक्कर मार दी जिससे तीन छात्रों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। इस बीच इस बाबत गेटकीपर को गिरफ्तार कर लिया गया है और दक्षिणी रेलवे के अधिकारियों ने उसे सेवा से बर्खास्त करने के लिए कदम उठाए हैं। दक्षिण रेलवे ने मंगलवार सुबह बताया कि कुड्डालोर जिले के अलापक्कम गांव में दुर्घटना उस समय हुई जब चार छात्रों को ले जा रही एक स्कूल वैन ने कुड्डालोर व अलापक्कम स्टेशनों के बीच रेलवे लेवल क्रॉसिंग गेट नंबर 17 को पार करने का प्रयास किया। यह ट्रेक पर आ रही ट्रेन नंबर 56813 विल्लुपुरम-मयिलादुथुराई पैसेंजर ट्रेन) से टकरा गई।

### मनसे नेता अविनाश जादव को पुलिस ने हिरासत में लिया

**मुंबई।** महाराष्ट्र में पुलिस ने भाषा विवाद को लेकर निर्धारित विरोध रैली से कुछ ही घंटे पहले महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना नेता एवं ठाणे-पालघर के जिलाध्यक्ष अविनाश जादव को मंगलवार तड़के तीन बजे हिरासत में ले लिया। गौरतलब है कि मनसे कार्यकर्ताओं ने मराठी में बात करने से इनकार करने पर एक व्यापारी पर कथित तौर पर हमला किया था।

# केरल में एक बार फिर निपाह के प्रकोप की आशंका

**कोच्चि,** 8 जुलाई (एजेंसियां)। दक्षिण भारत के केरल में निपाह के संभावित प्रकोप की आंशका जाहिर की गई है। यह वायरस जानवरों से मनुष्यों में और दूषित भोजन या सीधे मानव-से-मानव संपर्क के माध्यम से फैलता है। वायरस के लिए ऊष्मायन अवधि पांच से 14 दिनों तक होती है जिसके बाद लक्षण दिखाई देने लगते हैं। राष्ट्रीय संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम के सलाहकार डॉ. नरेश पुरोहित ने कहा कि निपाह वायरस में मृत्यु दर बहुत अधिक है जो मनुष्यों में 40 से 75 प्रतिशत तक है। हाल ही में मलप्पुरम के चेट्टियारंगडी की 18 वर्षीय लड़की की मौत की पुष्टि पुणे स्थित राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान (एनआईवी) ने निपाह संक्रमण के कारण हुई थी, जबकि पलक्कड़ जिले के थचनट्टुकारा की 38 वर्षीय महिला भी इस वायरस से संक्रमित पाई गई थी। केरल में वायरस के फिर से उभरने के मद्देनजर स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि राज्य में निपाह वायरस से संक्रमित दो व्यक्तियों की संपर्क सूची में 383 लोग हैं। इनमें से 12 का मलप्पुरम जिले में इलाज चल रहा है, जिनमें से पांच आईसीयू में हैं, जबकि चार अन्य का पलक्कड़ जिले में आइसोलेशन में इलाज चल रहा है।




## बिहार विधानसभा चुनाव से पहले नीतीश कैबिनेट का बड़ा फैसला

# मूल निवासी महिलाओं को नौकरी में 35 फीसदी आरक्षण

- मंत्रिपरिषद की बैठक में 43 प्रस्तावों पर लगी मुहर

**पटना,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को कैबिनेट की बैठक बुलाई थी। मंत्रिपरिषद की बैठक में कुल 43 प्रस्तावों पर मुहर लगी है। मंगलवार की कैबिनेट मीटिंग में सरकारी नौकरी में राज्य के बाहर की महिलाओं को आरक्षण नहीं देने का निर्णय लिया गया है। नीतीश कैबिनेट ने बड़ा फैसला लेते हुए बिहार के सभी सरकारी सेवाओं में सभी स्तर के एवं सभी प्रकार के पदों पर सीधी नियुक्ति में राज्य की मूल निवासी महिला अभ्यर्थियों को ही 35 फीसदी आरक्षण देने का निर्णय लिया गया है। इस तरह से सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। दरअसल, काफी दिनों से यह मांग उठ रही थी कि दूसरे राज्य के उम्मीदवारों को सरकारी नौकरी में आरक्षण का लाभ न दिया जाए। इसके बाद मंगलवार को सरकार ने निर्णय लिया है कि बिहार की महिलाओं को ही सरकारी नौकरी में 35 फीसदी आरक्षण का लाभ मिलेगा। मंगलवार की कैबिनेट बैठक में युवा आयोग के गठन की मंजूरी दी गई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बताया है कि बिहार के युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने, उन्हें प्रशिक्षित करने तथा सशक्त और सक्षम बनाने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने बिहार युवा आयोग के गठन का निर्णय लिया है।



बिहार में युवा आयोग का किया जाएगा गठन : नीतीश कुमार

मंगलवार को कैबिनेट द्वारा बिहार युवा आयोग के गठन की मंजूरी भी दे दी गई है। समाज में युवाओं की स्थिति में सुधार और उत्थान से संबंधित सभी मामलों पर सरकार को सलाह देने में इस आयोग की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। युवाओं को बेहतर शिक्षा और रोजगार सुनिश्चित करने के लिए सरकारी विभागों के साथ यह आयोग समन्वय भी करेगा। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है बिहार युवा आयोग में एक अध्यक्ष, दो उपाध्यक्ष और सात सदस्य होंगे, जिनकी अधिकतम उम्र सीमा 45 वर्ष होगी। यह आयोग इस बात की निगरानी करेगा कि राज्य के स्थानीय युवाओं को राज्य के भीतर निजी क्षेत्र के रोजगारों में प्राथमिकता मिले, साथ ही राज्य के बाहर अध्ययन करने वाले और काम करने वाले युवाओं के हितों की भी रक्षा हो।

### पथ निर्माण विभाग की 13 योजनाओं को मिली मंजूरी



बिहार में सड़क और पुलों के विकास के लिए पथ निर्माण विभाग ने बड़ा कदम उठाया है। राज्य कैबिनेट ने विभाग की 13 नई योजनाओं को मंजूरी दी है, जिन पर करीब 668 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इसके तहत राज्य के 11 जिलों में लगभग 110 किलोमीटर लंबी सड़कों का चौड़ीकरण और मजबूतीकरण किया जाएगा। इसके साथ ही कई जगह पुल और पहुंच पथ भी बनाए जाएंगे, जिससे यातायात सुगम और सुरक्षित होगा। पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विजन के मुताबिक राज्य के किसी भी हिस्से से राजधानी पटना तक अधिकतम साढ़े तीन घंटे में पहुंचने की योजना पर तेजी से काम हो रहा है। मंत्री ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताते हुए कहा कि इन परियोजनाओं से किसानों, व्यापारियों और आम लोगों को सीधा लाभ होगा क्योंकि बाजार और जरूरी सेवाओं तक पहुंच पहले से आसान हो जाएगी। नई परियोजनाओं में समस्तीपुर जिले में मोहिउद्दीननगर से चकला तक करीब सात किलोमीटर सड़क का काम होगा, जिस पर 32 करोड़ रुपए से ज्यादा खर्च आएगा। मधेपुरा में चांदनी चौक से पस्तपार तक करीब 11 किलोमीटर सड़क बनेगी। बेतिया में बगहा से सेमरा तक 14 किलोमीटर लंबी सड़क और पुल का निर्माण होगा, जिससे वहां के बाजार और गांवों को जोड़ने में मदद मिलेगी।

# कई प्रमुख मुद्दों पर सार्वजनिक बहस से बच रहे केसीआर व केटीआर : बालमूर वेंकट



- केसीआर की चुप्पी व विधानसभा से अनुपस्थिति पर उठाए सवाल

**हैदराबाद,** 8 जुलाई (एजेंसियां)। तेलंगाना कांग्रेस के विधायक बालमूर वेंकट ने भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) प्रमुख के चंद्रशेखर राव (केसीआर) और उनके बेटे के टी रामा राव (केटीआर) पर तीखा हमला करते हुए उन पर बानाकाचर्ला परियोजना में कथित अनियमितताओं सहित कई प्रमुख मुद्दों पर सार्वजनिक जवाबदेही और विधानसभा बहस से बचने का आरोप लगाया है। सीएलपी मीडिया हॉल में एक कार्यक्रम में वेंकट ने केसीआर की चुप्पी और विधानसभा से अनुपस्थिति पर सवाल उठाया। उन्होंने पूछा, अस्पताल में रहते हुए भी उनके पास चर्चा करने का समय था लेकिन अब वह विधानसभा में बोलने से क्यों डर रहे हैं। उन्होंने याद दिलाया कि मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने केसीआर को बानाकाचार्ला लिफ्ट सिंचाई परियोजना में कथित धोखाधड़ी पर सदन की बहस में शामिल होने की खुली चुनौती दी थी। वेंकट ने कहा अगर केसीआर वाकई चर्चा करना चाहते हैं तो उन्हें अध्यक्ष को लिखना चाहिए। उन्होंने बताया कि सत्ता में रहने के दौरान केसीआर तक पहुंचना संभव नहीं था और अब विपक्ष के नेता के तौर पर भी वे गायब हैं।

उन्होंने कहा फार्महाउस में खामोशी की चादर ओढ़कर सोना अपराध स्वीकार करने के अलावा और कुछ नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि केसीआर ने अपने 10 साल के शासन के दौरान तेलंगाना को धोखा दिया जबकि केटीआर विपक्षी नेता के रूप में जिम्मेदारी लेने के बजाय सोशल मीडिया पर आत्म-प्रचार में लगे हुए हैं।

### राजनीतिक शून्य को भरने की कोशिश कर रहे केटीआर

वेंकट ने केटीआर पर भी निशाना साधते हुए कहा कि वह अपने पिता की अनुपस्थिति से पैदा हुए राजनीतिक शून्य को भरने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आप तभी सामने आते हैं और बोलते हैं जब आपके पिता कुछ कहते हैं। अगर आपमें हिम्मत है तो अपने पिता से कहें कि वह विधानसभा में आएं और उन लोगों के लिए बोलें जिन्होंने उन्हें चुना है।

# बंगाल में जासूसी के आरोप में दो युवक गिरफ्तार

**कोलकाता,** 8 जुलाई (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने पूर्वी बर्धमान जिले के मेमारी में पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में दो युवकों को गिरफ्तार किया है। यह जानकारी आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को दी। पुलिस ने कहा कि गुप्त सूचना के आधार पर एसटीएफ ने सोमवार शाम मेमारी स्थित एक मकान पर छापेमारी की और दो व्यक्तियों राकेश तथा मुकेश को गिरफ्तार किया। दोनों दोस्त वहां किराए के मकान में रह रहे थे। कोलकाता निवासी राकेश और आसनसोल निवासी मुकेश पिछले कुछ महीनों से मेमारी में रह रहे थे जिसके बारे में एसटीएफ जांच कर रही है कि वे घर से दूर अन्य जगह पर क्यों रहते थे। सूत्रों ने कहा कि एसटीएफ ने उनके मोबाइल फोन जब्त कर लिए हैं और उनके मोबाइल हैंडसेट द्वारा उनके पाकिस्तान से संबंध होने का पता चला है। राकेश के एक रिश्तेदार ने बताया कि उसने राकेश और उसके आसनसोल वाले दोस्त की गिरफ्तारी के बारे में सुना है। दोनों को स्थानीय अदालत में पेश किया जाएगा और पुलिस अदालत से उनकी हिरासत की मांग करेगी।



# पूर्णिया में पांच लोगों की हत्या करने पर हो कार्रवाई : भाकपा



- पीड़ित परिवार को की 50-50 लाख मुआवजा देने की मांग

**पटना,** 8 जुलाई (एजेंसियां)। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के राज्य सचिव रामनरेश पाण्डेय ने अंधविश्वास के नाम पर पूर्णिया में एक ही परिवार के पांच लोगों की हत्या करने की तीखी निंदा करते हुए इस तरह की जघन्य अपराध करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने तथा पीड़ित परिवार को 50-50 लाख रुपए मुआवजा देने की मांग की है। पांडेय ने मंगलवार को कहा कि पूर्णिया के रानीपतरा टेटगामा गांव में एक आदिवासी परिवार के तीन महिला सहित पांच लोगों को डायन के नाम पर जिंदा जला दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि इस बर्बर घटना के लिए नीतीश सरकार और पुलिस प्रशाशन जिम्मेदार है। इस तरह की घटना संपूर्ण मानवता को शर्मशार करती है। दोषियों को तुरंत गिरफ्तार किया जाए और मामले की त्वरित सुनवाई की जाए। नीतीश सरकार में अपराध बढ़ा है और अपराधियों का मनोबल चरम पर है। उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में अपराध की घटनाओं में बढ़ोतरी हुई है। पूरे बिहार में अराजकता का माहौल है। कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। हाल ही में राजधानी पटना में उद्योगपति की हत्या कर दी गई वहीं सीवान में तीन लोगों की हत्या कर दी गई। पिछले दिनों बक्सर में नरसंहार में तीन लोगों की मौत हो गई। भोजपुर में तीन लोगों की हत्या कर दी गई। भाकपा नौ जुलाई के बिहार में चक्का जाम के दौरान में भी बढ़ते अपराध का मुद्दा उठाएगी।

## कवायद | जम्मू-कश्मीर में आतंक के खिलाफ लड़ाई को मिलेगी और धार

# पचास अत्याधुनिक डीप सर्च माइन एंड मेटल डिटेक्टर खरीदेगी पुलिस

**जम्मू,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। वर्ष 2019 को 5 अगस्त को जम्मू-कश्मीर का बंटवारा कर उसे केंद्र शासित प्रदेश बनाए जाने के बाद न जाने कितनी बार आतंकवाद का समूल नाश किए जाने के दावे किए जा चुके हैं। पर ऐसा हुआ है लगता नहीं है। यह इससे भी स्पष्ट होता था कि कश्मीर पुलिस ने आतंकवाद से निपटने के लिए 5 अत्याधुनिक डीप सर्च माइन और मेटल डिटेक्टर खरीदने का फैसला किया है।

पहले ही वह कई नए बुलेफ प्रूफ वाहनों के लिए टेंडर निकाल चुकी है। यह सच है कि आतंकवाद विरोधी अभियानों को बढ़ाने के लिए एक बड़े कदम के रूप में, जम्मू-कश्मीर पुलिस 50 अत्याधुनिक डीप सर्च माइन और मेटल डिटेक्टर खरीदने जा रही है, जिन्हें गृह मंत्रालय द्वारा निर्धारित तकनीकी विनिर्देशों को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है।

आधिकारिक निविदा सूचना के अनुसार, इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस और अन्य छिपे हुए खतरों का पता लगाने में सुधार लाने के उद्देश्य से, बोली संख्या जेकेपी/2025/बी/6395277 के माध्यम से खरीद शुरू की गई है। यह उपकरण क्यू-3 के रूप में चिह्नित योग्यता आवश्यकताओं और राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड के महानिदेशालय द्वारा अंतिम रूप दिए गए विनिर्देशों के अनुरूप होंगे, जिन्हें 2018 में एमएचए द्वारा अनुमोदित किया गया था। इस प्रक्रिया की देखरेख पुलिस अधीक्षक, प्रभारी पुलिस सेंट्रल स्टोर, सशस्त्र पुलिस परिसर, जेवान, श्रीनगर द्वारा की जा रही है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने पुष्टि की कि ये डिटेक्टर इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी), छिपे हुए आयुध और धातु आधारित खतरों का सुरक्षित पता लगाने के लिए महत्वपूर्ण उपकरण हैं, खासकर घाटी में संवेदनशील और उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में। जम्मू और कश्मीर पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि उन्नत डीप सर्च माइन और मेटल डिटेक्टरों का उपयोग महत्वपूर्ण है। यह उपकरण सड़कों को सुरक्षित करने, तलाशी अभियानों के दौरान छिपे हुए खतरों का पता लगाने और सुरक्षा कर्मियों और नागरिकों दोनों की सुरक्षा करने की हमारी पुलिस की क्षमता को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाएंगे।



- पहले ही कई नए बुलेफ प्रूफ वाहनों के लिए कश्मीर पुलिस निकाल चुकी है टेंडर

उन्होंने बताया कि डीएसएमडी से जमीन में पैठ बढ़ाने की क्षमता बढ़ेगी, जो राजौरी और पुंछ में एलओसी के जंगलों और सीमावर्ती क्षेत्रों में माइन का पता लगाने के लिए महत्वपूर्ण है। अधिकारी ने बताया कि चयनित उत्पाद को एनएसजी द्वारा तैयार और गृह मंत्रालय द्वारा अनुमोदित तकनीकी दस्तावेज के अनुरूप होना चाहिए, ताकि क्षेत्र की स्थितियों में अंतर-संचालन और विश्वसनीयता सुनिश्चित हो सके।

उन्होंने कहा कि एक बार खरीद लिए जाने के बाद, डिटेक्टरों को उच्च-खतरे वाले जिलों में वितरित किया जाएगा और जम्मू-कश्मीर पुलिस के प्रशिक्षित बम निरोधक दस्तों (बीडीएस) और त्वरित प्रतिक्रिया टीमों के साथ तैनात किया जाएगा। पुलिस अधिकारी बताते थे कि हमारा ध्यान निवारक कार्रवाई पर है।

बिलासपुर, बुधवार 9 जुलाई 2025
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# छात्रों के साथ अन्याय

इस साल अप्रैल में एक सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि किसी भी देश का भविष्य उसकी युवा पीढ़ी पर निर्भर होता है, इसलिए यह जरूरी है कि हम अपने युवाओं के भविष्य के लिए और उन्हें भारत के उज्ज्वल भविष्य के लिए तैयार करें। इसमें बड़ी भूमिका देश की शिक्षा प्रणाली की भी होती है, इसलिए हम देश की शिक्षा प्रणाली को 21वीं सदी की जरूरतों के मुताबिक आधुनिक बना रहे हैं। जब श्री मोदी यह भाषण दे रहे थे, तब उन्हें देश पर शासन करते 10 साल से अधिक का वक्त गुजर चुका था, लेकिन वे तब भी यही कह रहे थे कि हम ऐसा कर रहे हैं। नरेन्द्र मोदी यह नहीं कह पाए कि हम ऐसा कर चुके हैं। 10 साल तक पूर्ण बहुमत की सरकार चलाने के दौरान नरेन्द्र मोदी ने कई ऐसे फैसले लिए जो कई दशकों में नहीं लिए जा सके थे। जम्मू-कश्मीर के विभाजन से लेकर राम मंदिर के निर्माण तक भाजपा के घोषणापत्र में दर्ज कई वादों को प्रधानमंत्री मोदी ने पूरा किया और इसी के बूते दावा किया कि उनकी सरकार मजबूत है। लेकिन यह मजबूती शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में क्यों नहीं दिखी, यह बड़ा सवाल है। क्या भाजपा की प्राथमिकता में युवाओं की उच्च शिक्षा और बेहतर रोजगार नहीं है। अगर ऐसा है तो फिर नरेन्द्र मोदी युवाओं के भविष्य और देश के उज्ज्वल भविष्य की जो बातें करते हैं क्या वे बेमानी हैं। ये सवाल इस समय एक और वजह से उठ रहा है। इस साल फरवरी में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने सत्र 2025-26 के लिए राष्ट्रीय प्रवासी छात्रवृत्ति (एनओएस) योजना के लिए आवेदन मंगाए थे। मंत्रालय ने बताया था कि यह छात्रवृत्ति विशेष रूप से उन छात्रों के लिए है जो वित्तीय कठिनाइयों के कारण उच्च शिक्षा प्राप्त नहीं कर पा रहे हैं। इस योजना के अंतर्गत चुने गए छात्रों को ट्यूशन फीस, रहने की व्यवस्था, स्वास्थ्य बीमा और यात्रा खर्च जैसी सुविधाएं प्रदान की जाएंगी, जिससे वे विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धा कर सकें और अपने करियर को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकें।

यह सब पढ़ने-सुनने में कितना लुभावना लगता है कि मेधावी छात्रों को श्रेष्ठ संस्थानों से शिक्षा हासिल करने का अवसर मिले, इसमें आर्थिक बाधा न आए, इसका ख्याल सरकार रख रही है। कायदे से हर लोककल्याणकारी सरकार की यही जिम्मेदारी भी होती है। लेकिन फिलहाल ये सारी बातें आकाश कुसुम ही साबित हो रही हैं। क्योंकि सत्र 2025-26 के लिए राष्ट्रीय प्रवासी छात्रवृत्ति (एनओएस) योजना के लिए पहले दौर में जिन 106 उम्मीदवारों का चयन किया गया है, उनमें केवल शीर्ष 40 छात्रों को ही तुरंत प्रोविजनल पुरस्कार पत्र जारी किए जाएंगे। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने 1 जुलाई को जो अधिसूचना जारी की है, उसके अनुसार, शेष 66 उम्मीदवारों को 'उपलब्ध निधियों के आधार पर' आगे के विचार के लिए रखा गया है। मतलब 66 होनहार छात्रों का भविष्य अब इस बात पर टिका है कि सरकार के पास उन्हें विदेशों में पढ़ाने के लिए फंड है या नहीं। बता दें कि इस छात्रवृत्ति के लिए 19 मार्च से 27 अप्रैल के बीच एनओएस पोर्टल पर कुल 440 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिसमें से आवेदनों की जांच के बाद 106 अभ्यर्थियों का चयन किया गया, जबकि 64 अन्य पात्र होने के बावजूद चयनित नहीं हो सके। मंत्रालय ने कहा कि ये 64 आवेदक विश्वविद्यालयों की वैश्विक (क्यूएस) रैंकिंग, राज्यवार कोटा और श्रेणी-विशेष आरक्षण जैसे कारणों से चयन से वंचित रह गए। वहीं 270 आवेदनों को अयोग्यता, अधूरे दस्तावेज या अन्य कारणों से खारिज कर दिया गया।

जिन्होंने सारे दस्तावेज के साथ आवेदन नहीं किया, उनका खारिज होना तो वाजिब है। मगर जो छात्रवृत्ति पाने के काबिल हैं, उन्हें किसी बहाने से चयन से बाहर करना छात्रों के साथ नाइंसाफी है। और उससे भी बढ़ी नाइंसाफी तो यह है कि जिनका चयन हो गया है, उन्हें सरकार के पास धन न होने के कारण बाहर पढ़ने से रोका जा रहा है। और यह सब उस सरकार में हो रहा है, जो गैरजरूरी चीजों में बेतहाशा पैसे बहा रही है।

अभी दो दिनों में कांवड़ यात्रा शुरु हो जाएगी। इस बार दिल्ली सरकार ने कांवड़ समितियों को 50 हजार से 10 लाख तक का भुगतान करने का फैसला लिया है, कांवड़ यात्रियों को मुफ्त बिजली, शिविर, खाने-पीने आदि की सुविधाएं मिलेंगी और यह सब जनता के दिए टैक्स से ही खर्च होगा। उत्तरप्रदेश में तो योगी सरकार कांवड़ यात्रियों पर हेलीकॉप्टर से फूल बरसाती है। 2018 में योगी सरकार ने हेलीकॉप्टर से फूल बरसाने पर 14 लाख रूपए खर्च किए थे। अभी जो महाकुंभ लगा था, उस पर 7500 सौ करोड़ रूपए खर्च हुए। पिछले साल राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह पर 113 करोड़ रुपये खर्च हुए। उससे पहले मंदिर निर्माण पर 1,800 करोड़ रुपये खर्च किए गए। यह सब तो धार्मिक खर्च है। सरकार ने नए संसद भवन समेट पूरे सेंट्रल विस्टा को बनाने में 26 सौ करोड़ लोकतंत्र के नाम पर खर्च कर दिए और अब आलम ये है कि लोक भी रो रहा है और तंत्र भी बर्बाद हो रहा है। इन सारे खर्चों में अगर मामूली कटौती भी की जाती तो करोड़ों छात्रों का भविष्य संवर जाता। सरकारी आयोजनों में ही जो साज-सज्जा की जाती है, मंच को फूलों से सजाने से लेकर वीडियोग्राफी जैसे तामझामों में करोड़ों रूपए बहाए जाते हैं, जिनकी उपयोगिता केवल कुछ घंटों की होती है। अगर उन रूपयों को भी बचा लिया जाए तो देश में अच्छे शिक्षा संस्थान बनाए जा सकते हैं या पहले से बने संस्थानों को इतना अच्छा किया जा सकता है कि बच्चों को बाहर जाकर पढ़ने की मजबूरी ही नहीं रहे। लेकिन फिर वही प्राथमिकता का सवाल आ जाता है।

सरकार की प्राथमिकता में दिखावा है, शिक्षा नहीं है। इसलिए बच्चों के बेहतर भविष्य की बात करने का दिखावा होता है, उसका इंतजाम नहीं राहुल गांधी ने कहा है कि, जब कोई दलित, पिछड़ा या आदिवासी छात्र पढ़ना चाहता है, तभी मोदी सरकार को बजट याद आता है। नेशनल ओवरसीज स्कॉलरशिप में चयनित 106 में से 66 वंचित छात्रों को सिर्फ इसलिए विदेश में पढ़ने की स्कॉलरशिप नहीं दी गई क्योंकि सरकार के पास 'फंड नहीं' है। प्रधानमंत्री मोदी की विदेश यात्राओं, प्रचार और इवेंटबाजी पर हजारों करोड़ रुपये बेहिचक खर्च किए जाते हैं। बीजेपी-आरएसएस नेताओं के बच्चों को कहीं पढ़ने पर कोई अड़चन नहीं है। मगर, जैसे ही कोई बहुजन छात्र आगे बढ़ता है, पूरा सिस्टम अड़ंगा लगाने लगता है। ये सिर्फ अन्याय नहीं, भाजपा का खुला बहुजन शिक्षा विरोध है। यही मनुवादी सोच आज फिर से एकलव्य का अंगूठा मांग रही है। मोदी सरकार को यह अमानवीय फैसला तुरंत पलटना होगा और इन 66 छात्रों को विदेश भेजना ही होगा। हम बहुजनों से शिक्षा का यह मौलिक अधिकार छिनने नहीं देंगे।

राहुल गांधी की आपत्ति वाजिब है, लेकिन सरकार को इस अन्याय से कोई फर्क पड़ता नहीं दिख रहा है।

# भारत के लिए चीन ही है सबसे बड़ा खतरा

भारत के उप सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल राहुल आर. सिंह का कहना है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत सिर्फ पाकिस्तान से ही नहीं, बल्कि चीन से भी लड़ रहा था। उन्होंने कहा कि मोर्चे पर पाकिस्तान था, जबकि चीन हथियार और अन्य सहायता मुहैया करा रहा था। नई दिल्ली में फिक्की के 'न्यू एज मिलिट्री टेक्नोलॉजी इवेंट' में उपसेना प्रमुख ने एक बड़ा खुलासा यह किया कि चीन ने पाकिस्तान को हथियार दिए और उन हथियारों की टेस्टिंग के लिए भारत को प्रयोगशाला की तरह इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा कि चीन हमारे हर रणनीतिक कदम का लाइव अपडेट पाकिस्तान के साथ शेयर कर रहा था। भारतीय सेना के उच्च पदस्थ अफसर के इस खुलासे ने एक बार फिर इस तथ्य को गहराई से रेखांकित किया है कि भारत की सुरक्षा के लिए सबसे बड़ा खतरा पहले भी चीन ही था और आज भी चीन ही है। अब तो वह पहले से भी ज्यादा बड़ा खतरा हो गया है, क्योंकि भारत सरकार की कूटनीतिक विफलता के चलते बांग्लादेश, श्रीलंका, नेपाल, मालदीव आदि दक्षिण एशिया के लगभग सभी देश चीन के पाले में चले गए हैं।

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत के खिलाफ चीन की जो भूमिका रही है, वह दिवंगत समाजवादी नेता जॉर्ज फर्नांडीज की उस चेतावनी की याद दिलाती है, जिसमें उन्होंने चीन को भारत का दुश्मन नंबर एक करार दिया था। बात 27 साल पुरानी है। तब भी केंद्र में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की सरकार थी जिसका नेतृत्व अटल बिहारी वाजपेयी कर रहे थे।

मई 1998 में वाजपेयी सरकार ने 'पोखरण-2' परमाणु परीक्षण किया था, जिसकी वजह से अमेरिका ने भारत को काली सूची में डाल दिया था। उस विस्फोट के बाद ही एनडीए सरकार के रक्षा मंत्री जॉर्ज फर्नांडीज़ ने अपने एक चौंकाने वाले बयान में सामरिक दृष्टि से चीन को भारत का दुश्मन नंबर एक करार दिया था। जॉर्ज का यह बयान निश्चित ही ठोस सूचनाओं पर आधारित रहा होगा, जो रक्षा मंत्री होने के नाते उन्हें हासिल हुई होंगी। मगर उनका यह बयान कई लोगों को रास नहीं आया था। उनके ही कई साथी मंत्रियों ने उनके इस बयान पर नाक-भौं सिकोड़ी थी। आज की तरह उस समय भी कांग्रेस विपक्ष में थी और उसे ही नहीं, बल्कि एनडीए की नेतृत्वकारी भारतीय जनता पार्टी और उसके पितृ संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को भी जॉर्ज का यह बयान नागवार गुजरा था। वामपंथी दलों को तो स्वाभाविक रूप से जॉर्ज की यह साफगोई नहीं ही सुहा सकती थी, सो नहीं सुहाई थी।

यह दिलचस्प था कि संघ और वामपंथियों के रूप में दो परस्पर विरोधी विचारधारा वाली ताकतें इस मुद्दे पर एक सुर में बोल रही थीं, ठीक वैसे ही जैसे दोनों ने अलग-अलग कारणों से 1942 में 'भारत छोड़ो आंदोलन' का विरोध किया था। जॉर्ज के इस बयान के विरोध के पीछे भी दोनों की प्रेरणाएं अलग-अलग थीं। संघ परिवार जहां अपनी चिर-परिचित मुस्लिम विरोधी ग्रंथी के चलते पाकिस्तान के अलावा किसी और देश को भारत के लिए सबसे बड़ा खतरा नहीं मान सकता था, वहीं वामपंथी दल चीन के साथ अपने वैचारिक बिरादराना रिश्तों के चलते जॉर्ज के बयान को खारिज कर रहे थे। कई तथाकथित रक्षा विशेषज्ञों और विश्लेषकों समेत मीडिया के एक बड़े हिस्से ने भी इसके लिए जार्ज की काफी लानत-मलानत की थी।



अनिल जैन

> मई 1998 में वाजपेयी सरकार ने 'पोखरण-2' परमाणु परीक्षण किया था, जिसकी वजह से अमेरिका ने भारत को काली सूची में डाल दिया था। उस विस्फोट के बाद ही एनडीए सरकार के रक्षा मंत्री जॉर्ज फर्नांडीज़ ने अपने एक चौंकाने वाले बयान में सामरिक दृष्टि से चीन को भारत का दुश्मन नंबर एक करार दिया था। जॉर्ज का यह बयान निश्चित ही ठोस सूचनाओं पर आधारित रहा होगा।

जॉर्ज अब इस दुनिया में नहीं हैं लेकिन चीन को लेकर उनका आकलन समय की कसौटी पर बीते दो दशकों के दौरान कई बार सही साबित हुआ है। इस समय भी चीन का रवैया जॉर्ज के कहे की तसदीक कर रहा है।

वैसे न तो चीनी खतरा भारत के लिए नया है और न ही उससे आगाह करने वाले जॉर्ज अकेले राजनेता रहे। 2017 में चीन की सेना जब डोकलाम में कई किलोमीटर अंदर तक घुस आई थी, तब संयुक्त मोर्चा सरकार में रक्षा मंत्री रहे मुलायम सिंह यादव ने भी अपने अनुभव के आधार पर चीनी खतरे के प्रति सरकार को आगाह किया था। इस मसले पर लोकसभा में बहस के दौरान मुलायम सिंह ने दो टूक कहा था कि भारत की सुरक्षा को सबसे बड़ा खतरा चीन से ही है और सरकार उसे हल्के में न ले।

दरअसल चीन ने जब तिब्बत पर कब्जा किया था, तब से ही वह भारत के लिए खतरा बना हुआ है। देश को सबसे पहले इस खतरे की चेतावनी डॉ. राममनोहर लोहिया ने दी थी। तिब्बत पर चीनी हमले को उन्होंने 'शिशु हत्या' करार देते हुए तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू से कहा था कि वे तिब्बत पर चीनी कब्जे को मान्यता न दें, लेकिन नेहरू ने लोहिया की सलाह मानने के बजाय चीनी नेता चाऊ एनलाई से अपनी दोस्ती को तरजीह देते हुए तिब्बत को चीन का अविभाज्य अंग मानने में जरा भी देरी नहीं की। यह वह समय था जब भारत को आजाद हुए महज 11 वर्ष हुए थे और माओ की सरपरस्ती में चीन की लाल क्रांति भी नौ साल पुरानी ही थी। हमारे पहले प्रधानमंत्री नेहरू तब 'समाजवादी भारत' का सपना देख रहे थे, जिसमें चीन से युद्ध की कोई जगह नहीं थी। उधर माओ को पूरी दुनिया के सामने जाहिर करना था कि साम्यवादी कट्टरता के मामले में वे लेनिन और स्टालिन से भी आगे हैं। तिब्बत पर कब्जा उनके इसी मंसूबे का नतीजा था।

इतना सब होने के बावजूद लगभग एक दशक तक भारत-चीन के बीच राजनयिक रिश्ते अच्छे रहे। दोनों देशों के शीर्ष नेताओं ने एक-दूसरे के यहां कई यात्राएं कीं, लेकिन 1960 का दशक शुरू होते-होते चीनी नेतृत्व के विस्तारवादी इरादों ने अंगड़ाई लेना शुरू कर दी और भारत के साथ उसके रिश्ते शीतकाल में प्रवेश कर गए। तिब्बत जब तक आजाद देश था, तब तक चीन और भारत के बीच कोई सीमा विवाद नहीं था क्योंकि तब भारतीय सीमाएं सिर्फ तिब्बत से मिलती थीं। लेकिन चीन द्वारा तिब्बत को हथिया लिए जाने के बाद वहां तैनात चीनी सेना भारतीय सीमा का अतिक्रमण करने लगी। उन्हीं दिनों चीन द्वारा जारी किए गए नक्शों से भारत को पहली बार झटका लगा। उन नक्शों में भारत के सीमावर्ती इलाकों के साथ ही भूटान के भी कुछ हिस्से को चीन का भू-भाग बताया गया था। चूंकि इसी दौरान भारत यात्रा पर आए तत्कालीन चीनी नेता चाऊ एनलाई नई दिल्ली में पंडित नेहरू के साथ हिंदी-चीनी भाई-भाई का नारा लगाते हुए शांति के कबूतर उड़ा चुके थे, लिहाजा भावुक भारतीय नेतृत्व को भरोसा था कि सीमा विवाद बातचीत के जरिए निपट जाएगा। मगर 1962 का अक्टूबर महीना भारतीय नेतृत्व के भावुक सपनों के ध्वस्त होने का रहा, जब चीन की सेना ने पूरी तैयारी के साथ भारत पर हमला बोल दिया। हमारी सेना के पास मौजूं सैन्य साजो-सामान का अभाव था। लिहाजा भारत को पराजय का कड़ुवा घूंट पीना पड़ा और चीन ने अपने विस्तारवादी नापाक मंसूबों के तहत हमारी हजारों वर्ग मील जमीन हथिया ली। इस तरह तिब्बत पर चीनी कब्जे के वक्त लोहिया द्वारा जताई गई आशंका सही साबित हुई।

चीन से मिले इस गहरे जख्म के बाद दोनों देशों के रिश्तों में लगभग डेढ़ दशक तक बर्फ जमी रही जो 1970 के दशक के उत्तरार्ध में केंद्र में पहली गैर कांग्रेसी सरकार बनने पर कुछ हद तक हटी। दोनों देशों के बीच एक बार फिर राजनयिक रिश्तों की बहाली हुई। तब से लेकर अब तक दोनों देशों के बीच राजनयिक रिश्ते भी बने हुए हैं और पिछले ढाई दशक के दौरान दोनों देशों के बीच व्यापार में भी 32 गुना इजाफा हो गया है। लेकिन इस सबके बावजूद चीन के विस्तारवादी इरादों में कोई तब्दीली नहीं आई है। कभी उसकी सेना हमारे यहां लद्दाख में घुस आती है तो कभी सिक्किम में और कभी अरुणाचल में। अपने नक्शों में भी वह जब-तब इन इलाकों को अपना बता देता है। उसके ऐसा करने का सिलसिला पिछले एक दशक के दौरान काफी तेज हो गया है, जिसके चलते दो-तीन मर्तबा दोनों देशों की सेनाएं भी आमने-सामने आ चुकी हैं। अरुणाचल प्रदेश और लद्दाख में तो चीनी सेना कई किलोमीटर तक अंदर आकर अपनी चौकियां कायम कर चुकी हैं लेकिन सरकार के उसकी इन हरकतों पर कभी गंभीरता नहीं दिखाई। उसने अपने घरेलू राजनीतिक तकाजों के मद्देनजर हमेशा पाकिस्तान को ही भारत के लिए बड़ा खतरा माना।

**(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं)**

# विवादास्पद चार श्रम संहिताओं के क्रियान्वयन का भाग्य दांव पर

■ डॉ. ज्ञान पाठक

देश भर के औद्योगिक क्षेत्रों से मिल रहे सभी संकेत बताते हैं कि 9 जुलाई, 2025 को अखिल भारतीय मज़दूर हड़ताल एक निर्णायक दौर होगा, जिसके परिणाम, चाहे अच्छे हों या बुरे, मज़दूर संघों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार दोनों को ही भुगतने होंगे और उनसे निपटना होगा। इस आम हड़ताल की सफलता या विफलता चार विवादास्पद श्रम संहिताओं के क्रियान्वयन का भाग्य तय कर सकती है, जिन्हें फिलहाल रोक रखा गया है, लेकिन केंद्र उन्हें जल्द से जल्द लागू करना चाहता है।

केंद्र की कार्रवाइयों में जो विरोधाभास देखा जा रहा है, उसने मज़दूरों को सरकार की असली मंशा के बारे में सबसे ज़्यादा आशंकित कर दिया है। सरकार ने चार श्रम संहिताओं -एक 2019 में भारत की संसद में पारित होने के बाद, और तीन 2020 में -को कई कारणों से रोक रखा है, जिसमें अखिल भारतीय हड़ताल की कार्रवाई सहित अनेक विरोध प्रदर्शन सहित कामगारों का कड़ा विरोध, केंद्र और राज्यों के अपने नियमों के साथ तैयार न होना, और भारतीय औद्योगिक प्रतिष्ठानों द्वारा आवश्यक उपाय के साथ तैयार न रहना शामिल है। हालांकि, सरकार श्रम कानूनों के वर्तमान ढांचे में संहिताओं के विभिन्न प्रावधानों को लागू कर रही है।

> पश्चिम बंगाल और केरल जैसे राज्य उन राज्यों में से हैं जो श्रम संहिताओं के तहत विभिन्न प्रावधानों पर आपत्ति जता रहे हैं। केंद्र सरकार का इरादा 1 अप्रैल, 2025 से श्रम संहिताओं को लागू करने का था, क्योंकि लगभग 30 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने पहले ही चार संहिताओं के अनुरूप मसौदा नियम प्रकाशित कर दिये थे और लगभग 20 ने उन परिवर्तनों को लागू कर दिया था।

मौजूदा श्रम कानूनों में न केवल केंद्रीय स्तर पर बल्कि राज्य स्तर पर भी संशोधन किये जा रहे हैं। उदाहरण के लिए, कई राज्य सरकारों ने महिलाओं के लिए रात की पाली में काम करने, निश्चित अवधि के रोजगार की अनुमति देने के लिए श्रम कानूनों में संशोधन और कारखाना अधिनियम, अनुबंध श्रम अधिनियम और औद्योगिक विवाद अधिनियम जैसे श्रम कानूनों की प्रयोज्यता के लिए श्रमिकों की सीमा बढ़ाना शामिल है, जिससे नियोक्ताओं को 'नौकरी पर रखने और निकालने' की खुली छूट मिल गयी है।

पश्चिम बंगाल और केरल जैसे राज्य उन राज्यों में से हैं जो श्रम संहिताओं के तहत विभिन्न प्रावधानों पर आपत्ति जता रहे हैं। केंद्र सरकार का इरादा 1 अप्रैल, 2025 से श्रम संहिताओं को लागू करने का था, क्योंकि लगभग 30 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने पहले ही चार संहिताओं के अनुरूप मसौदा नियम प्रकाशित कर दिये थे और लगभग 20 ने उन परिवर्तनों को लागू कर दिया था। फिर भी, 10 केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच के कड़े विरोध और सरकार का समर्थन करने वाले भारतीय मजदूर संघ द्वारा भी कुछ प्रावधानों पर व्यक्त की गयी कुछ आपत्तियों के कारण अधिसूचना को स्थगित कर दिया गया था।

केंद्र द्वारा 1 अप्रैल, 2025 से श्रम संहिताओं को लागू करने के अपने इरादे से पीछे हटने का एक प्रमुख कारण राष्ट्रीय श्रमिक सम्मेलन द्वारा 20 मई, 2025 को अखिल भारतीय श्रमिक हड़ताल का आह्वान किया जाना था, जो सामान्य रूप से केंद्र की श्रम-विरोधी नीतियों और विशेष रूप से नये श्रम संहिताओं और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के निजीकरण के खिलाफ अपने दो महीने के श्रमिक अभियान के समापन पर आयोजित था। श्रमिक आंदोलन का आह्वान उनकी 17सूत्री मांगों पर जोर देने के लिए किया गया था।

इस बीच, 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने 7 मई को पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य जवाबी कार्रवाई की, जिसे ऑपरेशन सिंदूर नाम दिया गया। इसके बाद 10 केंद्रीय ट्रेड यूनियनों -इंटक, एटक, हिमस, सीटू, एआईटीयूसी, टीयूसीसी, सेवा, एआईसीसीटीयू, एलपीएफ, और यूटीयूसी - और स्वतंत्र क्षेत्रीय संघों के संयुक्त मंच ने 15 मई को नई दिल्ली में स्थिति की समीक्षा करने के लिए बैठक की और 9 जुलाई को होने वाली मजदूरों की हड़ताल को पुनर्निर्धारित करने का फैसला किया। 9 जुलाई को होने वाली अंतिम अखिल भारतीय हड़ताल के लिए 20 जून से 8 जुलाई तक पूरे देश में विरोध गतिविधियों के साथ एक तैयारी आंदोलन कार्यक्रम की भी घोषणा की गयी थी। अब तक के तैयारी आंदोलन कार्यक्रम बहुत प्रभावशाली रहे हैं, और इसलिए कोई यह निष्कर्ष निकाल सकता है कि 9 जुलाई की मजदूरों की हड़ताल बहुत बड़ी होगी।

बैंक और बीमा यूनियनों ने देशव्यापी हड़ताल में भाग लेने की घोषणा की है। उनकी प्रमुख मांगों में निजीकरण को रोकना, एफडीआई वृद्धि का विरोध और पुरानी पेंशन योजना को बहाल करना शामिल है। संयुक्त किसान मोर्चा सहित किसान और खेत मजदूर संघ भी मजदूरों की हड़ताल में भाग लेंगे, जो देश भर में सड़कों और गलियों में अपनी उपस्थिति के साथ 9 जुलाई की हड़ताल को और भी मजबूत बना देगा। सरकार समर्थित बीएमएस इस हड़ताल में भाग नहीं लेगा। वे न तो हड़ताल का विरोध कर रहे हैं और न ही समर्थन कर रहे हैं, जो 9 जुलाई की हड़ताल को और अधिक महत्वपूर्ण बनाता है।

कई अन्य श्रमिक संगठन और कर्मचारी संघ भाग लेने के लिए कूद पड़े हैं। बिहार में विपक्षी महागठबंधन (इंडिया ब्लॉक) दलों ने 9 जुलाई की हड़ताल में भाग लेने का फैसला किया है और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के खिलाफ आवाज बुलंद करेंगे। आरजेडी और सीपीआई (एम)एल ने पहले ही पूरे राज्य में 9 जुलाई को अपने आंदोलन कार्यक्रम तैयार कर लिए हैं।

कई खदानों और कोलियारियों के कर्मचारी भी इस हड़ताल में भाग लेने जा रहे हैं। 9 जुलाई की हड़ताल की यह भी एक नयी विशेषता है, क्योंकि परंपरागत रूप से उनके अपने आंदोलन कार्यक्रम होते हैं।

ऑल इंडिया रेलवेमेन्स फेडरेशन ने भी हड़ताल का समर्थन किया है। देश भर में आयोजित किये जा रहे तैयारी संबंधी आंदोलन कार्यक्रमों से संकेत मिलता है कि 9 जुलाई की हड़ताल देश की सबसे बड़ी हड़तालों में से एक हो सकती है, जिसमें 20 करोड़ से अधिक कर्मचारी भाग ले सकते हैं। यह हड़ताल भारत में अब तक हुई 22 देशव्यापी आम हड़तालों में से किसी अन्य हड़ताल की तरह नहीं है, बल्कि इसका विशेष महत्व है, क्योंकि यह श्रमिकों के मूल अधिकारों, जैसे संगठित होने और सामूहिक कार्रवाई करने के उनके अधिकार, तथा सरकार की श्रमिक-विरोधी और कॉर्पोरेट-समर्थक नीतियों के विरुद्ध उनकी एकता और संघर्ष की रक्षा करना चाहती है।



## ललित सुरजन की कलम से

### शिक्षा और परीक्षा

*'एक बात समझ आती है कि देश में बहुत सी अन्य बातों के साथ शिक्षा जगत में भी जो परिवर्तन नज़र आते हैं उसका बहुत कुछ श्रेय नवपूंजीवादी विश्वव्यवस्था को है। कभी-कभी महसूस होता है कि सारी दुनिया जैसे किसी दौड़ में भाग ले रही है, एक के पीछे एक लोग भागे जा रहे हैं, क्यों, कहां, किसलिए यह शायद किसी को पता नहीं। आजकल तो हर किसी मौके पर दौड़ों का आयोजन होने लगा है- रन फॉर दिस, रन फॉर दैट, शायद इसी सोच का प्रतिबिंब है।इधर हाल में बहुत सी कॉमेडी फिल्में आई हैं जैसे वेलकम आदि। उनमें भी सब लोग इसी तरह यहां से वहां दौड़ लगाते नज़र आते हैं, लेकिन अंत में हासिल कुछ नहीं होता। ये फिल्में भी एक तरह से इस नई सोच को ही दर्शाती हैं। अब चूंकि भारत भी विश्व ग्राम का अंग बन चुका है, जिसका पहला प्रमाण हमारे सामने पुराने गुडग़ांव और नए गुरुग्राम के रूप में सामने है, तो स्वाभाविक ही हम दौड़ में किसी से पीछे नहीं रहना चाहते। इसका परिणाम है कि शिक्षा का निजीकरण प्रत्यक्ष और परोक्ष दोनों रूपों में हो रहा है। बहुत सारे निजी विश्वविद्यालय, महाविद्यालय, तकनीकी संस्थान इत्यादि प्रत्यक्ष उदाहरण हैं किंतु परोक्ष निजीकरण का मामला एकदम से समझ नहीं आता।'*

**(देशबन्धु में 15 जुलाई 2017 को प्रकाशित)**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2017/06/blog-post_14.html

## पावन प्रसंग

### प्रतिभा का दुरुपयोग न हो

सुल्तान महमूद के दरबार में कवियों और कलाकारों के लिए अच्छा शरण स्थल बना हुआ था। उन दिनों प्राय: प्रत्येक राजा-महाराजा अपने दरबार में कवि रखा करते थे, जो शौर्य, पराक्रम और उदारता की मनगढ़ंत कहानियां गढ़कर गीत बनाकर राजा- महाराजा की महिमा गाया करते थे। राजा-महाराजा बदले में बहुत सारा धन उन्हें पुरस्कार स्वरूप प्रदान करते। एक प्रकार से यह व्यवसाय ही बन गया था। सुल्तान महमूद के प्रसिद्ध राज दरबार में भी एक शायर थे, जिनका नाम था, सनाई। सनाई उच्चकोटि के शेर और गजलें लिखते, परंतु वे होतीं सब सुल्तान की प्रशंसा में। प्राय: वे सुल्तान की प्रशंसा में नए-नए शेर गाते, गजलें लिखते और राज दरबार में गाकर सुनाते। इसके बदले में उन्हें पुरस्कार भी खूब मिलता और सम्मान भी। प्रतिष्ठा और पुरस्कार ने उन्हें गर्वोन्नत भी कर दिया था।

एक बार की घटना है। उन्होंने सुल्तान की प्रशंसा में कुछ शेर लिखे। उन्हें सुनाने के लिए वे राज दरबार की ओर चले। मार्ग में एक मदिरालय था, उसमें कोई शराबी मद्यपान कर रहा था। प्राय: ही लोग वहां शराब पीते, उनका ध्यान कदाचित ही उस ओर जाता। उस दिन उनके पैर अनायास ही ठिठक गए। कारण था अंदर से कुछ आवाज आ रही थी। कोई पियक्कड़ साथी से कह रहा था-' सुल्तान महमूद के अंधेपन की गमजोई में ला एक पैगाम दे।'

'बेवकूफ' -साकी कह रहा था, ' कोई सुन लेगा तो तेरा सर सीधा कलम हो जाएगा। क्यों अपनी मौत को आवाज दे रहा है।'

'दावत नहीं सच बात कह रहा हूं। इसमें बेजा क्या है? सुल्तान अंधा नहीं तो क्या है?'

'अंधेपन की क्या निशानी देखी तूने सुल्तान में?'

'बहुत कुछ देखा है'। पीने वाले ने कहा।

'सुल्तान के पास सुख से रहने के लिए किसी बात की कमी नहीं। उनके पास धन है, दौलत है, फिर उसे कुछ दिखाई नहीं देता। जो चीजें उनके पास हैं, उन्हें और बटोरने के लिए वह पड़ोसी राज्यों पर हमले करते हैं। वहां लूटमार मचाते हैं। हजारों बेगुनाहों को मौत के घाट उतार देते हैं। यह अंधापन नहीं तो क्या है?'

सनाई वहीं खड़े रहे, कुछ सोच विचार करने लगे। अंदर से फिर वही आवाज आई-'ला एक और जाम दे। सनाई की बेवकूफी पर। अब तो साकी को चिढ़ सी आ गई। सनाई के कान भी ख़ड़े हो गए, ध्यान से सुनने के लिए। साकी कह रहा था- तुमने यह क्या बकवास लगा रखी है? सनाई जैसे उम्दा शायर के लिए तुम्हें यह बोलते शर्म नहीं आती।

मानता हूं दोस्त, सनाई बहुत उम्दा शायर हैं, पीने वाला कह रहा था-' परंतु उन सा बेवकूफ भी दुनिया में खोजे नहीं मिलेगा। वह कागज को रंगता भर है, जबकि मालिक ने उसे बहुत बड़ा हुनर दिया। वह नहीं जानता कि खुदा ने उसे क्यों पैदा किया? और वह उसकी दी हुई काबिलियत को अंधे सुल्तान की तारीफ करने में ही खर्च कर रहा है।'

शराबी की इन बातों को सुनकर जिसे साकी निरी बकवास ही समझ रहा था, सनाई की आंखें खुल गईं। उनके हृदय में जैसे तीर से चुभने लगे हों और वे उलटे पांव लौट आए, वापस अपने घर। सुल्तान की प्रशंसा में उन्होंने जो नए शेर तैयार किए थे, उनको रास्ते में ही फाड़कर फेंक दिए।

बहुत देर तक ही नहीं दो-चार दिनों तक जब सनाई दरबार में नहीं आए तो सुल्तान ने खबर भिजवाई। संदेश वाहकों ने वापस आकर जो कुछ कहा, उसने सभी को सकते में डाल दिया कि सनाई घर पर हैं। बाद में पता चला कि सनाई अमुक स्थान पर फकीर के रूप में रूहानी गीत गाते देखे गए।

**युग निर्माण योजना**

## आपके पत्र

### ग्लोबल हिंसा-युद्ध बड़े शासकों की सनक का परिणाम

किसी भी विचार या मुद्दों से असहमति के प्रतिफल में हिंसा या क्रूरता नहीं की जा सकती। विचारों से असहमति और हिंसा के विरोध में प्रतिहिंसा समस्या का हल नही हो सकतौ। सबसे ताजा हिंसात्मक परिणाम फिलिस्तीन-इजरायल युद्ध के रूप में सामने आया है। जिसमें 20000 लोगों की जान चली गई और 50000 लोगों से ज्यादा घायल मानविय शरीर कराह रहे हैं। इजराइल ने फिलीस्तीन, हमास,लेबनान को तबाह कर दिया है आतंकवादी संगठन हिजबुल्लाह को नेस्तनाबूत करने की बात तो एक बार समझ में आती है पर लेबनान के 50 लाख लोगों को देश छोड़ने पर मजबूर कर देना तानाशाही का एक भयानक रूप ही दिखाई देता है। इसके बाद भी उसकी हिंसा की प्यास नहीं बुझी है और अमेरिका ईरान- इजरायल युद्ध में अमेरिका ने युद्ध के सबसे बड़े हथियार रूपी हवाई जहाज से ईरान के संग्रहण ठिकानों में हवाई हमला कर युद्ध का रौद्र रूप दिखाया। इजरायल-ईरान आपस में बैलिस्टिक मिसाइल से हमला कर एक दूसरे के महत्वपूर्ण ठिकानों को तबाह कर दिया है। दूसरी तरफ रूस यूक्रेन युद्ध को 2 साल से ज्यादा समय हो चुका है। इस युद्ध ने दोनों देशों के लाखों लोगों को बेघर कर दिया गया है और हजारों लोगों की जान चली गई है। दोनों देशों के अरबों रुपए इस युद्ध में खर्च हो चुके हैं यदि इस धनराशि का उपयोग विकास के लिए किया गया होता तो आज दोनों देशों में शांति के साथ विकास भी होता।

भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक, प्रजातांत्रिक स्वतंत्र राष्ट्र है। यहां वैचारिक चिंतन, सम्प्रभुता, लोकतंत्र के प्रमुख अवयव होते हैं, राष्ट्र के किसी भी नीति में सहमत और असहमत होना एक सामान्य प्रक्रिया-प्रतिक्रिया हो सकती है, और आम जनमानस का किसी मुद्दे पर असहमत होना भी एक सामान्य बात हो सकती है पर किन्ही भी परिस्थितियों में असहमति हिंसा के रूप में कतई बर्दाश्त के योग्य नहीं होनी चाहिए, विरोध का स्वरूप राष्ट्रीय संपत्ति की बर्बादी तो किसी भी काल और खंड में स्वीकार्य नहीं है। यह राष्ट्र के लिए घातक और विकास की अवधारणा को अवरुद्ध करने वाला आत्मघाती कदम है। आंदोलन का स्वरूप सदैव शांतिपूर्वक हो तो राष्ट्र तथा आमजन के हित में ही होगा। आंदोलनकारियों को शायद यह गुमान नहीं है कि राष्ट्रीय सरकारी संपत्ति आपके द्वारा दिए गए टैक्स के रूप में राशि से ही निर्मित होती है, इसे नष्ट करके आप स्वयं अपनी संपत्ति का नुकसान ही कर रहे हैं। आजादी के बाद से भारत के समक्ष कई सामाजिक आर्थिक समस्याएं आई है। अक्सर सामाजिक क्षेत्र में समस्याओं ने अर्थव्यवस्था की उत्तरोत्तर प्रगति पर अवरोध खड़े किए हैं। देश की सामाजिक विषमताओं ने समाज में कई समस्याओं को जन्म दिया है एवं आर्थिक प्रगति पर विभिन्न सोपानों में लगाम लगाई है। भारतीय समाज में विषमता एवं विविधता भारत के लिए एक बड़ी समस्या बनकर सामने खड़ी है। आज जातिगत संघर्ष बढ़ गए हैं,जातिगत संघर्षों को राजनीतिक महत्वाकांक्षा ने बहुत क्लिष्ट बना दिया है। राजनीति सदैव महत्वाकांक्षा के बल पर जातिगत समीकरण को नए-नए रूप तथा आयाम देती आई है और सदैव समाज में वर्ग विभेद आर्थिक विभेद कर के अपना उल्लू सीधा करना मुख्य ध्येय बन चुका है।

**-संजीव ठाकुर**

**उल्टा पुल्टा**

लड़की- आज मेरी शादी है।
अब लौटकर क्यों आए हो यहां?
लड़का- डीजे का आर्डर हमको ही मिला है। काम धंधा छोड़ दे क्या?

# दलदल के कारण बड़ी वाहन नहीं जा सकती तो छोटी गाड़ी में भेजें खाद-कलेक्टर





## आयुष्मान कार्ड में बिलासपुर राज्य में निचले पायदान पर, स्थिति सुधारने कड़े निर्देश

## कलेक्टर ने टीएल बैठक में की समीक्षा

**बिलासपुर**, 08 जुलाई (देशबन्धु)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने टीएल बैठक में शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाली फ्लैगशिप योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने बैठक में खाद बीज सहित खेती किसानी से जुड़े गतिविधियों की जानकारी ली। पिछले दो - तीन दिनों में पर्याप्त बारिश होने के कारण किसान कृषि कार्यों में जोर - शोर से जुटे हुए हैं।

कलेक्टर ने किसानी का कोई काम ना रुके इसलिए दलदल मार्गों पर बड़े वाहनों आवाजाही बाधित होने पर छोटी गाड़ियों से खाद सोसाइटियों में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने अफसरों को दो टूक कहा कि किसानों को खाद की उपलब्धता में कोई भी हीला हवाला स्वीकार नहीं किया जाएगा। किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने चाहिए। उन्होंने अतिवृष्टि के कारण हुए नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट जल्द प्रस्तुत करने के निर्देश सभी तहसीलदारों को दिए ताकि नियमानुसार तत्परता से राहत राशि स्वीकृत किया जा सके। भारी बारिश के कारण अस्पताल, स्कूल और आंगनबाड़ी के काम तो प्रभावित नहीं हुए है, उनकी स्थिति की भी जानकारी ली। कलेक्टर ने बैठक में डीम्ड की शासी निकाय में स्वीकृत कार्य योजना के अनुरूप कार्य प्रस्ताव भेजने के निर्देश सभी अधिकारियों को दिए। उन्होंने एग्रीस्टेक योजना में किसानों के पंजीयन में प्रगति नहीं होने पर नाराजगी जाहिर की ।आयुष्मान कार्ड में भी जिला पिछड़ा हुआ है। अभी तक केवल 74 प्रतिशत के आसपास प्रगति हुई है। वर्तमान शिथिलता पर स्वास्थ्य विभाग को फटकारते हुए प्रतिदिन लगभग 5000 का लक्ष्य देते हुए इसकी पूर्ति करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह जरूरी दस्तावेज है। हर आदमी के पास इसकी उपलब्धता होनी चाहिए। पहाड़ी व दूरस्थ एरिया वाले जिले में इसमें अच्छा काम हुआ है। बिलासपुर जिले में प्रगति नहीं होने का कोई सवाल ही नहीं पैदा नहीं होता। कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित आंगनबाड़ी केदो में बच्चों की कम उपस्थिति पर भी असंतोष जाहिर किया। विभागीय सुपरवाइजर को ज्यादा से ज्यादा दौरा कर निरीक्षण करने को कहा। कलेक्टर ने बैठक में सुशासन तिहार के लंबित मामलों की भी समीक्षा की, उन्हें जल्द पूर्ण करने को कहा है। कलेक्टर ने कहा कि जिन अधिकारियों कर्मचारियों के ट्रांसफर हुए हैं उन्हें तत्काल रिलीफ कर इसका पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाए। बैठक में अंतर विभागीय विषयों पर भी चर्चा हुई। कलेक्टर ने शासकीय सामानों की आपूर्ति अथवा ठेकेदार के भुगतान विलंब नहीं करने के निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में कहा कि 22 हजार उपभोक्ता राशन कार्ड का उपयोग नहीं कर रहे हैं। इनका परीक्षण कराकर नियमानुसार निरस्तीकरण की कार्यवाही किया जाए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल, एडीएम शिवकुमार बनर्जी सहित सभी विभागीय वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी लोगों की समस्याएं

### अधिकारियों को समस्याओं का त्वरित निराकरण करने दिए निर्देश



कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज साप्ताहिक जनदर्शन में दूर-दराज से आये लोगों की समस्याएं सुनी। कलेक्टर ने सभी की समस्याओं को इत्मीनान से सुना। निराकरण योग्य आवेदनों का मौके पर ही संबंधित अधिकारियों द्वारा निराकरण किया गया। साप्ताहिक जनदर्शन में लोगों ने कलेक्टर से मुलाकात कर अपनी निजी और सामुदायिक समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। कलेक्टर ने त्वरित निराकरण के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए।

साप्ताहिक जनदर्शन में आज बोदरी तहसील के ग्राम पोड़ी निवासी वृद्ध रामसहाय दिवाकर ने आज कलेक्टर से मिलकर पेंशन राशि दिलाये जाने हेतु आवेदन दिया। 74 वर्षीय वृद्ध श्री दिवाकर ने कहा कि मैं एक उम्रदराज व्यक्ति हूं तथा रोजी मजदूरी कार्य करने में असमर्थ हूँ। शासन के योजनांतर्गत प्राप्त होने वाली पेंशन राशि मुझे नहीं मिल रही है। ग्राम पंचायत सचिव के समक्ष भी पेंशन राशि के लिए आवेदन किया गया, किन्तु आज तक लाभ प्राप्त नहीं हुआ है। कलेक्टर ने जनपद पंचायत बिल्हा सीईओ को मामले को सौंपते हुए इसके निराकरण के निर्देश दिए। सीपत तहसील के ग्राम जांजी निवासी गरिमा सिंह ने शिक्षा सहायता राशि प्रदान करने हेतु आवेदन दिया। गरिमा ने बताया कि वर्तमान में वह अभी बीपीएड की पढ़ाई कर रही है। पिता जी लकवाग्रस्त होने के कारण शारीरिक रूप से चलने-फिरने में असमर्थ है, जिससे पूरे परिवार का पालन-पोषण उनकी माता मजदूरी करके कर रही है। कलेक्टर ने आवेदन जिला शिक्षा अधिकारी को भेजते हुए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बिल्हा तहसील के ग्राम पत्थरखान निवासी मनोज पांडे ने खाद एवं दवा सोसाइटी से दिलाने की मांग की। उन्होंने बताया कि ग्राम पत्थरखान बिटकुली सोसाइटी के अंतर्गत 6 गांव आते हैं। उनमें से एक गांव पत्थरखान है। सोसाइटी से खाद और दवा मिल नहीं पा रही है। कलेक्टर ने डीएमओ को इस पर तत्काल आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत मस्तूरी निवासी मनहरण टण्डन ने कलेक्टर के समक्ष अपना आवेदन प्रस्तुत करते हुए कहा आवास मित्र के विरूद्ध आवश्यक कार्रवाई किये जाने का निवेदन किया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत उनके नाम पर आवास स्वीकृत हुआ है। आवास निर्माण के लिए शासन से आई हुई राशि को आवास मित्र के द्वारा आहरण कर लिया गया। बार-बार राशि मांगने पर भी वह देने से इंकार कर रहा है। कलेक्टर ने जिला पंचायत सीईओ को इस संबंध में आवश्यक जांच करने के निर्देश दिए है।

## संपादकीय

### सड़कों की दशा ठीक करे सरकार

*छत्तीसगढ़ के शहरी इलाके हों अथवा ग्रामीण, उनमें बनी सड़कों की पोल बारिशें खोल देती हैं। शहरों के भीतर सरकार या स्थानीय निकायों की सड़कें, बाहरी रास्ते और राजमार्ग- सभी की हालत एक सी जर्जर मिलती है। राज्य सरकार उन्हें लेकर चाहे जो दावे करे, बरसात में असलियत सामने आती है। इन दिनों कवर्धा बाईपास की हालत दर्शाते कुछ वीडियो देश भर में वायरल हो रहे हैं जो प्रदेश का सिर शर्म śसे झुकाने के लिये काफी है। उल्लेखनीय है कि कवर्धा उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा का निर्वाचन क्षेत्र है। लापरवाही, भ्रष्टाचार और गुणवत्ताहीन काम के ये वीडियो और उस सम्बन्ध में खबरें असलियत को उजागर करती हैं। सरकार सड़क निर्माण को लेकर गम्भीरतापूर्वक काम करे क्योंकि पहले भी कुछ मामले देश भर में सुर्खियां बटोर चुके हैं जिनका सम्बन्ध सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार ही है। लोग तो यह भी कह रहे हैं कि जब एक हाई प्रोफाइल विधानसभा क्षेत्र में सड़क का यह हाल है तो कमजोर जनप्रतिनिधित्व वाले इलाकों का क्या हाल होगा- इसका सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है।*

*जिस कवर्धा बाईपास का जिक्र हो रहा है और जो चर्चा में है वह नेशनल हाईवे क्रमांक- 3 है। यह प्रदेश की राजधानी रायपुर को मध्यप्रदेश के एक बहुत महत्वपूर्ण शहर जबलपुर से जोड़ता है। जाहिर है कि इस पर आवागमन काफी होने से यह एक व्यस्त मार्ग है। इस पर छोटे, हल्के और बड़े वाहन सभी चलते हैं। मालवाहक ट्रकों के गुजरने से सड़कों की दुर्दशा तो स्वाभाविक है परन्तु उसकी देख-रेख और नियमित मरम्मत भी आवश्यक है। तिस पर यदि सड़क का निर्माण ही घटिया हुआ हो तो वह कितना भार सहन कर सकेगी, इसका भी अनुमान लगाना कठिन नहीं है।*

*बताया जाता है कि बरसातों के पहले ही इसकी स्थिति काफी खराब हो गयी थी। सुधार कार्य के नाम पर उस पर मुरुम बिछाकर खानापूरी की गयी थी। जैसे ही पानी बरसा, मुरुम बह गयी और ट्रकों, हाईवा आदि के कारण बाईपास के आसपास बड़े-बड़े गड्ढे बन गये। इन गड्ढों की विशालता और गहराई का अंदाजा इस बात से लगता है कि उसमें एकत्र पानी में घंटों खड़े होकर जब कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया तो जल स्तर कुछ में घुटनों तक तो कुछ में कमर की ऊंचाई तक था। ठेकेदारों को प्रदर्शनकारियों ने जमकर खरी-खोटी सुनाई जिनके पास जवाब ही नहीं था।*

*याद हो कि इस साल की शुरुआत में बस्तर की एक सड़क में हुए व्यापक भ्रष्टाचार को उजागर करने वाले निर्भीक पत्रकार मुकेश चंद्राकर की कथित रुप से ठेकेदार द्वारा हत्या कर दी गयी थी तब भी छग में रास्तों के निर्माण में भ्रष्टाचार के आरोप लगे थे। उस समय भी इस बात की ज़रूरत महसूस की गयी थी कि सड़कों की गुणवत्ता का ऑडिट होना चाहिये।*

## सार-संक्षेप




### राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ की बहनों ने गुप्त नवरात्रि में सुंदरकांड एवं भजन कीर्तन का पाठ करवाया

**बिलासपुर**, 08 जुलाई (देशबन्धु)। गुप्त नवरात्रि के समापन पर राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ जिला जिला बिलासपुर एवं समस्त ब्राह्मण समाज की बहनों ने सुंदर कांड का पाठ किया यह कार्यक्रम बिलासपुर जिला अध्यक्ष अर्चना तिवारी ने अपने घर पर रखा जिसमें जगन्नाथ जी की शोभायात्रा से लेकर गुप्त नवरात्रि एवं सनातन धर्म की एवं अपने धर्म संस्कृति का परिचय देते हुए संगठन की बहनों ने मिलकर सुंदरकांड कापाठ किया सुंदर भजन कीर्तन का सभी ने आनंद लिया ब्राह्मण समाज की बहनों की एक सबसे अच्छी पहल की जब हम जन्मदिवस या कोई विशेष अवसर मानते हैं तो अपने आराध्य अपने संस्कृति और अपने संप्रदाय को याद करते हुए मने क्योंकि विदेशी परंपरा को अपने से हमारे बच्चों में संस्कारों का हनन हो रहा है इसका परिचय देते हुए ब्राह्मण समाज की सभी बहनों ने एक संदेश दिया कि हमें विशेष अवसर पर इस तरह के समय-समय पर प्रोग्राम करते रहना चाहिए ताकि आने वाली पीढ़ी अपने सभ्यता संस्कृति से परिचित हो सके कार्यक्रम में राष्ट्रीय प्रभारी प्रतिभा पांडे जी, संभाग प्रभारी मीनू दुबे जी, अध्यक्ष अर्चना तिवारी ,सचिव शशि प्रभा पांडे, कोषाध्यक्ष संजना मिश्रा, साधना दुबे, शशि तिवारी, अर्चना शुक्ला, सीता तिवारी, ज्योत्स्ना मिश्रा, निधि तिवारी, लता दुबे, माया बाजपेई, एवं विभिन्न संगठन से बहने उपस्थित हुई कार्यक्रम के पश्चात प्रसाद वितरण एवं सल्पाहार की भी उचित व्यवस्था रखीगई।

### गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन 10 को छठ घाट में

**बिलासपुर**, 08 जुलाई (देशबन्धु)। सर्वधर्मार्थ कल्याण सेवा समिति के द्वारा गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन 10 जुलाई गुरुवार को पंडित देवशरण दुबे के पावन सानिध्य में छठ घाट सांस्कृतिक भवन, राजकिशोर नगर बिलासपुर में प्रात: 9 बजे से आयोजित किया जा रहा है। सर्वधर्मार्थ कल्याण सेवा समिति के द्वारा गुरु पूर्णिमा महोत्सव 10 जुलाई गुरुवार को सर्वाधर्मार्थ कल्याण सेवा समिति के संस्थापक शिव महापुराण, श्रीमद भागवत एवं श्रीराम कथा के मर्मज्ञ परम पूज्य गुरुदेव पंडित देवशरण दुबे के पावन सानिध्य में छठ घाट सांस्कृतिक भवन, राजकिशोर नगर बिलासपुर में प्रात 9 बजे से आयोजित किया गया है। जिसमें सर्वप्रथम प्रात 9 बजे बाल भोग द्वारा गुरु पूजन महोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ किया जायेगा। ततपश्चात प्रात10 बजे से 12:30 बजे तक गुरुवाणी एवं गुरुदीक्षा का कार्यक्रम होगा, जिसमे परम पूज्य गुरुदेव पंडित देवशरण दुबे अपनी अमृतमयी वाणी से सभी को सदुपदेश एवं आशीर्वचन प्रदान करेंगे। ततपश्चात चरण पादुका पूजन एवं गुरु पूजन किया जायेगा। उसके पश्चात गुरु मिलन वार्ता तथा परिचय सम्मलेन का भी आयोजन होगा। तत्पश्चात सामूहिक आरती कर सामूहिक प्रसाद का वितरण किया जाएगा। सर्वधर्मार्थ कल्याण सेवा समिति के शाखा प्रभारी डॉ.नागेंद्र नारायण शर्मा ने सभी अंचल वासियों, गुरु भाई-बहनों, सतसंग प्रेमीजनों एवं धर्मावलम्बियों से इस गुरु पूर्णिमा महोत्सव में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पुण्य लाभ प्राप्त करने हेतु निवेदन के साथ आग्रह किया है।



## अरपा तीरे पेड़ लगाना पुनीत कार्य - डॉ सोमनाथ

**बिलासपुर**, 08 जुलाई (देशबन्धु)। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के आव्हान पर पूरे प्रदेश में एक पेड़ मां के नाम पर वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम हुआ। मां अरपा नदी के तीरे स्काउट्स, गाइड्स द्वारा वृक्षारोपण किया गया।

डॉ. सोमनाथ यादव ने कहा कि जिला संघ बिलासपुर द्वारा वृक्षारोपण समारोह को मां अरपा नदी के किनारे करना निहायत जरुरी था, आज नदी सुख रही है इसलिए नदी ,तालाबों के किनारों में वृक्षारोपण करना और बड़ा होने तक सुरक्षित रखना दोनों कार्य जरूरी है इससे एक ओर नदी, तालाबों में जल भरा रहेगा और छाया, फल के साथ ही वातावरण भी प्रदूषण मुक्त होगा। इस अवसर पर कार्यक्रम के अध्यक्ष जिला मुख्य आयुक्त चंद्रप्रकाश बाजपेई और विशिष्ट अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी डॉ अनिल तिवारी ने कहा कि स्काउट्स एवं गाइड्स आज प्रण करे कि अपने जन्म दिन पर एक पेड़ लगाए और उसे बड़ा होने तक सुरक्षित रखे। विशिष्ट अतिथि माध्यमिक शिक्षा मंडल के सदस्य डॉ प्रफुल्ल शर्मा, बिलासा कला मंच के अध्यक्ष महेश श्रीवास, डॉ सुधाकर बिबे, डा भगवती प्रसाद चंद्रा,चंद्रप्रदीप बाजपेई, मनीष गुप्ता,दिनेश्वर जाधव, एम डी मानिकपुरी, विनोद गुप्ता, देवानंद दुबे, विजय यादव, भूपेंद्र शर्मा, मंजू यादव, गायत्री तिवारी नवनीत कौशिक आदि ने भी स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा किए गए सेवा कार्य की भूरी भूरी प्रशंसा की। राम सेतु और इंदिरा सेतु के मध्य अरपा नदी किनारे वृक्षारोपण समारोह में जिला संघ बिलासपुर के जिला सचिव लता यादव, माधुरी यादव, बीना यादव, संतोष त्रिपाठी, महेंद्र बाबू टंडन, डॉ. प्रदीप कुमार निर्णेजक, शत्रुहन सूर्यवंशी, नवीन यादव, अनिल सोनवानी, शमिता शर्मा, किरण बाला पांडे, डॉ. भारती दुबे, रश्मि तिवारी, डॉ.पूनम सिंह, बिलासा कला मंच के पदाधिकारीगण, विभिन्न स्कूलों के स्काउटर, गाइडर, रोवर लीडर, रेंजर रीडर के साथ भारी संख्या में स्काउट्स एवं गाइड्स शामिल हुए।



## आबकारी विभाग ने 3 दिनों तक अभियान चलाकर 11 स्थानों में छापे मार कर 9 लोगों को किया गिरफ्तार

### 192.28 लीटर शराब व 285 किलोग्राम महुआ लहान जब्त

**बिलासपुर**, 08 जुलाई (देशबन्धु)। आबकारी विभाग ने 3 दिनों तक अभियान चलाकर 11 स्थानों में छापे मारे और बड़ी मात्रा में देशी शराब ,महुआ शराब और लहान जब्त किया और 9 लोगों को आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया ।

आयुक्त आयुक्त श्याम लाल धावड़े के निर्देश और कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन और प्रभारी. सहायक आयुक्त आबकारी नवनीत तिवारी के नेतृत्व में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में अवैध शराब के खिलाफ सघन अभियान चलाया गया। 06, 07 और 08 जुलाई को चलाए गए इस विशेष अभियान में कोटा, सीपत, बिल्हा, तखतपुर और मस्तूरी वृत्त के गांवों में कुल 11 स्थानों पर छापामार कार्रवाई की गई।

अभियान के दौरान 11 प्रकरण कायम किए गए और 9 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। कार्यवाही में कुल 192.28 लीटर शराब (जिसमें 15.28 लीटर देशी शराब व 162 लीटर महुआ शराब शामिल है) और 285 किलोग्राम महुआ लहान जब्त किया गया। प्रकरणों को छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2), 59(क) के तहत पंजीबद्ध कर आरोपियों को जेल भेजा गया है।



आबकारी विभाग की टीम ने महादेव धनवर (हरदाडीह, सीपत) से 8.5 लीटर महुआ शराब अजय सोनी (राजकिशोर नगर) व संजू यादव (लिंगियाडीह) से कुल 15.48 लीटर देशी शराब,रामप्रसाद (पंडाकापा) से 9 लीटर शराब व 60 किलो लहान,कपसिया खुर्द (कोटा) में 60 लीटर लावारिस शराब और 225 किलो लहान,जलसो गांव (रतनपुर) तालाब किनारे से 55 लीटर महुआ शराब, रिस्दा गांव से मदनलाल मनहर के पास से 10.5 लीटर दूसरे राज्य की विदेशी शराब जब्त कर जेल भेजा गया।

इस कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी कल्पना राठौर, छबि पटेल, उपनिरीक्षक धर्मेंद्र शुक्ल, भूपेंद्र जामरे, ऐश्वर्या मिंज, समीर मिश्रा सहित विभागीय आरक्षक व चालक दल की अहम भूमिका रही।

## ब्रह्माकुमारी राजयोगिनी दिव्या दीदी की अगवाई में सभी भाई-बहनों ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से की मुलाकात

**बिलासपुर,** 08 जुलाई (देशबन्धु)। देश का राष्ट्रपति भवन उस समय सफेद हंसवाहक ब्रह्माकुमारीज भाई-बहनों से सज गया जब 07 जुलाई को ब्रह्मा कुमारीज की यातायात एवं परिवहन प्रभाग के पूरे भारत वर्ष से सभी वरिष्ठ सदस्य राष्ट्रपति भवन पहुंचे। ट्रांसपोर्ट एंड ट्रेवल विंग की अध्यक्षा ब्रह्माकुमारी राजयोगिनी दिव्या दीदी की अगवाई में सभी भाई-बहनों ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। इस उपलक्ष्य में राष्ट्रपति ने कहा कि जीवन एक यात्रा है और उसमें बहुत सावधानियां रखनी पड़ती है उसी प्रकार यातायात के नियमों का पालन करना भी बहुत आवश्यक है, क्योंकि प्रतिवर्ष एक युद्ध से भी ज्यादा रोड एक्सीडेंट में लोगों की मृत्यु होती है। जिससे उनका पूरा परिवार असहाय हो जाता है। मनुष्य का मन शांत और खुश होता है तो बाह्य स्थितियां भी सुखद हो जाती है। राष्ट्रपति ने ट्रांसपोर्ट एवं ट्रेवल विंग के 25 वर्ष से निरंतर की जा रही सेवाओं की रजत जयंती के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि देश और समाज के लिए आपकी सेवाएं अतुलनीय है।



राजयोगिनी दिव्या दीदी ने महामहिम राष्ट्रपति का शॉल, बुके से स्वागत किया। मुम्बई की बीके संगीता दीदी ने बहुत सुंदर कविता सुनाई। नेशनल कॉर्डिनेटर बीके कविता दीदी ने ट्रांसपोर्ट एंड ट्रेवल विंग कि पूरे भारतवर्ष में हो रही सेवाओं को विस्तार से बताया। यातायात एवं परिवहन प्रभाग के सदस्यों के लिए राष्ट्रपति भवन में स्वल्पाहार का आयोजन किया गया तथा पूरे राष्ट्रपति भवन एवं आनंद उद्यान का भ्रमण कराया गया। सभी सदस्यों ने नई पार्लियामेंट बिल्डिंग का भी सम्पूर्ण अवलोकन किया।

डॉक्टर कमल छाबड़ा पिछले कई दशकों से ब्रह्माकुमारीज के वरिष्ठ सदस्य के रूप में निरंतर मानवीय सेवा में प्रयासरत हैं। उनके द्वारा नगर में विभिन्न सेवाएं निरंतर की जाती है। उनकी सेवाओं को ध्यान में रखते हुए ब्रह्माकुमारीज के ट्रांसपोर्ट एवं ट्रेवल विंग द्वारा विशेष निमंत्रण दिया गया। इस उपलक्ष्य में डॉ कमल छाबड़ा ने पुलिस अधीक्षक भ्राता रजनेश सिंह द्वारा चलाए जा रहे चेतना अभियान के अंतर्गत यातायात की पाठशाला की संपूर्ण जानकारी यातायात एवं परिवहन प्रभाग की राष्ट्रीय अध्यक्ष बीके दिव्या दीदी को दी।

## चक्रधरपुर मंडल में आधुनिकीकरण कार्य करने से रेल यातायात रहेगी प्रभावित

**बिलासपुर**, 08 जुलाई (देशबन्धु)। दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर मंडल के गामहारीया जंक्शन-आदित्यपुर सेक्शन अप एवं डाउन लाइन में ट्रैक रिलेइंग ट्रेन मशीन के द्वारा आधुनिकीकरण का कार्य किया जा रहा है।

दिनांक 15 जुलाई से 04 अक्टूबर, 2025 तक कार्य किया जाएगा। इस दौरान दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से संबंधित यात्री गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा। इसमें रद्द होने वाली गाड़ियों का विवरण में दिनांक 15, 19, 22, 26, 29 जुलाई, 2025 एवं 02 अगस्त 2025 को गाड़ी संख्या 18113/18114 टाटा-बिलासपुरटाटा एक्सप्रेस रद्द रहेगी। दिनांक 09, 12, 16, 19, 23 एवं 26 अगस्त 2025 को गाड़ी संख्या 18109/18110 टाटा- नेताजी सुभाष चन्द्र बोस टाटा एक्सप्रेस रद्द रहेगी। इसी प्रकार परिवर्तित मार्ग से चलने वाली गाड़ियों का विवरण में दिनांक 18, 25 जुलाई, 2025, 01, 11, 18 एवं 25 अगस्त 2025 को गाड़ी संख्या 18477 पुरीयोगनगरी ऋषिकेश उत्कल एक्सप्रेस व्हाया कटक, सम्बलपुर सिटी, झारसुगुड़ा रोड, ईब होकर चलेगी। दिनांक 14, 21 एवं 28 जुलाई, 2025, 08, 15, 22, 29 अगस्त 2025 एवं 05, 12, 19, 26 सितंबर 2025 एवं 03 अक्टूबर, 2025 को गाड़ी संख्या 18478 योग नगरी ऋषिकेश उत्कल एक्सप्रेस व्हाया ईब, झारसुगुड़ा रोड, सम्बलपुर सिटी एवं कटक होकर चलेगी। दिनांक 15, 22 एवं 29 जुलाई, 2025 को दुर्ग से चलने वाली गाड़ी संख्या 13287 दुर्गआरा साउथ बिहार एक्सप्रेस सिनी- कान्ड्रा जंक्शन होकर चलेगी। दिनांक 18, 25 जुलाई, 2025 एवं 01 अक्टूबर, 2025 को आरा से चलने वाली गाड़ी संख्या 13288 आरा- दुर्ग साउथ बिहार एक्सप्रेस कान्ड्रा जंक्शन-सिनी होकर चलेगी। यात्रियों से अनुरोध है कि वे यात्रा करने से पहले नवीनतम ट्रेन समय-सारिणी और किसी भी बदलाव के लिए रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट या पूछताछ सेवा से संपर्क करें।

## सार-संक्षेप

### डीएसपीएम के गेट से रेस्क्यू किया हैचलिंग को



**कोरबा**, 08 जुलाई (देशबन्धु)। सीएसईबी के कोरबा स्थित डीएसपीएम प्लांट गेट से एक हैचलिंग को नोवा नेचर सोसायटी ने रेस्क्यू किया। इसके साथ कर्मियों को भयमुक्त किया गया। बिजली घर के गेट पर अजगर के बच्चे को देख कर्मी और सुरक्षा से जुड़े लोग डर गए। उन्होंने रेस्क्यू टीम प्रभारी जितेन्द्र सारथी को अवगत कराया। जितेन्द्र ने बताया कि रेस्क्यु के दौरान अजगर का बच्चा लगातार अपने आप को छुड़ाने का प्रयास किया साथ ही गुस्से से लगातार काटने का प्रयाय करता रहा फिर आखिरकार सुरक्षित रेस्क्यु कर थैले में डाला गया तब जाकर लोगों ने राहत की सांस ली। इसके बाद उसे सुरक्षित स्थान पर जंगल क्षेत्र में छोड़ दिया गया ताकि वह अपने प्राकृतिक आवास में स्वतंत्र रूप से रह सके। जितेंद्र सारथी ने बताया कि अजगर जहरीला नहीं होता और ऐसे मामलों में घबराने के बजाय तुरंत जानकारी देकर सुरक्षित रेस्क्यू कराना ही सही तरीका है।

### जैन मंदिर का 50वां स्थापना दिवस मनाया समाज ने



कोरबा, 08 जुलाई (देशबन्धु)। जैन मंदिर चौक बुधवारी बाजार स्थित दिगंबर जैन मंदिर में जैन मिलन समिति द्वारा अष्टांन्हिका महापर्व के शुभ अवसर पर आयोजित श्री 1008 सिद्धचक्र महामंडल विधान का पांचवा दिवस पूर्ण होने के साथ-साथ दिगंबर जैन मंदिर जी का 50 वां स्थापना दिवस का भी कार्यक्रम संपन्न हुआ। मंदिर प्रबंधन ने बताया कि वर्तमान में यहां सिद्ध चक्र महामंडल विधान चल रहा है। प्रात: 7 बजे से श्री जी का अभिषेक, शांति धारा एवं पूजन के पश्चात् श्री 1008 सिद्ध चक्र महामंडल विधान के कार्यक्रम में पांचवें दिन में 128 अर्घों के साथ विधान का कार्यक्रम संपन्न हुआ। भक्तांबर पाठ के साथ छठवें दिन 256 अर्घों के साथ आयोजन हुआ। अंकित जैन ने विधान पूरे किए। सागर के अंशुल जैन और उनके साथियों ने भजन प्रस्तुत किए। इस दौरान मंदिर परिसर का वातावरण खास हो गया।

### संसाधन केन्द्र में सचिवों ने किया रक्तदान

**कोरबा**, 08 जुलाई (देशबन्धु)। जिला पंचायत संसाधन केंद्र कोरबा में सचिव स्थापना दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में जिला सीइओ दिनेश नाग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सचिव संघ द्वारा जिला अस्पताल कोरबा के भर्ती मरीजों को फल वितरण किया गया। संगठन की ओर से इस अवसर पर रक्तदान शिविर किया गया। नगर निगम कोरबा आयुक्त आशुतोष पांडे, दिलीप कुमार, मोहम्मद हसन ,रहीम अली ,रविंद्र कुमार सिंह कवर, सहित पंचायत सचिवों ने रक्तदान किया। कार्यक्रम में जयपाल सिंह कंवर, राजकुमार रजक, मोहम्मद हसन सहित अन्य उपस्थित थे।



### वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन के शारदा महासचिव नियुक्त



**कोरबा,** 08 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संगठन ने जाने माने पत्रकार शारदा पाल को संभागीय महासचिव नियुक्त किया है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अवस्थी ने इस आशय का नियुक्ति पत्र जारी किया है। बिलासपुर संभाग के सभी जिलों में संगठन विस्तार और पत्रकारों के हितों के लिए काम करने का दायित्व शारदा पाल को दिया गया है। एक दशक से वह पत्रकारिता के क्षेत्र में काम करते हुए विभिन्न क्षेत्रों की ज्वलंत समस्याओं को सरकार तक पहुंचाने व प्रभावी पहल करने में सफल रहे हैं। उनकी नियुक्ति पर जिले के पत्रकारों ने हर्ष व्यक्त किया है।

### गुरु पूर्णिमा महोत्सव 10 को



**कोरबा,** 08 जुलाई (देशबन्धु)। सर्वधर्मार्थ कल्याण सेवा समिति का गुरु पूर्णिमा महोत्सव 10 जुलाई को सर्वाधर्मार्थ कल्याण सेवा समिति के संस्थापक पंडित देवशरण दुबे के सानिध्य में छठ घाट सांस्कृतिक भवन में मनाया जाएगा। जिला कोरबा शाखा प्रभारी डॉ.नागेंद्र नारायण शर्मा ने संबंधित लोगों से उपस्थित होने आग्रह किया है।

### आषाढ़ पूर्णिमा पर होगी हसदेव आरती

**कोरबा**, 08 जुलाई (देशबन्धु)। आषाढ़ पूर्णिमा पर नमामि हसदेव सेवा समिति द्वारा माँ सर्वमंगला घाट कोरबा पर हसदेव आरती 10 जुलाई को सायं 5 बजे से की जाएगी। कार्यक्रम में अधिवक्ता बृजेश शुक्ला, अवधेश सिंह ठाकुर, रिखीराम यादव, सीताराम राठौर यजमान होंगे। समिति द्वारा कोरबावासियों से अधिक से अधिक संख्या में हसदेव आरती में सहभागी होने का आग्रह किया है।

### सिविल सेवा परीक्षा : आवेदन आमंत्रित

**कोरबा**, 08 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी जिला-रायपुर में कराने हेतु निजी कोचिंग संस्थाओं के माध्यम से जिला-कोरबा के पात्र अभ्यर्थियों को नि: शुल्क आवासीय प्रशिक्षण, भोजन एवं शिक्षण उपलब्ध कराने के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है। जिसकी अंतिम तिथि 06 अगस्त 2025, समय-सांय 3.30 बजे तक है। आवेदन पत्र आवश्यक दस्तावेज के साथ सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास कोरबा, जिला-कोरबा (छ.ग.) के नाम से कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास कोरबा आई.टी.आई. रामपुर, कलेक्टोरेट परिसर बिल्डिंग- प्रथम तल कोरबा, जिला-कोरबा (छ.ग.) पिन कोड 495677 में जमा किया जायेगा। आवेदक को कोरबा जिला का मूल निवासी होना अनिवार्य है।

### हसदेव नदी किनारे लगाए गए पौधे



**कोरबा**, 08 जुलाई (देशबन्धु)। हसदेव के किनारे हरियाली बिखेरने के लिए कई प्रजापति के पौधों का रोपण शिव फाउंडेशन व स्काउट-गाइड ने किया। सभापति नूतन सिंह ठाकुर ने कहा कि पौधों का रोपण एक नेक कार्य है। कोरबा के औद्योगिक परिवेश के लिए तो यह नितांत आवश्यक है। इससे प्रदूषण भी नियंत्रित होता है। सभापति ने कहा कि जिले की स्काउट गाइड की टीम रचनात्मक और सामाजिक सरोकार के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभा रही है। विशिष्ट अतिथि वार्ड क्रमांक 42 के पार्षद सत्येन्द्र दुबे ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के आह्वान पर एक पेड़ मां के नाम अभियान पूरे देश में चल रहा है। आज का कार्यक्रम भी इसी अभियान का एक अंग है।

# शराब के नशे में पब और सड़क पर हंगामा, पुलिस से भी हुज्जतबाजी

#### नहीं आई शिकायत इसलिए अपराध दर्ज नहीं



**कोरबा,** 08 जुलाई (देशबन्धु)। ट्रांसपोर्ट नगर स्थिम पॉम मॉल के ओएनसी में एक बार फिर नशाखोरों ने रुपए खर्च किए और फिर नशे में विवाद के साथ मारपीट की। पब के बाद बाहर सड़क पर उनका हंगामा जारी रहा। इस दौरान एक गाड़ी को नुकसान पहुंचाने की खबर है। सूचना मिलने पर जब नियंत्रण के लिए पुलिस पहुंची तो एक युवती और युवक ने अभद्रता की। हैरानी की बात यह है कि शिकायतकर्ता के सामने नहीं आने का तर्क देकर पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की।

खबर के अनुसार मध्य रात्रि के बाद यह तमाशा हुआ। सिविल लाइन थाना के सीएसईबी चौकी क्षेत्र के अंतर्गत वन नाइट क्लब में दो गुटों के बीच किसी बात को लेकर विवाद शुरू हुआ। विवाद बढ़ा तो दोनों गुट सड़क पर आ गए। यहां मारपीट की गई। एक थार वाहन में तोड़फोड़ भी की गई। जो तस्वीरें सामने आई उनमें नशे में झूमती कम कपड़े वाली युवती ने सड़क पर जमकर ड्रामा किया। वह गाड़ी पर बैठे एक युवक को अपना पति बताते रही। इस दौरान पुलिस ने उसे समझाया और थाना चलकर शिकायत करने को कहा तो वह गाली-गलौच पर उतर आई। मध्य रात्रि को यह तमाशा देखने के लिए लोग जमे रहे जिन्होंने यहां का वीडियो तैयार किया। कई प्लेटफार्म में यह सुर्खियां बटोर रहा है। इससे पहले भी ओएनसी में इस प्रकार की घटनाएं हो चुकी है और इस वजह से शहर के वातावरण पर बुरा असर पड़ रहा है।

**लैला कैफे समेत 4 दुकानें सील**

एक अन्य कार्यवाही में नगर निगम ने लैला कैफे सहित 4 दुकानों को सील कर दिया। नशाखोरी पर एक्शन के तहत यह सब किया गया। निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के निर्देश पर निगम में अभियान के नोडल अधिकारी व उपायुक्त पवन वर्मा के नेतृत्व में संयुक्त टीम ने निहारिका क्षेत्र में छापामार कार्यवाही की। बताया गया कि संबंधित दुकानों में नियम विरूद्ध काम करने की शिकायतें मिली रही थी। कार्यवाही के दौरान नोडल अधिकारी श्री वर्मा के साथ ही जोन कमिश्नर भूषण उरांव, राष्ट्रीय तम्बाखू नियंत्रण कार्यक्रम की



जिला सलाहकार डॉ.मानसी जायसवाल, संपदा अधिकारी अनिरूद्ध सिंह, उप जोन प्रभारी सुमित गुप्ता, अतिक्रमण प्रभारी गोयल सिंह विमल, विनोद गोंड़, विकास शुक्ला, भावेश यादव आदि के साथ टीम के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## पेण्ड्रा मार्ग पर लैंगा में ट्रेलर पलटा, दूसरा वाहन फंसने से जाम



**कोरबा,** 08 जुलाई (देशबन्धु)। कोरबा जिला अंतर्गत कटघोरा-पेंड्रा मार्ग पर कोयला परिवहन कर रहा एकाएक एक ट्रैलर बेकाबू होकर बीच सड़क पलट गया। इस दौरान किनारे से दूसरा ट्रैलर निकलने के चक्कर में फंस गया, जिससे मार्ग पर जाम लगने से 5 घंटे तक राहगीर परेशान हुए।

जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह लगभग 8 बजे पसान थाना अंतर्गत जटगा-पसान के बीच राजमार्ग पर लैंगा क्षेत्र में बिहारी ढाबा के पास हुई। मार्ग पर कोयला परिवहन कर रहे ट्रैलर वाहन पलट गया। बीच सड़क पर पलटे ट्रैलर के ट्राला से कोयला निकलकर बिखर गया। घटना में केबिन में फंसे चालक को कांच तोड़कर निकला गया।

सड़क के बीचों-बीच ट्रैलर के पलटने के बाद मार्ग पर कोयला परिवहन कर रहा एक अन्य ट्रैलर के चालक ने किनारे की ओर बचे हुए जगह से वाहन निकालने का प्रयास किया। इस दौरान मिट्टी गीली होने से ट्रैलर का पिछला चक्का धंस गया, जिससे उक्त ट्रैलर भी वहां पर फंस गया। ऐसे में मौके पर दोपहिया वाहन के ही मुश्किल से निकलने की जगह बच गई थी। वहीं दुर्घटनास्थल के दोनों ओर चार पहिया समेत अन्य हल्के व भारी वाहन खड़े होते चले गए, जिससे जाम लग गया। बारिश के बीच कई घंटे तक जाम लगे होने से परेशान राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। पसान थाना प्रभारी श्रवण विश्वकर्मा ने बताया कि 5 घंटे बाद मौके से जाम समाप्त किया जाना संभव हो सका।

## बारिश से क्षति का आंकलन कर पीड़ितों को दें राहत

#### विभागीय अधिकारियों को दिए गए निर्देश



**कोरबा,** 08 जुलाई (देशबन्धु)। मौजूदा सीजन में बारिश की वजह से कई क्षेत्रों में समस्याएं हो रही है। प्रशासन ने अधिकारियों को कहा कि बारिश से जहां कहीं भी क्षति हुई हो, उसका आंकलन करने के साथ प्रभावितों को राहत दी जाए।

कलेक्टर के निर्देश पर निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने समीक्षा बैठक ली। उन्होंने कृषि, राजस्व, नगर निगम , पंचायत, विद्युत सहित अन्य विभागों को बारिश से होने वाली क्षति का समय पर आकलन करने को कहा। शासकीय योजनाओं एवं विभागीय कार्यो की अद्यतन प्रगति की जानकारी ली। विद्युत विभाग के अधिकारियों को ग्रामीण क्षेत्रों में अनावश्यक बिजली कटौती की समस्याओं को गम्भीरता से दूर करने के लिए कहा। जिले के दूरस्थ क्षेत्रों के विद्युतविहीन बसाहटों, मजरा टोलों में विद्युत कनेक्शन पहुँचाने हेतु किए जा रहे सर्वे कार्य को भी यथाशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। सभी एसडीएम को कहा गया कि शिक्षा, स्वास्थ्य, संस्कृति जैसे कार्यों में रूचि ली जाए। सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के मरीज वार्ड में एसी लगाने के कार्य मे भी प्रगति लाने को भी कहा गया। इस अवसर पर सहायक कलेक्टर क्षितिज गुरभेले, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दिनेश कुमार नाग, अपर कलेक्टर मनोज बंजारे सहित सभी एसडीएम, जनपद सीईओ एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## बांकीमोंगरा पालिका में शराब खोरी व संदिग्ध गतिविधियों को शिकायत

#### भाजपा नेताओं ने ही किया शिकायत

#### मंडल अध्यक्ष के चरित्र पर भी उठाया सवाल

**कोरबा,** 08 जुलाई (देशबन्धु)। कोरबा जिले की नगर पालिका अपने गठन के साथ विवादों में उलझी हुई है। प्रथम आम निर्वाचन में भाजपा को यहां जीत मिली। खबर है कि नाम के लिए परिषद की नेता निर्वाचित हुई हैं लेकिन कंट्रोल कहीं और से हो रहा है। इस चक्कर में अनाप-शनाप काम यहां पर हो रहे हैं। बीच में एक-दो बार ऐसी स्थिति बनी जब रात्रि में भी 2-3 घंटे कार्यालय खुला रहा एवं शराबखोरी, पिकनिक किये जकी खबर है। अब ऐसे मामलों को लेकर भाजपा नेताओं ने भी यहां के क्रियाकलापों पर सवाल खड़े किए है।



6 जुलाई को बांकीमोंगरा में सरकार की विभिन्न योजनाओं के लोकार्पण व भूमिपूजन के लिए उप मुख्यमंत्री व कोरबा जिले के प्रभारी मंत्री अरूण साव का दौरा हुआ। उन्होंने करोड़ों के काम को मंजूर भी किया। इलाके को सौगात दी। खबर है कि इसी दौरान भाजपा के एक धड़े से जुड़े लोगों के द्वारा उप मुख्यमंत्री को बताया गया है कि नगर पालिका में मनमाने काम चल रहे हैं। ऐसे कार्यों का औचित्य नहीं है। रात्रि को भी कार्यालय खुल रहा है। इससे संदेह उपजता है कि कुछ न कुछ गड़बड़ हो रही है। मौके पर शराबखोरी जैसी गतिविधियों के बारे में भी शिकायत की गई। इन गतिविधियों पर रोक लगाने और नगर पालिका के अब तक के कार्यों की जांच की मांग भी उठ गई है। पिछले दिनों ऐसे ही एक प्रकरण को लेकर कांग्रेस पार्षदों ने प्रदर्शन किया था जिस पर सीएमओ ज्योत्सना टोप्पो दुर्व्यवहार का शिकार हो गई।

उनकी रिपोर्ट पर कई लोगों के खिलाफ बांकी पुलिस ने गैर जमानती धाराओं में प्रकरण दर्ज किया। तब से नामजद लोग फरार है। इसके ठीक उल्टे अब भाजपा खेमा के द्वारा ही अपने ही समकक्षों की शिकायत उप मुख्यमंत्री से की गई है जिससे सवाल खड़े हो गए हैं कि क्या कार्यकर्ताओं की आपस में नहीं पट रही है। जानकारी यह भी मिली है कि नगर पालिका बांकीमोंगरा क्षेत्र के मंडल नेताओं व उससे जुड़े मामले में कुछ नेताओं के चरित्र पर भी उंगली उठाई गई है। अगर यही चलता रहा तो आने वाले दिनों में यहां सिर-फुटव्वल के हालात बन सकते है।

## रास्ते में खड़े ट्रेलर में लगी आग, दमकल ने किया काबू

**कोरबा,** 08 जुलाई (देशबन्धु)। सर्वमंगला-कुसमुंडा मुख्य मार्ग पर बरमपुर मोड़ के पास सड़क किनारे खड़े एक ट्रेलर वाहन में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। समय रहते पुलिस और दमकल विभाग की त्वरित कार्रवाई से बड़ा हादसा टल गया।

घटना मंगलवार को सर्वमंगला-कुसमुंडा मार्ग पर हुई, जहां एक ट्रेलर चालक कोरबा से कुसमुंडा खदान में कोयला लोड करने जा रहा था। चालक ने बरमपुर मोड़ पर वाहन खड़ा कर चाय-नाश्ता करने के लिए पास की दुकान पर गया था। इसी दौरान ट्रेलर में अचानक आग लग गई। हल्की बारिश के बावजूद आग तेजी से फैली और ट्रेलर पूरी तरह जलने लगा। चालक के अनुसार वाहन रनिंग कंडीशन में था और संभवत: शॉर्ट सर्किट या चूहे द्वारा तार काटने के कारण आग लगी हो सकती है। आसपास अन्य ट्रक भी खड़े थे, जिससे आग फैलने का खतरा बढ़ गया था। अगर ट्रेलर का डीजल टैंक फट जाता, तो बड़ा हादसा हो सकता था।

घटनास्थल पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई, जो मोबाइल से वीडियो बनाने में व्यस्त थे। इससे सड़क पर जाम की स्थिति बनने लगी थी। सूचना मिलते ही सर्वमंगला चौकी प्रभारी विभव तिवारी अपने स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने तत्काल दमकल वाहन को बुलाया और आसपास के लोगों को घटनास्थल से दूर रहने की हिदायत दी। पुलिस ने अन्य खड़े वाहनों को सुरक्षित हटवाया और भीड़ को नियंत्रित किया।

कुछ राहगीरों को सड़क पर रुककर वीडियो बनाने के लिए पुलिस ने फटकार भी लगाई। पुलिस ने चालक और आसपास के लोगों के बयान दर्ज किए हैं। घटना क्यों हुई, इसके लिए विश्लेषण किया जा रहा है।

## अर्द्धनग्न महिला की जली लाश मिली, सबूत मिटाने का संदेह

#### पुलिस कर रही जांच मामले की

**कोरबा,** 08 जुलाई (देशबन्धु)। अरसे से सुर्खियों में बने बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक महिला का जला हुआ शव मिलने से सनसनी फैल गई। उसके शरीर पर कोई कपड़े नहीं है। सोमवारी बाजार के पीछे के हिस्से में शव पाया गया। कयास लगाया जा रहा है कि घटना को अंजाम देने वालों ने सबूत मिटाने की गरज से ऐसी हरकत की। अलग-अलग एंगल पर पुलिस मामले की जांच में लगी हुई है।

बांकीमोंगरा पुलिस ने मामले में मर्ग कायम किया है और हत्या के आधार पर जांच कर रही है। स्थानीय लोगों की नजर जब जली हुई लाश पर पड़ी, तो उन्होंने पुलिस को सूचित किया। पुलिस के अनुसार महिला का शव बुरी तरह जल चुका है और वह अर्धनग्न अवस्था में था। घटनास्थल पर फॉरेंसिक विशेषज्ञों और डॉग स्क्वॉड की टीम को बुलाया गया है ताकि साक्ष्य एकत्र किए जा सकें। पुलिस महिला की पहचान करने में जुटी है, लेकिन अभी तक शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। बांकी मोंगरा पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू कर दिए हैं और स्थानीय लोगों से पूछताछ कर रही है। प्रारंभिक जांच में पुलिस को हत्या के बाद शव को जलाकर सबूत मिटाने की साजिश का शक है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और जांच को तेज कर दिया है। इस घटना ने सोमवारी बाजार और आसपास के इलाके में दहशत फैला दी है। स्थानीय लोग इस जघन्य घटना से स्तब्ध हैं और प्रशासन से जल्द से जल्द दोषियों को पकड़ने की मांग कर रहे हैं। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि यदि किसी के पास इस मामले से संबंधित कोई जानकारी हो, तो वह तुरंत थाने में संपर्क करें। पुलिस इस मामले को गंभीरता से ले रही है और सभी संभावित पहलुओं की जांच कर रही है। याद रहे तीन दिन पहले ही इसी इलाके में अश्वनी पाठक की गला रेत कर हत्या कर दी गई। बाद में मालूम चला कि उसकी पत्नी और कुछ युवकों की भूमिका हत्या में रही। उन्हें गिरफ्तार किया गया।



## 33 हितग्राहियों को आवास के स्वीकृति पत्र दिए मेयर ने

**कोरबा**, 08 जुलाई (देशबन्धु)। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने आज निगम कार्यालय साकेत में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 '' मोर जमीन-मोरी मकान '' बी.एल.सी. घटक के 33 हितग्राहियों को आवास स्वीकृति पत्र एवं भवन निर्माण अनुमति पत्र प्रदान किया, इस मौके पर आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय भी उपस्थित थे।



प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के तहत '' मोर जमीन-मोर मकान '' बी.एल.सी. घटक अंतर्गत नगर निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत वर्तमान में 722 नए हितग्राहियों को आवासगृहों की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। उन्होंने हितग्राहियों से कहा कि आपके वार्ड पार्षद व निगम के अधिकारी आपका पूरा सहयोग करेंगे, आप समय-समय पर अपनी समस्याएं उन्हें अवश्य बताएं। आयुक्त ने सरकारी अनुदान के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर निगम के अधीक्षण अभियंता व नोडल अधिकारी सुरेश बरूआ, पार्षद रवि सिंह चंदेल, सहायक नोडल अधिकारी विवेक रिछारिया, प्रधानमंत्री आवास योजना के सी.एल.टी.सी. धवल शर्मा, हर्ष छत्रवाणी, अंकुश पाटकर, अमन शर्मा आदि के साथ हितग्राहीगण व अन्य लोग उपस्थित थे।

## कदमझेरिया को मिले 2 शिक्षक, पढ़ाई हुई आसान

**कोरबा**, 08 जुलाई (देशबन्धु)। कदमझेरिया स्कूल को युक्तियुक्तकरण के बाद 2 शिक्षक मिल गए हैं। पहले यहां समस्याएं थी। नई व्यवस्था से पढ़ाई आसान हुई है।

पोड़ी-उपरोड़ा विकासखंड के कदमझेरिया में सरकार की व्यवस्था के अंतर्गत 2 शिक्षक पदस्थ कर दिए गए हैं। इस विद्यालय में भले ही विद्यार्थियों की संख्या कम है, लेकिल इस एकलशिक्षकाय विद्यालय में अब दो शिक्षक हो गए है। पहाड़ो और जंगलों के बीच मौजूद इस प्राथमिक शाला में पढ़ाई करने वाले ज्यादातर विद्यार्थी पहाड़ी कोरवा जनजाति के है। विद्यालय की पहाड़ी कोरवा छात्रा ज्योति, राजेश, जितेश और सुमित्रा ने बताया कि




अब हमारे स्कूल में एक शिक्षक के बाद एक शिक्षिका आ गई हैं। अब पहले से ज्यादा पढ़ाई भी हो रही है। शिक्षक नहीं होने या कम शिक्षक होने से बच्चों के पालक भी परेशान होते थे। अब ऐसा नहीं है। ऐसे ही कोरबा विकासखण्ड के अंतर्गत ग्राम कदमझेरिया का प्राथमिक शाला है। पहले हमारे सर एक कमरे में दूसरे कक्षा के विद्यार्थी को पढ़ाते थे तब अन्य कक्षा खाली रह जाता था। अब ऐसा नहीं है। अब स्कूल में नया मैडम के आने से हम लोग को भी अच्छा लगता है।

## कोराई के पास पुल धंसा, लंबा फेरा लगाने की मजबूरी

**कोरबा,** 08 जुलाई (देशबन्धु)। कटघोरा ब्लाक के ढेलवाडीह क्षेत्र में भारी बारिश के कारण देवरी और कोराई के बीच नदी पर बना पुल टूट गया। इसके चलते दीपका से बांकी मोंगरा का संपर्क पूरी तरह कट गया। इस घटना से कई गांवों के ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों को आसपास में जाने के लिए अब लंबा फेरा लगाने को मजबूर होना पड़ रहा है।

बताया गया कि बांकीमोंगरा से देवरी होते हुए दीपका जाने वाले मार्ग पर आवागमन ठप हो गया है। ग्रामीणों ने बताया कि इस घटना से उनकी दैनिक गतिविधियां बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। बच्चों को स्कूल भेजने, काम पर जाने और अन्य जरूरी कार्यों के लिए उन्हें लंबा रास्ता तय करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल पुल की मरम्मत की मांग की है, ताकि उनकी परेशानियां कम हो सकें। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुल टूटने से न केवल उनकी दिनचर्या प्रभावित हुई है, बल्कि आपात स्थिति में भी उन्हें भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है।



उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया है कि पुल की मरम्मत या वैकल्पिक व्यवस्था के लिए तुरंत कदम उठाए जाएं। जिला प्रशासन ने पुल टूटने की घटना का संज्ञान लिया है और स्थिति का जायजा लेने के लिए एक जांच टीम गठित की है। प्रशासन ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया है कि पुल की मरम्मत के लिए यथाशीघ्र कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, वैकल्पिक मार्गों और व्यवस्थाओं पर भी विचार किया जा रहा है ताकि ग्रामीणों को तत्काल राहत मिल सके।

## सार-संक्षेप

### पेयजल परियोजना के लिए 185 करोड़ रुपये की मिली वित्तीय स्वीकृति

**चिरमिरी,** 08 जुलाई (देशबन्धु)। चिरमिरी वासियों के लिए बड़ी खुशखबरी है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के अथक प्रयासों से चिरमिरी क्षेत्र को वर्षों पुरानी पेयजल समस्या से निजात मिलने जा रही है। अमृत मिशन 2.0 योजना के अंतर्गत राज्य शासन ने चिरमिरी नगर निगम क्षेत्र में पेयजल परियोजना के लिए 185 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। यह परियोजना लंबे समय से पेयजल संकट से जूझ रहे सैकड़ों परिवारों के लिए राहत लेकर आएगी। पानी की अनियमित आपूर्ति और गंदे पानी की समस्या से परेशान क्षेत्रवासियों को अब नियमित और स्वच्छ जल मिल सकेगा। स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने इस स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री और शहरी प्रशासन विभाग का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह परियोजना चिरमिरी क्षेत्र के विकास में एक मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने बताया कि जल्द ही निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा। जल्द ही चिरमिरी की धरती पर बहता साफ़ और शुद्ध जल न केवल स्वास्थ्य लाभ देगा बल्कि नागरिकों का जीवन स्तर भी ऊँचा उठाएगा।स्थानीय नागरिकों ने इस पहल के लिए मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल का आभार व्यक्त किया और कहा कि वर्षों बाद किसी जनप्रतिनिधि ने क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं को गंभीरता से लिया है।



**स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के प्रयासों से चिरमिरी को मिली बड़ी सौगात, पेयजल संकट होगा समाप्त**

### नशे में धुत्त जवानों का हुआ वीडियो वायरल ,एसपी ने जांच के दिए आदेश

**रायगढ़** 08 जुलाई (देशबन्धु)। रायगढ़ में वर्दीधारी जवानों की शर्मनाक हरकतों के दो वीडियो तेजी से वायरल हो रहे हैं। पहला वीडियो रविवार को सामने आया, जिसमें छठवीं बटालियन के दो जवान शराब के नशे में धुत्त होकर केवड़ाबाड़ी बस स्टैंड पहुंचे। वहां उन्होंने एक ऑटो चालक से किसी बात पर विवाद शुरू कर दिया। दोनों जवान ऑटो चालक से बहस करते हुए जमकर गाली-गलौज करने लगे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोनों जवान बुरी तरह नशे में थे, यहां तक कि एक का पैर भी लड़खड़ा रहा था। लोगों ने इस पूरी घटना का वीडियो बना लिया, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। हंगामे के बाद दोनों जवान वहां से चले गए, तब जाकर माहौल शांत हुआ। दूसरा घटना चक्रधरनगर थाने में पदस्थ एक पुलिसकर्मी रामभांठा मोहल्ले में शराब के नशे में गाली-गलौज करता नजर आया। मोहल्लेवासियों ने पहुंचकर उसे काफी समझाया, जिसके बाद वह वहां से चला गया। बताया जा रहा है कि यह पुलिसकर्मी पहले भी ऐसी हरकत कर चुका है। इस पूरे मामले पर डीएसपी सुशांत बनर्जी ने कहा कि वीडियो सामने आने के बाद पुलिस अधीक्षक ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं। जांच के बाद दोषियों पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी।



### अज्ञात वाहन ने बाईक सवार 2 युवकों को रगड़ा,एक की मौके पर मौत दूसरा गंभीर

**रायगढ़** 08 जुलाई (देशबन्धु)। तमनार थाना क्षेत्र से बड़ी घटना सामने आई है जिसमे सडक हादसे में बाईक सवार एक कि मौत हो गई दूसरे कि हालत गंभीर है। बाईक में सवार मृतक का नाम धनेश्वर राठिया पिता मोती राठिया उम्र 18 वर्ष निवासी कोगनारा थाना घरघोड़ा घायल का नाम गोलू राठिया पिता विजय राठिया उम्र 19 वर्ष निवासी कोगनारा थाना घरघोड़ा है। कुछ समय पूर्व हुकराडीपा चैक शनि मंदिर के पास अज्ञात वाहन कि चपेट में आने से बाईक सवार एक युवक कि मौत हो गई है दुसरे कि हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना लगभग 4:40 के आसपास कि बताई जा रही है। प्रत्यक्ष दर्शीयो कि माने तो टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मोटरसाइकिल के परखच्चे उड़ गये। घटना कि सुचना मिलते ही तुरंत बाद 112 मौके पर पहुँच कर शव और घायल को हॉस्पिटल पहुंचाया गया है। बताये अनुसार मृतक और घायल कोगनारा थाना घरघोड़ा के बताये जा रहे है। तमनार पुलिस सामुदायिक स्वस्थ केंद्र तमनार पहुंच गई है मृतक का शव पंचनामा भरकर आगे कि जाँच कार्यवाही में जुट गई है। घायल का उपचार जारी है। घटना कि सुचना मिलने के के बाद मृतक और घायल के परिजन तमनार के लिए निकल गये है। स्थानीय जनों कि माने से सडक में फ्लाइ एस कि ओवर लोड से भरी गाड़ियाँ धड़ल्ले से दौड़ रही है से घटना होने कि आशंका ब्यक्त कर रहे है। ग्रामीणों का कहना है कि चुकी मृतक और घायल घरघोड़ा क्षेत्र के होने के कारण 112 ने तत्काल आनन फानन में मृतक के शव को और घायल को हॉस्पिटल पहुँचा दिया जबकि परिजन मौके पर नहीं पहुँच पाए थे घटना में तमनार क्षेत्र के स्थानीय होते तो चक्का जाम व अन्य परिस्थितियों से गुजरना पढता।



### रायगढ़ में निगम का अतिक्रमण विरोधी अभियान तेज, कमिश्नर ने खुद संभाली कमान

**रायगढ़** 08 जुलाई (देशबन्धु)। शहर को स्वच्छ, सुगठित और अतिक्रमण मुक्त बनाने के उद्देश्य से नगर निगम ने सोमवार सुबह बड़ा अभियान चलाया। निगम आयुक्त श्री क्षत्रिय ने स्वयं सुबह 6:30 बजे से अभियान की कमान संभाली और बड़पारा, गंधरी पुल तथा गांधीगंज क्षेत्रों में अवैध निर्माण और गंदगी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की। अभियान की शुरुआत बड़पारा और गंधरी पुल क्षेत्र से हुई। आयुक्त के निर्देश पर शराब भट्टी के पास बने अवैध चखना सेंटर को जेसीबी मशीन की सहायता से ध्वस्त कर दिया गया। साथ ही, क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित ठेले भी जब्त किए गए। आरपीएफ बैरक परिसर में निरीक्षण के दौरान जमे कंडम वाहन और कबाड़ हटवाने के निर्देश दिए गए। नाली की अवरुद्ध निकासी को दुरुस्त करते हुए, पानी निकासी में अवरोधक दीवार को भी तोड़वाया गया। भट्टी क्षेत्र में जमा डिस्पोजेबल कचरा हटवा कर सफाई कराई गई। आबकारी विभाग को पत्र लिखकर कचरा प्रबंधन के लिए डस्टबिन लगाने के निर्देश भी दिए गए। इसके पश्चात श्री क्षत्रिय गांधीगंज पहुंचे, जहां उन्होंने सफाई व्यवस्था का जायजा लिया और अव्यवस्थित वाहनों के लिए मुनादी करवाई। क्षेत्र में फैले कचरे को निगम की सफाई टीम और जेसीबी मशीन की सहायता से हटवाया गया। आयुक्त ने व्यापारियों से संवाद कर अपील की कि वे कचरा सड़क पर न फेंके और उसे निगम के वाहनों या स्वच्छता दीदियों को ही सौंपें। उन्होंने अतिक्रमण निवारण दल को निर्देश दिए कि नाले पर किए गए अवैध निर्माण को तत्काल हटाया जाए। साथ ही ट्रैफिक विभाग के सहयोग से अव्यवस्थित पार्किंग पर चालानी कार्रवाई करने की भी बात कही। आयुक्त की इस पहल ने न केवल प्रशासनिक सक्रियता को दर्शाया, बल्कि नागरिकों को स्वच्छता और जिम्मेदारी का संदेश भी दिया। नगर निगम का यह अभियान आगे भी विभिन्न वार्डों में जारी रहेगा।



# पात्र हितग्राहियों को समय पर मिले योजनाओं का लाभ- कलेक्टर

## जिला स्तरीय समीक्षा बैठक में योजनाओं की प्रगति, स्वास्थ्य सेवाएं और कृषि कार्यों की विस्तृत समीक्षा

**कोरिया,** 08 जुलाई (देशबन्धु)। कोरिया कलेक्टरेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा बैठक में कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी ने विभिन्न विभागों की योजनावार प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर और प्रभावी रूप से पहुंचे, इसके लिए निरंतर निगरानी और जमीनी क्रियान्वयन आवश्यक है।

बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास, नगरीय निकाय, स्वास्थ्य, स्कूल शिक्षा, समाज कल्याण, अनुसूचित जाति व जनजाति विकास, श्रम, पशुपालन एवं कृषि विभाग सहित विभिन्न योजनाओं की सिलसिलेवार समीक्षा की गई।

### जनजातीय ग्रामों पर विशेष जोर

कलेक्टर ने 'धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान' की प्रगति की समीक्षा करते हुए बताया कि जिले के 154 जनजातीय ग्रामों का चयन किया गया है, जहाँ रह रहे परिवारों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने हेतु 15 जुलाई तक सभी गैप्स को भरने के निर्देश दिए गए हैं।

### स्वास्थ्य सेवाओं को प्राथमिकता

कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी स्कूलों में विद्यार्थियों को आयरन टेबलेट व आंगनबाड़ी केंद्रों में आयरन सिरप पिलाने की व्यवस्था की जाए और सिकलसेल, टीबी जांच तथा आयुष्मान कार्ड निर्माण प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण किया जाए।



कलेक्टर ने बुजुर्गों एवं मानसिक रोगियों के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविर, मौसमी बीमारियों की रोकथाम हेतु दवाओं की उपलब्धता और सांप काटने की घटनाओं को ध्यान में रखते हुए सभी स्वास्थ्य केंद्रों में एंटीवेनम वैक्सीन की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

### निरीक्षण और जवाबदेही के निर्देश

कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने सभी अपर कलेक्टर, एसडीएम और जिलाधिकारियों को रोस्टर अनुसार आश्रम शालाओं, स्कूलों, स्वास्थ्य केंद्रों, आंगनवाड़ी केन्द्रों, राशन दुकानों की आकस्मिक निरीक्षण करने और संबंधित संस्थानों की स्थिति की रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। संस्थानों में कमी मिलने पर तात्कालिक सुधार और लापरवाह कर्मचारियों पर कार्रवाई के स्पष्ट निर्देश भी दिए गए। कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा स्वास्थ्य अधिकारी से कहा है कि किसी भी हालत में जीर्ण भवनों में कक्षा व केंद्र का संचालन न करें, बल्कि मरम्मत करने की कार्यवाही तक अन्य कक्ष व भवनों में संचालित करने की व्यवस्था करें।

### नालियों का कराएं नियमित सफाई

कलेक्टर ने तीनों नगरीय निकायों के अधिकारियों से कहा है कि नियमित रूप से नालियों का सफाई कराएं व व्यवस्था का निरीक्षण भी करें, मोहल्ले व कॉलोनियों में कीटनाशक व मच्छर मारने की दवा का छिड़काव भी करें।

### किसानों को प्रोत्साहन और कृषि सामग्री की उपलब्धता

कृषि, मार्कफेड और बीज निगम के अधिकारियों को किसानों को समय पर खाद और बीज उपलब्ध कराने तथा उन्हें धान की जगह दलहन-तिलहन फसलें लगाने के लिए प्रेरित करने को कहा गया। साथ ही, दलहन- तिलहन फसलों के लाभ की जानकारी भी किसानों को देने के निर्देश दिए गए।

### समय-सीमा में शिकायतों का समाधान अनिवार्य

जनदर्शन, पीएम पोर्टल और सीएम पोर्टल में प्राप्त शिकायतों और आवेदनों का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश भी बैठक में दिए गए।

आज जनदर्शन में 40 आवेदकों ने कलेक्टर के समक्ष विभिन्न समस्याओं से सम्बंधित आवेदन दिए। कलेक्टर ने इन सभी आवेदनों को समय पर निराकरण करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। इस बैठक में जिला पंचायत सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, एसडीएम श्रीमती दीपिका नेताम, श्री राकेश साहू सहित सभी विभागों के जिलाधिकारी उपस्थित थे।

## समय मूल्यवान है इसे व्यर्थ न गवाएं ,बीता हुआ समय कभी वापस नहीं आता,सिर्फ पछतावा साथ रह जाता है-एसपी

**कोरिया,**08 जुलाई (देशबन्धु)। जिले में संचालित जागरूकता अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक कोरिया रवि कुमार कुर्रे मंगलवार को केंद्रीय विद्यालय बैकुंठपुर पहुंचे। एसपी ने विद्यार्थियों को यातायात नियम, साइबर सुरक्षा, नशा मुक्ति, जल संरक्षण, वृक्षारोपण, शिक्षा, और अनुशासन जैसे अहम विषयों पर जागरूक करते हुए कहा कि छात्र अपने जीवन के बेहद महत्वपूर्ण पड़ाव पर हैं, जहां से सही मार्ग चुनना बेहद जरूरी है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे समय का सदुपयोग करें, अनुशासन में रहें और सुनिश्चित लक्ष्य तय कर, मेहनत के बल पर मंजिल तक पहुंचें। एसपी ने कहा, समय बहुत मूल्यवान है, इसे व्यर्थ न गवाएं, क्योंकि बीता हुआ समय कभी वापस नहीं आता, सिर्फ पछतावा शेष रह जाता है।

नशे को नाश का जड़ बताते हुए एसपी कुर्रे ने छात्रों से अपील की कि नशे से दूर रहें और अगर कोई परिचित व्यक्ति भी नशे का शिकार है तो उसे भी सही मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करें। साथ ही उन्होंने कहा कि यदि जिले में कहीं भी अवैध नशीले पदार्थों का कारोबार होता दिखे, तो इसकी सूचना पुलिस को दें, आपकी पहचान गोपनीय रखी जाएगी। साइबर जागरूकता पर भी विस्तार से चर्चा करते हुए उन्होंने छात्रों को सतर्क रहने की सलाह दी और कहा कि सोशल मीडिया



का सीमित उपयोग करें, अनजान लोगों से संपर्क न करें, फ्रेंड रिक्वेस्ट न स्वीकारें, पासवर्ड या ओटीपी किसी से साझा न करें और लॉटरी, फर्जी ईमेल, अनजान लिंक से सावधान रहें। नशे को नाश का जड़ बताते हुए एसपी कुर्रे ने छात्रों से अपील की कि नशे से दूर रहें और अगर कोई परिचित व्यक्ति भी नशे का शिकार है तो उसे भी सही मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करें। साथ ही उन्होंने कहा कि यदि जिले में कहीं भी अवैध नशीले पदार्थों का कारोबार होता दिखे, तो इसकी सूचना पुलिस को दें, आपकी पहचान गोपनीय रखी जाएगी। साइबर जागरूकता पर भी विस्तार से चर्चा करते हुए उन्होंने छात्रों को सतर्क रहने की सलाह दी और कहा कि सोशल मीडिया का सीमित उपयोग करें, अनजान लोगों से संपर्क न करें, फ्रेंड रिक्वेस्ट न स्वीकारें, पासवर्ड या ओटीपी किसी से साझा न करें और लॉटरी, फर्जी ईमेल, अनजान लिंक से सावधान रहें। सड़क दुर्घटनाओं के कारण, दुर्घटना की स्थिति में वाहन चालक के कर्तव्य, गुड समेरिटन नीति, ज़ेब्रा क्रॉसिंग व रेलवे क्रॉसिंग के नियमों सहित मोटर व्हीकल एक्ट की धाराएं व जुर्माने की राशि की भी जानकारी दी गई।

इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य अवनी प्रकाश श्रीवास्तव, यातायात प्रभारी उप निरीक्षक बीरबल राजवाड़े, सहायक उप निरीक्षक जग नारायण साहू, आरक्षक गुलशन महानदियां, शिक्षक रवींद्र यादव व दिव्या कुमारी, अन्य शिक्षकगण व बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। पूरा कार्यक्रम छात्रों के लिए प्रेरणादायक रहा और सभी ने जीवनभर इन नियमों का पालन करने की शपथ ली।

## सीसीटीवी जागरूकता अभियान

**ओम ज्वेलर्स संचालक नटवर अग्रवाल ने मुख्य सड़क पर लगाया हाई क्वालिटी पीटीजी कैमरा**

**रायगढ़** 08 जुलाई (देशबन्धु)। रायगढ़ पुलिस द्वारा चलाए जा रहे सीसीटीवी जागरूकता अभियान में लगातार शहरवासियों की सहभागिता बढ़ती जा रही है। इसी कड़ी में चक्रधरनगर चैक स्थित श्री ओम ज्वेलर्स के संचालक नटवर अग्रवाल ने पुलिस के आह्वान पर मुख्य मार्ग पर हाई क्वालिटी पीटीजी सीसीटीवी कैमरा स्थापित किया है।

श्री अग्रवाल ने बताया कि कुछ समय पूर्व उनके दुकान के बाहर स्नैचिंग की एक घटना हुई थी, जिससे उन्हें सीसीटीवी कैमरे की उपयोगिता का गंभीरता से एहसास हुआ। इसके बाद उन्होंने अपने घर और दुकान के भीतर-बाहर सीसीटीवी कैमरे लगवाए, साथ ही मुख्य सड़क को कवर करते हुए आधुनिक र्च्ज कैमरा भी लगाया है, जो दिन-रात निगरानी में रहता है। उन्होंने कहा कि वे अब अपने घर से भी अपने प्रतिष्ठान की निगरानी कर पाते हैं, जिससे सुरक्षा का विश्वास बढ़ा है। साथ ही, किसी भी आपराधिक घटना की जांच में सीसीटीवी फुटेज पुलिस के लिए बेहद मददगार साबित होते हैं।



रायगढ़ पुलिस ने सभी शहरवासियों से अपील की है कि वे अपने प्रतिष्ठान, घर, संस्थानों एवं मुख्य मार्गों पर सीसीटीवी कैमरे जरूर लगवाएं और विशेष रूप से एक-दो कैमरे सड़क पर फोकस करें, ताकि पूरे शहर की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत हो और अपराधों पर नियंत्रण पाया जा सके। पुलिस द्वारा अगस्त माह में अभियान से जुड़ने वाले जागरूक नागरिकों का सम्मान समारोह भी आयोजित किया जाएगा।

## गोंडवाना गणतंत्र पार्टी का धरना-प्रदर्शन स्थगित

**नई तिथि जल्द घोषित होगी**

**चिरमिरी,**08 जुलाई (देशबन्धु)। गोंडवाना गणतंत्र पार्टी द्वारा 9 जुलाई 2025 को मनेन्द्रगढ़ में आयोजित किया जाने वाला आमसभा, धरना-प्रदर्शन एवं घेराव कार्यक्रम अब स्थगित कर दिया गया है।

यह जानकारी पार्टी के जिला अध्यक्ष केवल सिंह मरकाम ने प्रेस को जारी बयान में दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्याम सिंह मरकाम (राष्ट्रीय महासचिव, गोंगपा) एवं प्रदेश स्तरीय पदाधिकारियों का अन्य क्षेत्रों में पूर्व निर्धारित दौरा तय हो गया है, जिसके चलते यह निर्णय लिया गया है। जिला अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और समर्थकों को सूचित किया जाता है कि प्रस्तावित कार्यक्रम को फिलहाल स्थगित किया गया है तथा यह आयोजन अगली तिथि पर पुनः आयोजित किया जाएगा, जिसकी सूचना पृथक से दी जाएगी।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यह स्थगन सिर्फ तारतम्यता के आधार पर लिया गया निर्णय है, और पार्टी के जनहित मुद्दों पर संघर्ष की भावना एवं उद्देश्य यथावत जारी रहेंगे।

## आज के होनहार बच्चे कल के उज्ज्वल भविष्य- जमील शाह

**शासकीय प्राथमिक शाला मौहारपारा में मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव**

**वार्ड पार्षद सहित शाला परिवार ने किया गणवेश का वितरण**

**मनेन्द्रगढ़,**08 जुलाई (देशबन्धु)। शासकीय प्राथमिक शाला मौहारपारा में मंगलवार को शाला प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से नगरपालिका परिषद मनेन्द्रगढ़ के वार्ड क्रमांक 4 के पार्षद जमील शाह, प्रधान पाठिका श्रीमती रेणुका यादव, सहायक शिक्षक सेलेस्टिना एक्का, सविता गेंदले, डोल बाई, वार्ड के नागरिकों और अभिभावकों की गरिमामय उपस्थिति में नव प्रवेशी बच्चो का स्वागत उपस्थित अतिथियों द्वारा मिठाई खिलाकर और गणवेश वितरण कर किया गया।

सर्वप्रथम उपस्थित अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के छायाचित्र पर पूजा अर्चना किया गया जिसके बाद शाला परिवार द्वारा बच्चों का स्वागत अभिनन्दन किया गया। उपस्थित अतिथियों द्वारा छात्रों को नियमित स्कूल आने, मन लगाकर पढ़ने और अपने सपनो को साकार करने और सफलता प्राप्त करने के लिये कड़ी मेहनत करने, माता पिता गुरुजनों का आदर करने के लिये प्रेरित किया गया।



इस अवसर पर प्रधान पाठिका श्रीमती रेणुका यादव ने कहा की शाला प्रवेश उत्सव में नए छात्रों को स्कूल में स्वागत करने के लिए गणवेश (यूनिफॉर्म) का वितरण किया जाता है। यह एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है जो छात्रों को स्कूल के माहौल से परिचित कराता है और शिक्षा के प्रति उत्साह बढ़ाता है। गणवेश वितरण समानता की भावना को बढ़ावा देता है और सभी छात्रों को समान अवसर प्रदान करता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और वार्ड के पार्षद जमील शाह ने इस अवसर पर अपने विचार रखते हुए कहा की शाला प्रवेश उत्सव जिसे प्रवेशोत्सव भी कहा जाता है। एक ऐसा कार्यक्रम है जो नए छात्रों को स्कूल में प्रवेश करने पर सम्मानित करता है और उन्हें स्कूल के समुदाय का हिस्सा बनने के लिए प्रोत्साहित करता है। इस उत्सव में छात्रों को गणवेश के साथ-साथ पाठ्यपुस्तकें और अन्य शिक्षण सामग्री भी दी जाती है। गणवेश वितरण का मुख्य उद्देश्य यह है कि सभी छात्रों को समान अवसर मिले और किसी भी प्रकार का भेदभाव न हो। गणवेश पहनने से छात्रों में समानता की भावना आती है और वे आत्मविश्वास के साथ अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त गणवेश छात्रों को स्कूल के प्रति अपनी पहचान और गर्व की भावना को बढ़ावा देता है।

शाला प्रवेश उत्सव एक महत्वपूर्ण पहल है जो छात्रों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करती है और उन्हें स्कूल के माहौल में सहज महसूस करने में मदद करती है। यह ना केवल छात्रों के लिए बल्कि उनके माता-पिता और समुदाय के लिए भी एक महत्वपूर्ण अवसर है।

## नर्सरी के मासूम छात्र पर शिक्षक की बेरहमी,पीठ पर पिटाई के गहरे निशान

**आरोपी शिक्षक आकाश सेठ गिरफ्तार**

**रायगढ़** 08 जुलाई (देशबन्धु)। चक्रधर नगर स्थित आनंद मार्ग स्कूल से एक चैंकाने वाली घटना सामने आई है, जहां नर्सरी में पढ़ने वाले महज साढ़े तीन साल के मासूम बच्चे को स्कूल में ही शिक्षक द्वारा बुरी तरह पीटा गया। मासूम की पीठ पर हाथों से की गई पिटाई के गंभीर निशान देख परिजन स्तब्ध रह गए।

बच्चे के पिता बसंत देवांगन, निवासी बेलादूला, ने बताया कि उनका बेटा रोज की तरह स्कूल गया था। लेकिन जब दोपहर को वह उसे स्कूल से लाकर घर पर नहलाने लगे तो कपड़े उतारते समय उसकी पीठ पर चोट के गहरे निशान देखकर घबरा गए। जब उन्होंने अपने बेटे से पूछा तो उसने बताया कि उसे शिक्षक आकाश सेठ ने मारा है।पिता तत्काल स्कूल पहुंचे और आरोपी शिक्षक से सीधे बात की। पूछने पर आकाश सेठ ने पिटाई करना स्वीकार किया और सफाई देते हुए कहा कि बच्चा सीढ़ी पर चढ़ रहा था, मैंने उतरने को कहा लेकिन वह नहीं माना, इसीलिए मारा।



जब परिजन ने पूछा कि इतनी बेहरमी से मारने की क्या जरूरत थी, तो शिक्षक ने गलती मानते हुए कहा कि आगे से ऐसा नहीं होगा।लेकिन साढ़े तीन साल के मासूम के शरीर पर इस प्रकार की पिटाई देखना किसी भी माता-पिता के लिए असहनीय था। परिजन ने तुरंत चक्रधर नगर थाने पहुंचकर आरोपी शिक्षक के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई। हरकत में आई पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी शिक्षक आकाश सेठ को हिरासत में ले लिया है। यह घटना स्कूलों में छोटे बच्चों की सुरक्षा और शिक्षकों की संवेदनशीलता पर गंभीर सवाल खड़े करती है।खबर लिखे जाने तक मामले की जांच जारी है और परिजन सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

## जाली ऋण पुस्तिका बनाकर जमानत कराने वाले गिरोह का पर्दाफाश

**घरघोड़ा पुलिस ने दस्तावेज में कांटछांट कर जमानत कराने वाले आरोपी दलाल और पट्टाधारी को किया गिरफ्तार**

**न्यायाधीश और कोर्ट स्टाफ की सतर्कता से फर्जी दस्तावेज का हुआ खुलासा**

**आरोपी दलाल जगन्नाथ कसेरा और पट्टाधारी पद्मलोचन साव ने मिलकर रची थी जालसाजी की साजिश**

**रायगढ़** 08 जुलाई (देशबन्धु)। घरघोड़ा पुलिस ने न्यायालय में जमानत दिलाने के नाम पर कूटरचित दस्तावेज तैयार कर धोखाधड़ी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए पट्टाधारी और उसके साथी दलाल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपियों द्वारा किसान ऋण पुस्तिका के पन्नों में कांटछांट कर पुराने पन्ने हटाकर कोरा पन्ना लगाने की साजिश के तहत आरोपी बदल-बदलकर बार-बार अवैधानिक तरीके से जमानत कराने का खेल खेला जा रहा था, जिसे कोर्ट स्टाफ और माननीय न्यायाधीश की सतर्कता से पकड़ लिया गया।

जानकारी के अनुसार, प्रार्थी प्रशांत कुमार सिंह, जो न्यायालय प्रथम श्रेणी घरघोड़ा में बाबू के पद पर कार्यरत हैं, द्वारा दिनांक 05 जुलाई को थाना घरघोड़ा में शिकायत दी गई थी। शिकायत में बताया गया कि थाना पूंजीपथरा के मामले में जमानतदार पद्मलोचन साव, निवासी ग्राम कोतासुरा द्वारा अपनी किसान ऋण पुस्तिका क्रमांक 2925098 प्रस्तुत कर आरोपी तौहिद खान की जमानत ली गई थी। परंतु, कुछ ही दिन बाद उसी किसान किताब का पृष्ठ बदलकर, कोरा पन्ना जोड़कर, आरोपी कौशिल्या बाई के जमानत हेतु फिर से वही दस्तावेज न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जिसकी जांच में किताब से पुराने जमानत इंद्राज वाले पृष्ठ गायब मिले। कोर्ट स्टाफ ने जब दस्तावेज खंगाले, तो पाया गया कि किताब में जानबूझकर हेराफेरी की गई है। इस पर जमानतदार पद्मलोचन साव से पूछताछ की गई, पर वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। मामले में थाना प्रभारी कुमार गौरव साहू के निर्देश पर आरोपी पद्मलोचन साव और उसके साथी जगन्नाथ कसेरा के खिलाफ धारा 318(4), 338, 336(3), 340(2), 61(2), 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच में खुलासा हुआ कि पट्टाधारी पद्मलोचन साव के नाम पर ग्राम सूरी, तहसील पुसौर में स्थित भूमि की ऋण पुस्तिका है, जिसे जगन्नाथ कसेरा नामक दलाल के साथ मिलकर दोनों जमानत कराने के लिए बार-बार इस्तेमाल करते थे। इस दौरान दोनों आरोपी ऋण पुस्तिका में पुराना जमानत लेख वाला पृष्ठ निकालकर नया कोरा पृष्ठ जोड़ते और दस्तावेज को वैध बताकर न्यायालय में पेश कर देते थे। इस कार्य के बदले आरोपी दलाल जगन्नाथ कसेरा मोटी रकम वसूलता था, जिसे दोनों आपस में बांटते थे। गत 06 जून को भी इन्हीं दस्तावेजों में गड़बड़ी कर आरोपी कौशिल्या बाई की जमानत कराने की कोशिश की गई, लेकिन कोर्ट स्टाफ और माननीय न्यायाधीश दामोदर प्रसाद चंद्रा द्वारा सतर्कता दिखाते हुए जालसाजी पकड़ ली गई।

## सार-संक्षेप



### संकुल संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया

**मालखरौदा,** 08 जुलाई (देशबन्धु)। विकासखंड मालखरौदा के अंतर्गत संकुल केंद्र गोगरी के द्वारा संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव एवं सह न्योता भोज विदाई सम्मान समारोह तथा प्रतिभावान छात्र सामान समारोह का आयोजन 7 जुलाई को प्रात: 11 से शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला एवं प्राथमिक शाला प्रांगण देवगांव में आयोजित किया गया । हम आपको बता दें कि संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन संकुल केंद्र घोघरी द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रितेश साहू उपाध्यक्ष जनपद पंचायत मालखरौदा एवं अति विशिष्ट अतिथि के रूप में घनश्याम भारद्वाज अध्यक्ष भाजपा मंडल छपोरा एवं राधेलाल भारद्वाज खंड समन्वयक मालखरौदा विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती अनीता देवनारायण जांगड़े सरपंच ग्राम पंचायत देवगांव भारती रूपलाल साहू बुद्धेश्वर सिंह मैत्री रेखा जायसवाल कार्तिकेश्वर बरेठभागीरथी पटेल अध्यक्ष शाला विकास समिति। कार्यक्रम की अध्यक्षता आत्माराम सिदार संकुल प्रभारी सहित अन्य अतिथि उपस्थित रहे। वही कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के तैल चित्र पर विधिवत पूजा अर्चना कर किया गया। वही बच्चों एवं स्कूल के स्टाफ द्वारा अतिथियों का पुष्पहार से स्वागत किया गया । स्कूली बच्चों को तिलक लगाकर स्वागत किया गया।इस अवसर पर स्कूली बच्चों ने स्वागत गीत एवं रंगा रंग नृत्य प्रस्तुत किए। बच्चों द्वारा स्कूल चले हम के थीम पर नृत्य किया। अतिथियों एवं पालकों दर्शकों का मन मोह लिया। संकुल अंतर्गत नव पदस्थ शिक्षकों का स्वागत किया गया एवं विदाई समारोह में पप्पू कुमार धीरज रूद्रदेव हीरे हेमकुमार बरेठ का अतिथियों द्वारा श्रीफल साल पेन देकर सम्मानित किया गया। संकुल केंद्र घोघरी के सभी प्राथमिक माध्यमिक शाला हाईस्कूल के प्रथम आने वाले छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र मेडल पेन कापी प्रदान किया गया। वही न्योता भोज कार्यक्रम के तहत स्कूली बच्चों को सरपंच श्रीमती अनीता देवनारायण जांगड़े द्वारा बच्चों को खीर पूड़ी दाल चावल सब्जी बूंदी स्वादिष्ट भोज कराया। इस संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम को जनपद पंचायत मालखरौदा के उपाध्यक्ष रितेश साहू ने कहा कि स्कूल में बच्चों नियमित आने एवं विद्यालय में बेहतर शिक्षा देने के साथ शिक्षा के महत्व को विस्तार से बताया। वही भाजपा मंडल छपोरा के अध्यक्ष घनश्याम भारद्वाज ने कहा कि शिक्षा वह शेरनी का दूध है जो पियेगा वह दहाड़ेगा। विद्यालय में बच्चों को नियमित आने के साथ शिक्षकों को समय पर स्कूल आकर बेहतर शिक्षा देने की बात कही। इस अवसर पर खंड समन्वयक राधेलाल भारद्वाज ने कहा कि जीवन में शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभा पालकों को अपने अपने बच्चों को नियमित शाला भेजने एवं बच्चों के प्रति सजग रहने की बात कही। इस कार्यक्रम का सफल संचालन बुद्धेश्वर शर्मा व्याख्याता हाई स्कूल देवगांव एवं आभार प्रदर्शन शैक्षिक समन्वयक ईश्वर लाल निराला द्वारा किया गया। इस अवसर पर संकुल केंद्र घोघरी के समस्त शिक्षक शिक्षिकाए पालक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### मेडिकल बोर्ड बैठक स्थगित

**सारंगढ़,** 08 जुलाई (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान अंतर्गत 9 जुलाई बुधवार को शिविर का आयोजन होने के कारण प्रत्येक बुधवार को सारंगढ़ के जिला चिकित्सालय सह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित होने वाला मेडिकल बोर्ड की बैठक को स्थगित किया गया है।


### सारंगढ़ से राजधानी, न्यायधानी व रायगढ़ की ओर जाने वाली सडकों के गढ्ढों में भरा पानी, चलना भी हुआ दूभर



**सारंगढ़,** 08 जुलाई (देशबन्धु)। जिला बनने के बाद तो सारंगढ मुख्यालय की सडकों का हाल तो और भी बेहाल हो गया है जिसमें से सबसे प्रमुख है न्यायधानी बिलासपुर मार्ग जो कि एक राष्ट्रीय राजमार्ग है जिसमें एडीजे कोर्ट व निर्माणाधीन कलेक्ट्रेट परिसर डीएफओ कार्यालय शासकीय महाविद्यालय लोक निर्माण विभाग वेयर हाऊस एवं नागरिक आपूर्ति निगम का कार्यकाल स्वामी आत्मानंद विद्यालय इत्यादि के कार्यालय हैं परंतु इस मार्ग पर अभी गढ्डों में पानी भरा हुआ है जिससे इनकी गहराई का अंदाजा राहगीरों को नहीं लग पाता व किसी बडे वाहन के अचानक पार होने पर इन गढ्डों का पानी पैदल चलने वालों राहगीरों पर पडता है जिसमें विद्यालयीन बच्चे भी शामिल हैं वहीं यही स्थिति रायगढ रोड की भी है जिसमें मोना मार्डन स्कूल श्रीराम आदर्श महाविद्यालय सीपीएम स्कूल हैं इस सडक के गढ्ढों में भी पानी व कीचड भरा हुआ है जिनके छिटें राहगीरों पर तो पड ही रहे हैं साथ ही साथ इन गढ्ढों में भरे पानी के कारण मच्छर व कीडे पनप रहे हैं जो कि कई प्रकार की बिमारियों को भी जन्म दे रहे हैं जिस पर नगरवासियों ने कलेक्टर व अन्य सम्बंधितों से उक्त मार्गों के गढ्ढों को शीघ्र भरवाने की अपेक्षा किया है।

### पैसों की धमकी से परेशान होकर धनेश्वर ने की खुदकुशी, आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर,** 08 जुलाई (देशबन्धु)। जिले के ग्राम कुरदा खार में एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान धनेश्वर प्रसाद धोबी के रूप में हुई, जो शक्ति जिले के ग्राम ठठारी का निवासी था। जांच में सामने आया कि मृतक का पड़ोसी महेंद्र उर्फ मोनू चंद्रा लगातार पैसों की मांग करता था। धनेश्वर द्वारा मना करने पर वह गाली-गलौज करता और जान से मारने की धमकी देता था। 25 मई को भी महेंद्र मृतक के घर आया और पैसों की मांग की। मना करने पर विवाद हुआ। परिजनों के बीच-बचाव करने और पैसों के कारण पूछने पर महेंद्र ने धमकी दी कि उनके लड़के की लाश भी नहीं मिलेगी। पुलिस ने मामले में धारा 108 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया। पुलिस टीम ने सक्ती जिले के बाराद्वार में आरोपी के घर पर दबिश दी। पूछताछ में आरोपी पुलिस को गुमराह करता रहा।



#### प्रताड़ना से परेशान होकर धनेश्वर ने आत्महत्या की

परिजनों के बयान के आधार पर यह स्पष्ट हुआ कि धनेश्वर ने महेंद्र की प्रताड़ना से परेशान होकर आत्महत्या की। बारीकी से पूछताछ करने पर आरोपी ने मृतक धनेश्वर से पैसा मांगने मानसिक रूप से परेशान करने का अपराध घटित करना स्वीकार किए जाने से आरोपी को गिरफ्तार किया गया और न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

# अतिवृष्टि, बाढ़ आपदा और मौसमी बीमारियों को लेकर विभागीय अधिकारी रहे अलर्ट - कलेक्टर

## कलेक्टर ने ली समय सीमा की बैठक

**जांजगीर,** 08 जुलाई (देशबन्धु)। कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने मुख्यमंत्री जनदर्शन, विभागवार समय सीमा की लंबित प्रकरणों, जनदर्शन, लोक सेवा गांरटी से प्राप्त आवेदन की विस्तार से समीक्षा करते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों को बारिश के मौसम में अलर्ट मोड रहकर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बाढ़ संभावित क्षेत्रों, विशेषकर रिहायशी इलाकों में पानी भरने की स्थिति में तत्काल संयुक्त टीम गठित कर समस्या का समाधान किया जाए।

कलेक्टर ने बैठक में कहा कि बांधों एवं जलाशयों, पिकनिक स्पाट में जहां पानी का स्तर अधिक रहता है, वहां सभी संबंधित विभाग नियमित निगरानी रखे। साथ ही जल भराव, जल निकासी और यातायात संबंधी समस्याओं पर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करें। यदि कही बाढ़ जैसे स्थिति उत्पन्न होती है तो तत्काल सूचना दें। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की नुकसान होने की स्थिति में तत्काल सर्वे कर रिपोर्ट तैयार की जाए, जिससे पीड़ितों को शीघ्र सहायता प्रदान की जा सके। उन्होंने मलेरिया, डायरिया जैसे मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए स्वास्थ्य अमले को सतर्क रहकर आवश्यक कार्यवाही करने व जल स्रोतों की जांच करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि किसी भी क्षेत्र से समस्या की सूचना मिलते ही तत्काल स्थल निरीक्षण कर त्वरित निराकरण सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि मौसमी बीमारियों की रोकथाम हेतु फॉगिंग, दवाओं का छिड़काव एवं स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि बारिश के मौसम में सड़कों के गड्ढों को तत्काल भरा जाए। लोक निर्माण विभाग, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना एवं राष्ट्रीय मार्ग विभाग की जहां सड़क है, वही विभाग जिम्मेदारी के साथ गुणवत्ता पूर्ण ढंग से मरम्मत कार्य सुनिश्चित करे। कलेक्टर ने समय-सीमा बैठक में अनुपस्थित अधिकारियों पर नाराज़गी व्यक्त की। उन्होंने निर्देश दिए कि बिना पूर्व सूचना अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाए। कलेक्टर ने अधिकारियों को छात्रावासों, स्कूलों और आंगनबाड़ी केन्द्रों का नियमित रूप से निरीक्षण करने, मरम्मत कार्यों की आवश्यकता की पहचान करने और उसकी रिपोर्ट समय-सीमा में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री महोबे ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन मकानों में गुणवत्ता के साथ कार्य करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के अप्रारंभ कार्यों को शीघ्र प्रारंभ कराने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री आवास योजना में जमीन से संबंधित आ रही समस्याओं के निराकरण के लिए संबंधित एसडीएम को नोडल अधिकारी बनाये गये है। कलेक्टर बैठक में रेलवे विभाग के अधिकारियों से चर्चा करते हुए प्रस्तावित अंडर ब्रिज, ओवर ब्रिज और अन्य निर्माण कार्यों की जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने जिले में संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक में उन्होंने जाति प्रमाण पत्र वितरण, रामलला दर्शन योजना, पीडीएस भवन निर्माण कार्य की समीक्षा की। उन्होंने अमृत सरोवर योजना के तहत तालाबों के सौंदर्यीकरण एवं उपयोग से जुड़ी अन्य गतिविधियों को सक्रिय रूप से संचालित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। कलेक्टर ने आयुष्मान योजना एवं वय वंदना कार्ड बनाने को लेकर कहा कि इनका लाभ ज्यादा से ज्यादा पात्र हितग्राहियों को मिलना चाहिए। इसके लिए ग्राम पंचायत स्तर पर विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को योजनाओं की जमीनी स्थिति की नियमित निगरानी करने, कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और समय-सीमा में लक्ष्यों को पूर्ण करने हेतु सख्त दिशा-निर्देश जारी किए।



# अंतरजिला बाइक चोर गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार, 8 लाख की 10 बाइक जब्त

## चांपा रेलवे स्टेशन पार्किंग से करते थे चोरी, पुलिस और आरपीएफ की संयुक्त कार्रवाई में मिली सफलता

**जांजगीर,** 08 जुलाई (देशबन्धु)। चांपा पुलिस एवं आरपीएफ पोस्ट चांपा की संयुक्त टीम ने अंतरजिला बाइक चोर गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के कब्जे से अलग-अलग स्थानों से कुल 10 चोरी की बाइक बरामद की है, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 8 लाख रुपए बताई जा रही है। दोनों आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।




प्रेस कॉन्फ्रेंस में जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि जैजैपुर क्षेत्र के पंडाहरदी निवासी राधेश्याम धिरहे ने चांपा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह अपने निजी कार्य से रेलवे स्टेशन चांपा गया था और अपनी बाइक स्टेशन के बाहर पार्किंग में खड़ी की थी। जब वह कुछ देर बाद लौटा, तो उसकी बाइक वहां नहीं मिली। अज्ञात चोरों द्वारा बाइक चोरी कर ली गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी जय प्रकाश गुप्ता के निर्देश पर एक पुलिस टीम तत्काल घटनास्थल पहुंची और सीसीटीवी फुटेज खंगालने के साथ-साथ आरपीएफ की सहायता ली गई। जांच में दो संदिग्ध व्यक्ति स्टेशन परिसर में घूमते हुए नजर आए, जिनकी पहचान बाद में रोशन भट्ट एवं प्रमोद चौहान के रूप में हुई। पूछताछ में पता चला कि दोनों आरोपी विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर सामान बेचने के बहाने घूमते रहते थे और सुनसान पार्किंग क्षेत्रों में खड़ी मोटरसाइकिलों को निशाना बनाकर चोरी कर लेते थे। दोनों आरोपियों को घेराबंदी कर पकड़ा गया और कड़ी पूछताछ में उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया। उनकी निशानदेही पर कुल 10 बाइक विभिन्न स्थानों से बरामद की गईं। इस पूरे अभियान में थाना प्रभारी जय प्रकाश गुप्ता, आरपीएफ पोस्ट प्रभारी निरीक्षक पुरूषोत्तम तिवारी, उप निरीक्षक डी.के. हरवंश एवं आरपीएफ स्टाफ चांपा की विशेष भूमिका रही। पुलिस की तत्परता और समन्वित कार्रवाई से बाइक चोरी के कई मामलों का खुलासा हो सका है। पुलिस अब यह भी पता लगा रही है कि इस गिरोह में और कितने सदस्य शामिल हैं और चोरी की गई अन्य बाइकों को कहां ठिकाने लगाया गया है।

# 9 साल से गैरहाजिर गणित शिक्षिका को हटाया गया, नई छात्रावास अधीक्षिका की नियुक्ति

## नाराज ग्रामीणों और पालकों ने स्कूल के मुख्य द्वार पर ताला जड़ कर दर्ज कराया विरोध

**जांजगीर,** 08 जुलाई (देशबन्धु)। पामगढ़ विकासखंड के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला, मेउ में पदस्थ गणित विषय की शिक्षिका रमशीला कश्यप बीते 9 वर्षों से विद्यालय में उपस्थित नहीं हो रही थीं। लगातार अनुपस्थिति से नाराज ग्रामीणों और पालकों ने हाल ही में स्कूल के मुख्य द्वार पर ताला जड़ कर विरोध दर्ज कराया।

विद्यालय में गणित विषय की पढ़ाई ठप पड़ गई थी, जिससे छात्रों की बुनियादी समझ पर प्रतिकूल असर पड़ रहा था। कई अभिभावकों को मजबूरन अपने बच्चों का दाखिला निजी स्कूलों में कराना पड़ा। वहीं कुछ छात्र शिक्षा से वंचित होते जा रहे थे। आक्रोशित ग्रामीणों ने जल्द समाधान नहीं होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी भी दी थी।

शिकायतों और जनदबाव के बाद आदिवासी विकास विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शिक्षिका रमशीला कश्यप को छात्रावास अधीक्षिका के पद से मुक्त कर दिया है। उन्हें अब पूर्व माध्यमिक शाला, मेउ में ही गणित विषय की पढ़ाई कराने हेतु निर्देशित किया गया है। उनके स्थान पर मीना कांत को छात्रावास की नई अधीक्षिका के रूप में नियुक्त किया गया है। ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एम.एल. कौशिक ने जानकारी देते हुए बताया कि शिक्षिका रमशीला कश्यप की मूल पदस्थापना पूर्व माध्यमिक शाला मेउ में थी, लेकिन उन्हें प्रतिनियुक्ति पर आदिम जाति कल्याण विभाग के छात्रावास में अधीक्षिका के रूप में भेजा गया था। इस कारण वे वर्षों से विद्यालय नहीं आ रही थीं। अब पालकों की मांग और जनभावनाओं को देखते हुए आदिम जाति विभाग को पत्राचार कर उन्हें छात्रावास अधीक्षिका पद से मुक्त कराया गया है। वे अब पुन: विद्यालय में शिक्षण कार्य करेंगी।



# बिहार में सुशासन की सरकार में छग के लोग देते है अहम योगदान

## पुरुषोत्तम सिंह और महेश साहू की अगुवाई में हुआ मतदाता जागरूकता जागरूकता कार्यक्रम

**खरसिया,** 08 जुलाई (देशबन्धु)। पुरुषोत्तम कुमार सिंह एवं छाया विधायक महेश साहू की अगुवाई में खरसिया क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया और सभी से मतदान अवश्य करने का आग्रह किया गया अगामी अक्टूबर, नवम्बर माह में बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता अनुकूल वातावरण बनाने में लगे हुए हैं। एकभारत श्रेष्ठभारत कार्यक्रम के अंतर्गत बिहार के औरंगाबाद जिला के पूर्व अध्यक्ष प्रवासी कार्यकर्ता के रूप में पुरुषोत्तम कुमार सिंह द्वारा रायगढ़ जिला के खरसिया विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों में दौरा कर पूर्वांचल वासियों से संपर्क कर रहे हैं कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि बिहार एनडीए सरकार द्वारा विकाश के पथ पर ले जाने का काम किया है। आज केंद्र में एवं बिहार में सरकार रहने के कारण नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन कि सरकार महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। बिहार को कभी जंगल राज के नाम से जाना जाता था लेकिन आज स्थिति बदली है जिसमें सुशासन और विकाश दोनों एक साथ चल रहा है। उपस्थित लोगों के बीच बिहार में होने जा रहे विधानसभा चुनाव में सभी बिहार वासियों को आने का निमंत्रण देते हुए अपनी भागेदारी निभाने के लिए अपील किया इस दौरान खरसिया विधानसभा के प्रत्याशी रहे महेश साहू बिहार में फिर से जंगल राज आने से रोकने एवं सुशासन की सरकार बीजेपी के पूर्ण बहुमत में बनवाने का संदेश और आग्रह उपस्थित जनों को दिया एक भारत श्रेष्ठ भारत के संयोजक बबल पांडे, सह संयोजक गोपाल सिंह ठाकुर, भाजपा नेता मनोज राठौर सरपंच ग्राम सरवानी साहू जी, लक्ष्मी पटेल उपाध्यक्ष खरसिया मंडल, शिव प्रकाश वैष्णव, जिला पंचायत सदस्य सुरेंद्र चौहान, मोहन गबेल, कैलाश शर्मा उपस्थित रहे।

# आफत की सड़क: डभरा से घोघरी छपोरा सड़क मार्ग की हालत खस्ता

**डभरा,** 08 जुलाई (देशबन्धु)। लोकनिर्माण विभाग उप संभाग सक्ती के अधीनस्थ सड़क मार्ग डभरा से छपोरा की हालत गड्ढे में तब्दील हो चुका है। बारिश के दिनों में गड्ढे को मरम्मत करने की खाना पूर्ति की गई है। सड़क मार्ग की हालत जस की तस बना हुआ है। मरम्मत के पहले भी बड़े बड़े गड्ढे थे और आज भी बड़े बड़े गड्ढे मौजूद है।जो राहगीरों के लिए आफत की सड़क बन चुका है।



हम आपको बता दें कि डभरा से घोघरी हसौद मुख्य सड़क मार्ग की हालत इतनी खराब है कि पैदल भी चलना मुश्किल है। कई सरकारे आई और गई मगर सड़क मार्ग की हालत नहीं सुधरी। कीचड़ से सराबोर है जबकि इस सड़क मार्ग पर हर रोज सैकड़ों भारी वाहनों कि आवाजाही है। सीधे झारखंड से रायपुर महाराष्ट्र के लिए बड़े बड़े भीमकाय वाहन दौड़ रही है।जो जर्जर गड्ढे हो चुके सड़क से हर दिन हादसे हो रहे है। अब बच्चों का स्कूल खुल चुका है प्रतिदिन इस मौत की सड़क से जान जोखिम में डालकर कर डभरा कॉलेज सरकारी स्कूल आईटीआई अस्पताल एसडीएम बीआरसी बी ई ओ ऑफिस आना जाना कर रहे है स्कूली बच्चों राहगीरों को कीचड़ का सामना करना पड़ता है साथ ही तहसील डभरा क्षेत्र में तीन पॉवर कंपनी स्थापित है। जहां से डंफर ट्रेलर कैप्सूल गाड़ियां ओवर लोड भर कर सड़क में दौड़ रही है। हर रोज हादसे हो रहे है। शासन प्रशासन एवं लोकनिर्माण विभाग को कोई सरोकार नहीं है जबकि इस सड़क मार्ग प्रशासनिक अधिकारी एवं विधायक मंत्री बड़े बड़े अधिकारी आना जाना करते है फिर मौत की सड़क मार्ग कि सुध लेने वाला कोई नहीं है। कई सालों से क्षेत्रवासी सड़क मार्ग की डामरीकरण करने कि कर चुके है । जबकि इस सड़क मार्ग के खस्ता हाल के बारे में 3 जून के जनदर्शन कार्यक्रम में जिला सक्ति के कलेक्टर को लिखित में ग्राम पंचायत बरपाली सुखापाली बासीन सीरियागढ़ खोंधर कुसुमझर घोघरी सहित आसपास ग्राम पंचायत के सरपंचों महिला समूहों ग्रामीणों द्वारा सड़क मार्ग को डामरीकरण करने कि मांग कर चुके है। वही इस संबंध में समाजसेवी एवं युवा नेता शिव चंद नारंगे ने कहा कि ग्राम सुखापाली से ब्लॉक मुख्यालय हर रोज सड़क मार्ग से आते है बड़ी मुश्किल से जानजोखिम में डालकर पहुंचते है। सड़क मार्ग इतना खराब हो चुका है कि पैदल चलना मुश्किल है। सबसे ज्यादा परेशानी पैदल मोटरसाइकल एवं साइकिल से जाने वाले छात्र छात्राओं को होता है। बड़े वाहन के कीचड़ से ड्रेस खराब होता है। सड़क पर गड्ढे ही गड्ढे है। वही इस संबंध में लोकनिर्माण विभाग सक्ती के एस डी ओ एस एस टांडेय ने कहा कि सड़क मार्ग का टेंडर हो चुका है बारिश के बाद निर्माण कार्य कराया जाएगा।

# परमात्मा की प्राप्ति सच्चे प्रेम से ही संभव है-पं दिनेश शर्मा

**सारंगढ़,** 08 जुलाई (देशबन्धु)। ग्राम सालर मे पाण्डेय परिवार में आयोजित श्रीमद भागवत कथा में सभी भक्तों को आचार्य दिनेश महाराज द्वारा पंचम दिवस की कथा श्रवण कराई गई, जिसमे श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया गया। महाराज श्री ने कहा धनवान व्यक्ति वही है जो अपने तन, मन, धन से सेवा भक्ति करे वही आज के समय में धनवान व्यक्ति है। परमात्मा की प्राप्ति सच्चे प्रेम के द्वारा ही संभव हो सकती है। पूतना चरित्र का वर्णन करते हुए महाराज ने बताया कि पूतना राक्षसी ने बालकृष्ण को उठा लिया और स्तनपान कराने लगी। श्रीकृष्ण ने स्तनपान करते-करते ही पुतना का वध कर उसका कल्याण किया। माता यशोदा जब भगवान श्री कृष्ण को पूतना के वक्षस्थल से उठाकर लाती है उसके बाद पंचगव्य गाय के गोबर, गोमूत्र से भगवान को स्नान कराती है। सभी को गौ माता की सेवा, गायत्री का जाप और गीता का पाठ अवश्य करना चाहिए। गाय की सेवा से 33 करोड़ देवी देवताओं की सेवा हो जाती है। भगवान व्रजरज का सेवन करके यह दिखला रहे हैं कि जिन भक्तों ने मुझे अपनी सारी भावनाएं व कर्म समर्पित कर रखें हैं वे मेरे कितने प्रिय हैं। भगवान स्वयं अपने भक्तों की चरणरज मुख के द्वारा हृदय में धारण करते हैं।



पृथ्वी ने गाय का रूप धारण करके श्रीकृष्ण को पुकारा तब श्रीकृष्ण पृथ्वी पर आये हैं। इसलिए वह मिट्टी में नहाते, खेलते और खाते हैं ताकि पृथ्वी का उद्धार कर सकें। गोपबालकों ने जाकर यशोदामाता से शिकायत कर दीङ्क'मां तेरे लाला ने माटी खाई है यशोदामाता हाथ में छड़ी लेकर दौड़ी आयीं। 'अच्छा खोल मुख।' माता के ऐसा कहने पर श्रीकृष्ण ने अपना मुख खोल दिया। श्रीकृष्ण के मुख खोलते ही यशोदाजी ने देखा कि मुख में चर-अचर सम्पूर्ण जगत विद्यमान है। आकाश, दिशाएं, पहाड़, द्वीप, समुद्रों के सहित सारी पृथ्वी, बहने वाली वायु, वैद्युत, अग्नि, चन्द्रमा और तारों के साथ सम्पूर्णज्योतिर्मण्डल, जल, तेज अर्थात प्रकृति, महतत्त्व, अहंकार, देवगण, इन्द्रियां, मन, बुद्धि, त्रिगुण, जीव, काल, कर्म, प्रारब्ध आदि तत्त्व भी मूर्त दीखने लगे। पूरा त्रिभुवन है, उसमें जम्बूद्वीप है, उसमें भारतवर्ष है, और उसमें यहब्रज, ब्रज में नन्दबाबा का घर, घर में भी यशोदा और वह भी श्री कृष्ण का हाथ पकड़े। बड़ा विस्मय हुआ माता को। श्री कृष्ण ने देखा कि मैया ने तो मेरा असली तत्त्व ही पहचान लिया है। श्री कृष्ण ने सोचा यदि मैया को यह ज्ञान बना रहता है तो हो चुकी बाललीला, फिर तो वह मेरी नारायण के रूप में पूजा करेगी। न तो अपनी गोद में बैठायेगी, न दूध पिलायेगी और न मारेगी। जिस उद्देश्य के लिए मैं बालक बना वह तो पूरा होगा ही नहीं। यशोदा माता तुरन्त उस घटना को भूल गयीं तथा आज कल की युवा पीढ़ी अपने धर्म अपने भगवान को नही मानते है, लेकिन तुम अपने धर्म को जानना चाहते हो तो पहले अपने धर्म को जानने के लिए गीता, भागवत ,रामायण पढ़ो तो, तुम नहीं तुम्हारी आने वाली पीढ़ी भी संस्कारी हो जायेगी। ब्रजवासियों ने इंद्र की पूजा छोडकर गिरिराज जी की पूजा शुरू कर दी तो इंद्र ने कुपित होकर ब्रजवासियों पर मूसलाधार बारिश की, तब कृष्ण भगवान ने गिरिराज को अपनी कनिष्ठ अंगुली पर उठाकर ब्रजवासियों की रक्षा की और इंद्र का मान मर्दन किया। तब इंद्र को भगवान की सत्ता का अहसास हुआ और इंद्र ने भगवान से क्षमा मांगी व कहा हे प्रभु मैं भूल गया था की मेरे पास जो कुछ भी है वो सब कुछ आप का ही दिया है

# कलेक्टर जनदर्शन में 67 आवेदन हुए प्राप्त

**जांजगीर,** 08 जुलाई (देशबन्धु)। कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम के माध्यम से जिले के नागरिकों की समस्याओं, शिकायतों एवं मांगों को सुना एवं अधिकारियों को जनदर्शन में प्राप्त प्रत्येक आवेदन का संवेदनशीलता एवं प्राथमिकता के साथ गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में आज कुल 67 आवेदन प्राप्त हुए।



आज जनदर्शन में तहसील सारागांव निवासी देव कुमार राठौर ने पैतृक कृषि भूमि के निकट डम्प राखड़ के राख बरसात के पानी के कारण बहकर खेत में आने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। जिस पर कलेक्टर ने एसडीएम चांपा को जांच कर डम्प राखड़ को हटवाने एवं संबंधित के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। तहसील जांजगीर के ग्राम खैरा निवासी श्रीमती बैसाखा बाई साहु ने आधार कार्ड अपडेट नहीं होने के कारण वृद्धापेंशन की राशि नहीं मिलने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। जिस पर कलेक्टर ने ईडीएम को आवेदिका के आधार कार्ड को अपडेट करने के निर्देश दिए। तहसील सारागांव निवासी सोनाऊ राम रावत यादव ने बी 1, खसरा में त्रुटि सुधार करने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। जिस पर कलेक्टर ने एसडीएम चांपा को शीघ्र निराकण करने के निर्देश दिए। जिला मुख्यालय निवासी शिवकुमार तम्बोली ने आयुष्मान कार्ड बनवाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। इस पर कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया कि वे श्री तम्बोली का आयुष्मान कार्ड बनवाना सुनिश्चित करें। इसी प्रकार आज जनदर्शन में राशन कार्ड, आवास सहित अन्य विषयों से संबंधित 67 आवेदन प्राप्त हुए।

# देश विदेश

## ट्रंप का नया आयात शुल्क निर्णय खेदजनक : जापान

**टोक्यो।** प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा ने मंगलवार को कहा कि जापान पर 25 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने का अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का निर्णय 'वास्तव में खेदजनक' है। श्री इशिबा ने इसके साथ कहा कि द्विपक्षीय वार्ता पारस्परिक रूप से लाभकारी सौदे की दिशा में जारी रहेगी। उन्होंने 'टैरिफ टास्क फोर्स' की बैठक में कहा कि सरकार भविष्य में व्यापार वार्ता के दौर में राष्ट्रीय हितों की रक्षा से पीछे नहीं हटेगी। उन्होंने निर्यातोन्मुखी जापानी अर्थव्यवस्था पर संभावित आयात शुल्क वृद्धि के प्रभाव को कम करने के लिए हर संभव प्रयास करने का भरोसा दिया। प्रधानमंत्री इशिबा ने बैठक में कहा कि हम अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करते हुए पारस्परिक हितकारी समझौते तक पहुंचने की संभावना का पता लगाने के लिए अमेरिका के साथ बातचीत जारी रखेंगे।

# संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस से मिले पीएम मोदी

**रियो डी जेनेरियो/नई दिल्ली,** 8 जुलाई (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र में सुधारों की मांग को लेकर चल रही चर्चाओं के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ब्राजील यात्रा के दौरान रियो डी जेनेरियो में संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस और कुछ अन्य नेताओं से मुलाकात की।ब्रिक्स सम्मेलन से इतर मोदी ने गुटेरेस के अलावा चिली के राष्ट्रपति गेब्रियल बोरिक फॉन्ट और न्यू डेवलपमेंट बैंक की अध्यक्ष तथा ब्राजील की पूर्व राष्ट्रपति डिल्मा रूसेफ के साथ मुलाकात की तथा विभिन्न मुद्दों पर बातचीत की। श्री मोदी ने मंगलवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि रियो डी जेनेरियो में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान संयुक्त राष्ट्र महासचिव श्री एंटोनियो गुटेरेस से बातचीत की। एक अन्य पोस्ट में उन्होंने कहा कि चिली के राष्ट्रपति गेब्रियल बोरिक फॉन्ट से मिलकर बहुत खुशी हुई। उन्होंने कहा कि भारत-चिली की दोस्ती और मजबूत हो रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने न्यू डेवलपमेंट बैंक की अध्यक्ष और ब्राजील



की पूर्व राष्ट्रपति डिल्मा रूसेफ के साथ बातचीत सार्थक रही। उल्लेखनीय है कि

**चिली के राष्ट्रपति गेब्रियल बोरिक फॉन्ट से मिलकर बहुत खुशी हुई : नरेन्द्र मोदी**

श्री मोदी पांच देशों की यात्रा के चौथे चरण में ब्राजील में हैं जहां उन्होंने रियो डी जेनेरियो में ब्रिक्स सम्मेलन में हिस्सा लिया। इसके बाद वह राजकीय यात्रा पर ब्राजील की राजधानी ब्रासीलिया पहुंचे हुए हैं।

### टेक्सास में बाढ़ से अब तक 100 मौत, संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने जताया दुख

**यूनाइटेड नेशंस।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस अमेरिका के टेक्सास राज्य में बाढ़ के कारण हुई मौतों से दुखी हैं। महासचिव के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र महासचिव को टेक्सास में हाल ही में आई बाढ़ के कारण जानमाल के नुकसान, खासकर बड़ी संख्या में बच्चों की मौत पर गहरा दुख है। यह त्रासदी उस समय हुई, जब हॉलिडे वीकेंड के दौरान उत्सव का माहौल होना चाहिए था। प्रवक्ता ने कहा कि गुटेरेस ने पीड़ितों के परिजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की है और प्रभावित सभी लोगों, टेक्सास के नागरिकों और अमेरिका सरकार के साथ एकजुटता जताई है। अधिकारियों के मुताबिक अमेरिका के टेक्सास में अचानक आई बाढ़ से मरने वालों की संख्या 100 से अधिक हो गई है, जबकि कई लोग लापता भी हैं। राहत और बचाव दल की टीमें नदी के किनारों पर अभियान चला रही हैं, जो कीचड़ से भरे पड़े हैं। वहीं, इस क्षेत्र में अभी भी बारिश और तूफान की आशंका जताई जा रही है। त्रासदी के चार दिन बीत जाने के बाद जीवित बचे लोगों के मिलने की उम्मीदें अब धुंधली हो रही हैं।

# पाक कोर्ट ने बलूच को 10 दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा

**क्वेटा,** 8 जुलाई (एजेंसियां)। पाकिस्तान की एंटी-टेररिज्म कोर्ट (एटीसी) ने मानवाधिकार कार्यकर्ता और बलूच यकजिहती कमेटी (बीवाईसी) की प्रमुख माहरंग बलूच को मंगलवार को पेशी के बाद 10 दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया। यह कार्रवाई उन एफआईआर के आधार पर की गई है, जिन्हें बीवाईसी ने 'फर्जी और मनगढ़ंत' बताया है। बीवाईसी की कार्यकर्ता समी दीन बलूच के अनुसार, मंगलवार सुबह माहरंग बलूच और अन्य नेताओं के खिलाफ 'पब्लिक ऑर्डर की सुरक्षा' से जुड़ी धारा 3 एमपीओ को अचानक वापस ले लिया गया। इसके तुरंत बाद उन्हें एटीसी में पेश किया गया, जहां से उन्हें फर्जी मामलों में क्वेटा पुलिस के हवाले कर दिया गया। समी दीन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, यह कार्रवाई कानूनी प्रक्रिया पर सवाल खड़े करती है और यह दर्शाती है कि राजनीतिक कार्यकर्ताओं के खिलाफ सत्ता का दुरुपयोग हो रहा है। माहरंग बलूच की बहन नादिया बलूच ने जानकारी दी कि मंगलवार को तीन एमपीओ मामलों की समीक्षा के लिए जजों की एक बोर्ड बैठक निर्धारित थी, लेकिन उससे कुछ घंटे पहले ही गिरफ्तारी के आदेश वापस लेकर नेताओं को नए आरोपों में दोबारा हिरासत में ले लिया गया। बीवाईसी ने बताया कि पिछले हफ्ते उनकी प्रमुख माहरंग बलूच, केंद्रीय सदस्य



**राजनीतिक कार्यकर्ताओं के खिलाफ सत्ता का दुरुपयोग हो रहा है : समी दीन**

बिबगर बलूच, सुभगातुल्लाह शाह, कार्यकर्ता गुलजादी बलूच, बेबो बलूच और राजनीतिक नेता मामा गफ्फार व इमरान बलूच को बिना किसी कानूनी आधार के तीन महीने के लिए हिरासत में लिया गया था। बीवाईसी के अनुसार, इन्हें एमपीओ के तहत गिरफ्तार किया गया और हर महीने अवैध रूप से हिरासत अवधि बढ़ाई जाती रही। एक महीने बाद मामला होम डिपार्टमेंट को सौंप दिया गया और बार-बार कार्यवाही को टालने की रणनीति अपनाई गई। 22 जून को एमपीओ की अवधि समाप्त हो गई, लेकिन 15 दिन बीतने के बाद भी न तो इन्हें रिहा किया गया, न ही कोई न्यायिक बोर्ड गठित किया गया और न ही परिवारों को किसी प्रकार की कानूनी जानकारी दी गई। बीवाईसी ने सभी नेताओं की तत्काल रिहाई की मांग की है और पाकिस्तान सरकार से अपील की है कि वह राजनीतिक आंदोलनों को बलपूर्वक कुचलने के 'विफल प्रयोग' को तुरंत बंद करे।

## सुडोकू 6968


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 5 | 6 | | |
| | 3 | | 9 | | 7 | | 4 | 5 |
| | 2 | | | | 6 | 8 | | 7 |
| | | 2 | | 4 | 9 | | | |
| | | 7 | | | | 3 | | |
| | | | 7 | 6 | | 5 | | |
| 2 | | 5 | 6 | | | | 8 | |
| 1 | 4 | | 8 | | 3 | | 5 | |
| | | 3 | 2 | | | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6968




**बायें से दायें:-**

१.दिखाई देता हुआ
४. बहुत ही मशहूर
६. पैदायशी अंधा
७. जोड़ा, जो दो की संख्या में हो
८. नीरस, फीका, बेमजा
१०. बंधन कड़ा करना, कसकर बांधना
११. कर या शुल्क का अतिरिक्त भार जो विशेष परिस्थितियों में किसी पर डाला जाए
१३. निदा, जुगुप्सा
१४. लाल कमल, चांदी, विष्णु, कपूर
१५. जिस पर असर पड़ा हो
१७. (के) स्थान पर, बदले में (उर्दू)
१९. इम्तहान, गुण-दोष योग्यता आदि जानने के लिए किया गया काम
२१. मिलाने वाला, जोड़ने वाला
२२. राहगीरों को लूटने का काम (उर्दू)
२४. अदालत

**ऊपर से नीचे:-**

१. शिव, धृतराष्ट्र का एक पुत्र, दृढ़ता पूर्वक अस्त्र चलाने वाला
२. श्रीकृष्ण
३. चंद्रमा
४. गोश या खराबी का दूर होना
५. सैनिक
९. जिसे नृत्य करना पसंद हो, मोर
११. हैरानी, अचरज
१२. विभक्त, भाग किया हुआ
१३. साहित्य सम्मान (उर्दू)
१४. दस से बारह वर्ष की कन्या कुंआरी कन्या, दुर्गा
१५. प्रतिद्वंद्वी, शत्रु, विरोधी
१६. वह विषाक्त कन्या जिसके संसर्ग करने से मृत्यु हो जाती है
१८. उचित, ठीक (उर्दू)
१९. प्रारंभ, शुरूआत
२०. जड़ी-बूटी या खनिजों का रासायनिक विधि से बनाया गया नमक
२३. जो ऊपर न हो,अधो

### वर्ग पहेली-6967



यूसुफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : बुधवार 9 जुलाई , 2025 आषाढ़ शुक्ल पक्ष 13**

### राशिफल

मेष - आज आप सुस्त रहेंगे। शरीर में ताजगी का अभाव रहेगा। स्वभाव में उग्रता बढ़ने से आपका काम बिगड़ सकता है, इसलिए उग्रता पर अंकुश में रखना हितकर है।

वृषभ - अत्यधिक कार्यभार तथा खान-पान में असावधानी रखने के कारण स्वास्थ्य नरम-गरम बना रहेगा। पर्याप्त मात्रा में नींद और आहार न मिलने से मन बेचैन रहेगा। आज प्रवास न करना आपके हित में है।

मिथुन - मौज-मस्ती और मनोरंजन की प्रवृत्तियों में आपको विशेष रुचि होगी। परिजन, दोस्तों या प्रिय व्यक्ति के साथ बाहर घूमने-फिरने का आयोजन होगा। सार्वजनिक जीवन में मान प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

कर्क - आज के दिन आपको चिंता रहित और खुश रखेगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ विशेष समय व्यतीत करेंगे। कार्य में सफलता और यश मिलेगा। नौकरीपेशा वालों को नौकरी में लाभ होगा।

सिंह - आज आप शारीरिक और मानसिक स्वस्थता से काम करेंगे। सृजनात्मक प्रवृत्तियों में विशेष दिलचस्पी रहेगी। साहित्य और कला के क्षेत्र में कुछ नया करने की प्रेरणा मिलेगी। प्रेमीजनों और प्रिय व्यक्ति के साथ मुलाकात होगी।

कन्या - आज आपको विरोध का सामना करने के लिए तैयार रहना पड़ेगा। शारीरिक स्वास्थ्य के संबंध में शिकायत रहेगी। मन पर चिंता का बोझ रहने से मानसिक बेचैनी का अनुभव होगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ विवाद होगा।

तुला - नए काम की शुरूआत के लिए दिन अनुकूल है। भाग्यवृद्धि और धनलाभ की संभावनाएं हैं। पारिवारिक या व्यावहारिक काम के लिए बाहर जाना पड़ेगा। धार्मिक प्रवास का सफल आयोजन होगा। विदेश से शुभ समाचार मिलेगा।

वृश्चिक - आपको नकारात्मक विचारों से दूर रहने की सलाह दी जाती है। ज्यादातर समय चुप रहेंगे, तो पारिवारिक सदस्यों के साथ संघर्ष से बच सकेंगे। स्वास्थ्य संबंधी शिकायत रहेगी। अनावश्यक खर्च पर अंकुश लगाना आवश्यक है।

धनु - आज आपके तन-मन की स्वस्थता बनी रहेगी। आर्थिक लाभ प्राप्त होगा। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा होगी। स्नेहीजन और मित्रों से मिलकर आनंद का अनुभव होगा। पारिवारिक संबंध गहरे बनेंगे। आपका मान-सम्मान बढ़ेगा।

मकर - आज आप धार्मिक और आध्यात्मिक प्रवृत्तियों में ज्यादा व्यस्त रहेंगे। पूजा-पाठ या धार्मिक कामों के पीछे धन खर्च होगा। अधिक परिश्रम के बावजूद कम सफलता मिलने से हताशा पैदा होगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

कुंभ - नए काम को आज शुरू कर देंगे। नौकरी धंधे में लाभ के साथ अतिरिक्त आय होगी। दोस्तों, खासकर महिला मित्रों से आपको लाभ होगा। सामाजिक मंडल में आप ख्याति और प्रतिष्ठा प्राप्त कर सकेंगे।

मीन - आपके लिए आज का दिन शुभफलदायक है। काम की सफलता और उच्च अधिकारियों का प्रोत्साहन आपके उत्साह को दोगुना करेंगे। व्यापारियों की भी आय में वृद्धि होगी। बकाया राशि का भुगतान होगा।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

# नेपाल-चीन बॉर्डर पर फटा बादल, 18 लोग लापता, सर्च अभियान जारी

**काठमांडू,** 8 जुलाई (एजेंसियां)। नेपाल के रसुवा जिले में मंगलवार तड़के अचानक आई बाढ़ के चलते 18 लोग लापता हो गए हैं। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, लापता लोगों में तीन पुलिसकर्मी, नौ नागरिक और छह चीनी नागरिक शामिल हैं। यह जानकारी रसुवा के सहायक प्रमुख जिला अधिकारी ने दी। अधिकारी ने बताया कि बाढ़ ने नेपाल-चीन फ्रेंडशिप ब्रिज (मैत्री पुल) और ड्राय पोर्ट में खड़ी कई नई इलेक्ट्रिक वाहनों को बहा दिया। रसुवा के मुख्य जिला अधिकारी अर्जुन पौडेल के हवाले से 'द काठमांडू पोस्ट' ने लिखा, बाढ़ ने फ्रेंडशिप ब्रिज और ड्राय पोर्ट पर खड़ी कई ईवी को बहा दिया। ऐसा संदेह है कि कुछ लोग बाढ़ के समय गाड़ियों के अंदर थे, लेकिन इसकी पुष्टि अभी नहीं हुई है। उन्होंने यह भी बताया कि कई लोग, जिनमें सुरक्षा बल के जवान



■ **लापता लोगों में तीन पुलिसकर्मी, नौ नागरिक और छह चीनी नागरिक शामिल हैं**

भी शामिल हैं, जो राहत और बचाव कार्य में लगे थे, उन्हें सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। इस बीच नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर जानकारी देते हुए कहा कि सरकार राहत और बचाव कार्यों को 'युद्ध स्तर' पर अंजाम दे रही है। ओली ने लिखा, त्रिशूली नदी में आई बाढ़ से कई लोगों की जान गई है, कुछ अब भी लापता हैं और संपत्ति को भारी नुकसान पहुंचा है। सरकार प्रभावित लोगों के बचाव के लिए संसाधनों को युद्धस्तर पर लगा रही है। इस नदी में आगे चलकर भोटेकोशी नदी मिलती है। प्रधानमंत्री ने मृतकों के प्रति संवेदना और पीड़ितों के प्रति सहानुभूति व्यक्त की। उन्होंने कहा कि वह सुरक्षा एजेंसियों से लगातार रिपोर्ट ले रहे हैं और सभी गैर-जरूरी कार्यक्रम स्थगित कर दिए गए हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सरकार की प्रतिक्रिया में किसी तरह की कमी न आने दी जाए।

## पीएम नेतन्याहू ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को बताया 'ट्यूमर'

**वाशिंगटन,** 8 जुलाई (एजेंसियां)। ईरान के साथ युद्धविराम की घोषणा के कुछ दिन बाद इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू का बड़ा बयान आया है। नेतन्याहू ने कहा कि हमने ईरान के परमाणु और मिसाइल खतरों के 'ट्यूमर' को हटा दिया है, लेकिन निगरानी जरूरी है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप और मेरे बीच (इजरायल और अमेरिका के बीच साझेदारी) की साझेदारी ने एक ऐतिहासिक जीत हासिल की है।

उन्होंने कहा कि अमेरिका और इजरायल ने मिलकर ईरान के खिलाफ निर्णायक परिणाम हासिल किया। नेतन्याहू ने व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ डिनर से पहले पत्रकारों से कहा कि हमने इजरायल की जान को खतरे में डाल रहे दो ट्यूमर (परमाणु ट्यूमर और बैलिस्टिक मिसाइल ट्यूमर) को कुछ हद तक रोक दिया है। नेतन्याहू ने कहा कि वे लोग ऐसी 20,000 चीजें (मिसाइलें) बनाने और उन्हें न्यू जर्सी जैसे छोटे देश पर छोड़ने की योजना बना रहे थे।

## संयुक्त राष्ट्र में अफगानिस्तान पर प्रस्ताव के मतदान से अलग रहा भारत

**संयुक्त राष्ट्र/ नई दिल्ली,** 8 जुलाई (एजेंसियां)। भारत ने अफगानिस्तान में महिलाओं की दशा और आंतकवाद की स्थिति पर संयुक्त राष्ट्र में एक प्रस्ताव पर मतदान से खुद को अलग रखते हुये कहा है कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय को यह सुनिश्चित करने का समन्वित प्रयास करना चाहिए ताकि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की ओर से घोषित आतंकवादी संगठन और व्यक्ति अपनी करतूतों के लिये अफगान क्षेत्र का दुरुपयोग न कर सकें। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि, राजदूत पी हरीश ने प्रस्ताव पर अपने वक्तव्य में 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकवादी हमले की अफगानिस्तान के तालिबान शासकों की ओर से गयी कड़ी निंदा का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि भारत एक स्थिर, शांतिपूर्ण और समृद्ध अफगानिस्तान के निर्माण के प्रयासों में सहयोग के लिए प्रतिबद्ध है। श्री हरीश ने यह कहते हुये कि केवल दंडात्मक कार्रवाई से अफगानिस्तान की स्थिति में सुधार नहीं होगा। उन्होंने कहा कि इसी दृष्टिकोण से 'भारत ने इस प्रस्ताव पर मतदान से दूर रहने का फैसला किया है।' उन्होंने दोहराया कि सभी संबंधित हितधारकों के साथ निरंतर जुड़ाव और एक स्थिर, शांतिपूर्ण और समृद्ध अफगानिस्तान की दिशा में अंतरराष्ट्रीय समुदाय के प्रयासों के प्रति भारत की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

## अमेरिका में रहने वाले भारतीय परिवार के 4 सदस्यों की कार दुर्घटना में मौत

**डलास (संयुक्त राज्य अमेरिका),** 8 जुलाई (एजेंसियां)। संयुक्त राज्य अमेरिका में एक कार दुर्घटना में चार भारतीय नागरिकों की मौत हो गई। हैदराबाद निवासी सभी लोग एक ही परिवार के सदस्य थे। उनकी कार को एक मिनी ट्रक ने सामने से टक्कर मारी, जिसमें चारों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान वेंकट बेजुगम, उनकी पत्नी तेजस्विनी चोल्लेटी और उनके दो बच्चे सिद्धार्थ और म्रीदा बेजुगम के रूप में हुई है। मूल रूप से यह परिवार सिकंदराबाद के सुचित्रा क्षेत्र का रहने वाला था। यूएसए में यह परिवार डलास के पास ऑबरी स्थित सटन फील्ड्स इलाके में रह रहा था। वेंकट बेजुगम अपनी पत्नी और बच्चों के साथ अटलांटा में अपने रिश्तेदारों से मिलकर डलास लौट रहे थे। इस दौरान वो दुर्घटना का शिकार हुए। रिपोर्ट्स के अनुसार, यह हादसा उस समय हुआ जब एक मिनी ट्रक कथित तौर पर गलत लेन में तेज गति से चल रहा था और इस दौरान सामने से आ रही कार से टकरा गया। जोरदार टक्कर के बाद कार में आग लग गई। दुर्घटना में कार के परखच्चे उड़



■ **कार को एक मिनी ट्रक ने सामने से टक्कर मारी, जिससे चारों की मौत हो गई**

चुके थे और आग लगने के बाद वो पूरी तरह खाक हो गई। इस बीच परिवार उस कार से नहीं निकल पाया और सभी लोग जिंदा जल गए। दर्दनाक हादसे में मौत के बाद उनके पार्थिव शरीरों को अंतिम संस्कार के लिए भारत लाया जाएगा। फिलहाल 'टीम एड' नाम का एक गैर-लाभकारी संगठन मृतक के परिवार और दोस्तों के साथ कॉर्डिनेशन कर रहा है। यह संगठन संकट में प्रवासियों की सहायता करता है और मृत लोगों के शवों को उनके देश भेजने में मदद करता है।

## सुडोकू 6968 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 8 | 1 | 2 | 5 | 6 | 3 | 9 |
| 6 | 3 | 1 | 9 | 8 | 7 | 2 | 4 | 5 |
| 5 | 2 | 9 | 4 | 3 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 8 | 5 | 2 | 3 | 4 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 9 | 6 | 7 | 5 | 1 | 8 | 3 | 2 | 4 |
| 3 | 1 | 4 | 7 | 6 | 2 | 5 | 9 | 8 |
| 2 | 9 | 5 | 6 | 7 | 1 | 4 | 8 | 3 |
| 1 | 4 | 6 | 8 | 9 | 3 | 7 | 5 | 2 |
| 7 | 8 | 3 | 2 | 5 | 4 | 9 | 6 | 1 |

## आज का इतिहास

1816-अर्जेंटिना ने स्पेन से स्वतंत्रता हासिल की।
1819-सिलाई मशीन के अविष?कारक एलायस हाउ का जन?म।
1875-बंबई स्टॉक एक्सचेंज की स्थापना।
1877-लंदन में पहली विबंलडन चैंपियनशिप का आयोजन किया गया।
1893-डॉक्टर डैन विलियम्स दुनिया की पहली ओपन हार्ट सर्जरी की थी।
1925-भारतीय सिनेमा के सबसे सशक्त अभिनेताओं एवं बेहतरीन निदेशकों में शुमार गुरुदत्त का जन्म।
1938-अपने सशक्त अभिनय से हिंदी सिनेमा को समृद्ध बनाने वाले अभिनेता संजीव कुमार का जन्म।
1939-दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में छह हजार भारतीयों ने एक बैठक में रंगभेद और नस्लभेद के खिलाफ अभियान चलाने का फैसला लिया।
1952-भारत में योजना आयोग ने पहली पंचवर्षीय योजना को प्रकाशित किया था।
1969-वन्यजीव बोर्ड ने शेर को देश का राष्ट्रीय पशु घोषित किया। 1973 में शेर के स्थान पर बाघ को राष्ट्रीय पशु घोषित किया गया।
1973-ब्रिटेन के 300 साल पुराने उपनिवेश बहामास में ब्रिटिश साम्राज्य का सूर्य अस्त हुआ।
1982-तमाम सुरक्षा प्रणालियों को गच्चा देकर माइकल फागन नाम का एक शख्स ब्रिटेन की महारानी एलिज़ाबेथ के शयनकक्ष तक पहुंच गया।
1991-दक्षिण अफ्रीका को ओलंपिक खेलों में दोबारा हिस्सा लेने की अनुमति मिली।

**अध्ययन** *पिछले लगभग 20 सालों में बच्चों की सेहत पर सबसे बड़ा अध्ययन*

# अमेरिका में बच्चों की सेहत पहले से ज्यादा बिगड़ रही

**सैक्रामेंटो,** 8 जुलाई (एजेंसियां)। एक नई रिपोर्ट के अनुसार, आज अमेरिका के बच्चे पहले की तुलना में ज़्यादा मोटे हो गए हैं, उन्हें ज़्यादा बीमारियां हो रही हैं और उनके लिए गंभीर बीमारियों की चपेट में आकर मरने की संभावना भी पहले की पीढ़ी के मुकाबले अधिक है। यह रिपोर्ट पिछले लगभग 20 सालों में बच्चों की सेहत पर सबसे बड़ा अध्ययन है। यह अध्ययन जर्नल ऑफ द अमेरिकन मेडिकल एसोसिएशन (जेएएमए) में सोमवार को जारी किया गया। इसमें साल 2002 से अब तक के आठ अलग-अलग राष्ट्रीय डेटा सेट की मदद से 170 से ज्यादा सेहत से जुड़े पहलुओं का विश्लेषण किया गया।

इस अध्ययन के प्रमुख लेखक फिलाडेल्फिया के चिल्ड्रन हॉस्पिटल के प्रमुख लेखक क्रिस्टोफर फ़ॉरेस्ट का कहना है, हर आंकड़ा यही दिखाता है कि बच्चों की सेहत लगातार खराब हो रही है। शोधकर्ताओं ने पाया कि 2 से 19 साल के बच्चों में मोटापा 2007-08 में 17 प्रतिशत था, जो 2021-23 में बढ़कर 21 प्रतिशत हो गया। 1 मिलियन से ज्यादा युवा रोगियों को कवर करने वाले इलेक्ट्रॉनिक मेडिकल रिकॉर्ड से पता चला है कि 2011 में 40 प्रतिशत बच्चों को किसी न किसी दीर्घकालिक (लंबे समय तक चलने वाली) बीमारी की पहचान मिली थी। 2023 में यह बढ़कर 46 प्रतिशत हो गई। इनमें चिंता, डिप्रेशन और नींद की दिक्कतें शामिल हैं। मृत्यु दर के आंकड़े अन्य धनी देशों के साथ और भी ज्यादा विपरीत हैं। अमेरिका में बच्चों की मौत की दर



■ **मृत्यु दर के आंकड़े अन्य धनी देशों के साथ और भी ज्यादा विपरीत हैं**

अन्य अमीर देशों (जैसे कनाडा, जर्मनी, जापान) के मुकाबले 1.8 गुना ज्यादा है। शिशुओं के लिए समय से पहले जन्म और अचानक अप्रत्याशित शिशु मृत्यु के आंकड़ों में सबसे ज्यादा वृद्धि हुई। वहीं बड़े बच्चों में चोट लगना और सड़क दुर्घटनाएं मुख्य वजह बनीं। बच्चों में डिप्रेशन, अकेलापन, नींद न आना, और शारीरिक गतिविधियों में कमी जैसे लक्षण भी बढ़ते दिखे।

बच्चे समाज की परेशानियों को सबसे पहले और सबसे गहराई से महसूस करते हैं। बाल रोग विशेषज्ञ फ्रेडरिक रिवारा और एविटल नथानसन ने कहा कि बच्चों को सुरक्षित रखने के लिए जरूरी कदम उठाने होंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि सार्वजनिक स्वास्थ्य बजट में कटौती, बुनियादी ढांचे को ठीक करने में देरी, या टीकाकरण विरोधी भावना को बढ़ावा देने से हालात और बिगड़ सकते हैं। इस गिरावट के लिए एक वजह नहीं, बल्कि कई कारण जिम्मेदार हैं, जैसे- बहुत ज्यादा प्रोसेस्ड (डिब्बाबंद) खाना खाना। अच्छे इलाज की कमी। बच्चों के लिए असुरक्षित माहौल और बढ़ती आर्थिक असमानता। फॉरेस्ट ने सुझाव दिया कि सामुदायिक स्तर पर अलग योजना बनाकर बच्चों की सेहत को सामूहिक जिम्मेदारी के रूप में देखा जाए।

## दुनिया को जानें

### स्विट्जरलैंड में बच्चों के लिए मलेरिया की नई दवा को दी मंजूरी

**बर्न।** स्विट्जरलैंड ने दावा निर्माता कंपनी नोवार्टिस की बच्चों के लिए मलेरिया की नयी दवा 'कॉर्टेम बेबी'को मंजूरी प्रदान कर दी है। कॉर्टेम नवजात बच्चों और शिशुओं पर इस्तेमाल के लिए उपयुक्त दुनिया की पहली मलेरिया दवा है। मलेरिया से संबंधित मौतों में से अधिकांश पांच साल से कम आयु वर्ग होती हैं। उम्मीद की जा रही है कि अफ्रीका में अगले कुछ हफ्तों में इस दवा का उत्पादन और वितरण शुरू हो जायेगा। मलेरिया से संबंधित अधिकांश मौतें अफ्रीकी महाद्वीप में दर्ज की जाती हैं। वर्ष 2023 में दुनिया भर में मलेरिया से पांच लाख से अधिक मौतें हुयीं। अब तक शिशुओं का इलाज बड़े बच्चों के लिए बनाई गई दवा की एक प्रायोगिक खुराक से किया जाता था, जिससे उन्हें अधिक खुराक और अन्य कई जोखिमों का सामना करना पड़ता था। एक रिपोर्ट के अनुसार यह दवा 4.5 किलोग्राम से कम वजन वाले शिशुओं के लिए पहली अनुमोदित मलेरिया उपचार है, जो पहले उपचार की कमी के कारण जोखिम में थे। इस दवा को स्विसमेडिक द्वारा अनुमोदित किया गया है और आठ अफ्रीकी देशों - बर्किना फासो, कोट डी आईवर, केन्या, मलावी, मोजाम्बिक, नाइजीरिया, तंजानिया और युगांडा में तेजी से इसके अनुमोदन की उम्मीद है।

# खेल जगत

### तीसरे टेस्ट में इंग्लैंड जोफ्रा आर्चर को टीम में दे मौका

**लंदन।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम भारत के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मैच जीतने के बाद दूसरा मुकाबला 336 रनों के बड़े अंतर से हार गई है। सीरीज के तीसरे मैच से पहले इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने मेजबान टीम को अपने पेस अटैक में जोफ्रा आर्चर को शामिल करने की सलाह दी है। एंडरसन के अनुसार, मेजबान टीम को तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर को शामिल करके एक चांस लेना चाहिए। बेन स्टोक्स की अगुआई में इंग्लैंड की टीम भारत के खिलाफ लॉर्ड्स में यह मुकाबला खेलेगी। जोफ्रा आर्चर पिछले सप्ताह एजबेस्टन में इंग्लैंड की टीम से जुड़े थे। वह साल 2019 के बाद से कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेले, लेकिन हाल ही में ससेक्स के लिए प्रथम श्रेणी स्तर पर लाल गेंद से वापसी की है।



# बुमराह की तीसरे टेस्ट के लिए टीम में वापसी तय

■ सत्येन्द्र पाल सिंह



■ भारत की एकादश में बस एक बदलाव मुमकिन
■ कुलदीप को लॉर्ड्स टेस्ट में भी भारतीय एकादश में जगह मुश्किल

**नई दिल्ली,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। शुभमन गिल के बल्ले से अनुकरणीय खेल और बतौर कप्तान गजब के नेतृत्व से भारत ने एजबेस्टन, बर्मिंघम में मेजबान इंग्लैंड को दूसरे टेस्ट में 336 रन से शिकस्त दे लीड्स में पहला टेस्ट पांच विकेट से हारने के बाद कमाल की वापसी कर एंडरसन तेंदुलकर ट्रॉफी के लिए खेली जा रही पांच टेस्ट की सीरीज में एक एक की बराबरी कर अपने आलोचकों का मुंह बंद कर दिया है। शुभमन गिल की यंग इंडिया का जिस तरह से इंग्लैंड के पूर्व टेस्ट क्रिकेटर नई और कमजोर बता कर जिस तरह से उसकी हंसी उड़ा रहे थे भारत की बड़ी जीत से उन सभी के मुंह पर ताला लग गया है।

भारत अब लॉडर्स में बृहस्पतिवार से शुरू हो रहे सीरीज के तीसरे टेस्ट के लिए अपनी एकादश में तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा की जगह जसप्रीत बुमराह को शामिल किया जाना तय लग रहा है। इसे छोड़ भारत की एकादश में कोई और बदलाव मुमकिन नहीं दिख रहा है। ऐसे में लॉडर्स टेस्ट के लिए भी कुलदीप यादव को भारत की एकादश में जगह मिलनी मुश्किल नजर आती है। 'बाज' के नाम से ख्यात अपने चीफ कोच न्यूजीलैंड के ब्रैंडन मैकुलम के नाम पर शुरू से दे दनादन करने की बाज बॉल के नाम से ख्यात नीति से खेलने की नीति से मेजबान इंग्लैंड टीम आलोचकों के निशाने पर आ गई। अपने तुरुप के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को उनके लोड मैनेजमेंट के चलते एजबेस्टन में खासतौर पर भारत के मोहम्मद सिराज और आकाश दीप की नई गेंद से कमाल की धारदार गेंदबाजी की बदौलत भारत ने जिस दमदार ढंग से टेस्ट सीरीज में एक एक की बराबरी की उससे इंग्लैंड की बाज बॉल की हवा ही निकल गई। भारत के लिए शुरू के दो टेस्ट मैचों में कप्तान शुभमन गिल और उप कप्तान ऋषभ पंत के दो दो शतकों और यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल के एक एक शतक सहित कुल जड़े छह शतकों ने दर्शाया की उसका शीर्ष क्रम पूरे रंग में हैं। वहीं इंग्लैंड के लिए बेन डकेट, पॉप, हेरी ब्रुक और जैमी स्मिथ चार शतक जड़े गए। आकाशदीप ने जसप्रीत बुमराह को दूसरे टेस्ट में आराम दिए जाने पर मौके को भुनाने हुए भारतीय एकादश में जगह पाने पर दोनों पारियों में दस और मोहम्मद सिराज (सात विकेट) के मिलकर टस्ट में कुल 17 विकेट लेकर लॉडर्स टेस्ट के लिए इंग्लैंड के बल्लेबाजों की राह खासी मुश्किल कर दी है। भारत के शुरू के दो टेस्ट में नई गेंद से भारत के तेज गेंदबाज पहले टेस्ट में जसप्रीत बुमराह व दूसरे में मोहम्मद सिराज व आकाशदीप ने कहर बरपा उसकी बड़ी जीत के साथ सीरीज में वापसी कराई। भारत ने लीड्स में लगभग जीता सीरीज का पहला टेस्ट आखिरी दिन आखिरी घंटे में गंवाने के बाद भी भारतीय टीम की तारीफ करनी होगी कि उसने जीवट और खुद के भरोसे गजब का पलटवार किया। लीड्स में पहले टेस्ट भारत की हार का कारण दोनों पारियों में उसके निचले क्रम का ताश का पत्तों की तरह ढहना कहा गया था। भारत ने इससे सबक लिया। शार्दुल ठाकुर की दूसरे टेस्ट में जगह पाने वाले नीतिश रेड्डी व साई सुदर्शन की जगह वाशिंगटन सुंदर ने बल्ले और गेंद से दमदार प्रदर्शन से तीसरे टेस्ट के लिए अपना स्थान पक्का कर लिया। बेशक बाएं हाथ के लेग स्पिनर कुलदीप यादव के लिए तीसरे टेस्ट में जगह नहीं बनती है और अंतिम दो टेस्ट में उनके लिए जगह मुमकिन हो सकती है।

## कोंस्टास के बचाव में उतरे हेड कोच मैकडोनाल्ड



**सेंट जॉर्ज।** ऑस्ट्रेलियाई हेड कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड के अनुसार संघर्षरत सलामी बल्लेबाज सैम कोंस्टास अभी भी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के माहौल के हिसाब से खुद को ढाल रहे हैं। वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट में उनका खेलना इस दिशा में 'एक छोटा कदम' था। एंड्रयू मैकडोनाल्ड का मानना है कि खिलाड़ियों के पास शुरुआती घरेलू क्रिकेट और ऑस्ट्रेलिया-ए मैचों के जरिए एशेज के लिए अपना दावा पेश करने का शानदार मौका होगा। कोंस्टास ने ग्रेनेडा में वेस्टइंडीज के खिलाफ पहली पारी में 25 रन बनाए। अगली पारी में कोंस्टास खाता तक नहीं खोल सके। कोंस्टास ने अब तक चार टेस्ट में 18.25 की औसत के साथ कुल 146 रन बनाए हैं। कोंस्टास सबीना पार्क में होने वाले तीसरे और अंतिम टेस्ट में खेलने के लिए तैयार हैं, जो इस वेन्यू पर पहला 'डे-नाइट टेस्ट' भी है। मैकडोनाल्ड ने कोंस्टास के शुरुआती टेस्ट करियर के बारे में कहा कि चार मैच, आठ इनिंग। शायद किसी के लिए भी जज करना जल्दबाजी होगी। मुझे लगता है कि टेस्ट क्रिकेट में हमेशा आपका स्किल लेवल या आपकी तकनीक ही चुनौतियां नहीं होती। यह उन पलों, दबाव और उन सभी बाहरी चीजों से निपटने की बात है, जो इसके साथ आती हैं। वह एक ऐसे खिलाड़ी हैं, जो अपने आपको माहौल में ढाल लेते हैं।

## इंग्लैंड की टीम में 'लॉड्स का राजा', भारत को रहना होगा सावधान!



**नई दिल्ली।** भारत-इंग्लैंड के बीच 10 जुलाई से तीसरे टेस्ट की शुरुआत होने जा रही है। यह मैच लॉर्ड्स में खेला जाना है। इस वक्त इंग्लैंड की टीम में एक ऐसा खिलाड़ी है, जिसे 'लॉर्ड्स का राजा' कहा जाता है। इस खिलाड़ी के नाम लॉर्ड्स के मैदान पर टेस्ट फॉर्मेट में सर्वाधिक रन दर्ज हैं।यहां हम बात कर रहे हैं इंग्लैंड के प्रमुख बल्लेबाज जो रूट की, जो टीम के पूर्व कप्तान भी रह चुके हैं। जो रूट लॉर्ड्स के मैदान पर टेस्ट इतिहास में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। उन्होंने यहां साल 2013 से अब तक कुल 22 टेस्ट खेले हैं, जिसकी 40 पारियों में 54.64 की औसत के साथ 2,022 रन बनाए। जो रूट इस मैदान पर नाबाद 200 रन की पारी खेल चुके हैं। यहां उन्होंने सात शतक और इतने ही अर्धशतक जड़े हैं। इस मैदान पर उनके नाम 224 चौके भी हैं। भारत के खिलाफ पांच मुकाबलों की इस टेस्ट सीरीज में जो रूट के प्रदर्शन को देखें, तो दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने अब तक दो टेस्ट की चार पारियों में 36.33 की औसत के साथ 109 रन बनाए हैं।

# मैं जोकोविच और अल्काराज को फाइनल में देखना पसंद करूंगा : विराट कोहली



**नई दिल्ली,** 8 जुलाई (एजेंसियां)। भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली ने कहा है कि वह नोवाक जोकोविच और कार्लोस अल्काराज को विम्बलडन के फाइनल में देखना पसंद करेंगे और उन्हें उम्मीद है कि नोवाक यह मैच जीतेंगे। विराट ने स्टार स्पोर्ट्स और जियोहॉटस्टार विंबलडन 2025 के विशेषज्ञ, दिग्गज विजय अमृतराज से विशेष बातचीत की, जो 7 जुलाई को नोवाक जोकोविच और एलेक्स डी मिनौर के बीच मुकाबला देखने के लिए अनुष्का शर्मा के साथ मौजूद थे। कोहली ने हाल के वर्षों में



> मैं पिछले कुछ समय से नोवाक जोकोविच के संपर्क में हूं। हमने संदेशों का आदान-प्रदान किया है, और वह बहुत दयालु रहे हैं। मैं नोवाक जोकोविच और कार्लोस अल्काराज को फाइनल में देखना पसंद करूंगा - और मुझे उम्मीद है कि नोवाक यह मैच जीतेंगे : **विराट कोहली**

विंबलडन खेलों में भाग लेने के अपने अनुभव और अपने वर्तमान पसंदीदा टेनिस खिलाड़ी के बारे में बताया। विराट कोहली ने अपने पसंदीदा पुरुष एकल खिलाड़ी के बारे में कहा कि मैं पिछले कुछ समय से नोवाक जोकोविच के संपर्क में हूं। हमने संदेशों का आदान-प्रदान किया है, और वह बहुत दयालु रहे हैं। मैं नोवाक जोकोविच और कार्लोस अल्काराज को फाइनल में देखना पसंद करूंगा – और मुझे उम्मीद है कि नोवाक यह मैच जीतेंगे। पूर्व भारतीय टेस्ट कप्तान ने कहा कि यह उनके करियर के इस चरण में एक बहुत बड़ी उपलब्धि होगी। वह निश्चित रूप से सभी समय के महानतम खिलाड़ियों में से एक के रूप में चर्चा में हैं – यदि महानतम नहीं हैं – सबसे अधिक ग्रैंड स्लैम खिताब के साथ। वह वास्तव में अपनी कड़ी मेहनत के लिए इसके हकदार हैं।



## भारत के खिलाफ वनडे सीरीज में सिवर-ब्रंट करेंगी इंग्लैंड की कप्तानी

**लंदन,** 8 जुलाई (एजेंसियां)। ग्रोइन इंजरी से जूझ रहीं नैट सिवर-ब्रंट भारत के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए चयनित 15 सदस्यीय इंग्लैंड की टीम की अगुवाई करती दिखेंगी। नैट सिवर-ब्रंट दूसरे टी20 में बल्लेबाजी के दौरान चोटिल हो गई थीं जिसके बाद शेष सीरीज के लिए टैमी बोमॉन्ट को टीम की कमान सौंपी गई थी। हालांकि चयनकर्ताओं को उम्मीद है कि पहले वनडे से पहले सिवर-ब्रंट फिट हो जाएंगी। इंग्लैंड की वनडे टीम में सोफी एक्लस्टोन की भी वापसी हुई है जो कि सीजन की शुरुआत में चोट से रिकवरी के चलते वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज का हिस्सा नहीं बन पाई थीं, एक्लस्टोन को सारा ग्लेन की जगह टीम में शामिल किया गया है। माइया बाउचर जिन्हें सिवर-ब्रंट के रिप्लेसमेंट के तौर पर टी20 सीरीज़ के लिए बुलावा आया था, उन्हें भी वनडे टीम में शामिल किया गया है। लॉरेन फाइलर जिन्होंने शुक्रवार को स्मृति मंधाना और जेमिमाह रॉड्रिग्स के अहम विकेट चटकाते हुए इंग्लैंड की जीत में अहम भूमिका अदा की उन्हें जनवरी में हुए एशेज टूर के बाद पहली बार इंग्लैंड की वनडे टीम में शामिल किया गया है।

## भारतीय अंडर-15 कुश्ती टीमों का बिश्केक में 2025 एशियाई चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन



**नई दिल्ली,** 8 जुलाई (एजेंसियां)। भारतीय अंडर-15 कुश्ती टीमों ने 4 से 7 जुलाई तक बिश्केक (किर्गिस्तान) में आयोजित 2025 अंडर-15 एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें फ्री स्टाइल, ग्रीको रोमन और महिला कुश्ती श्रेणियों में प्रतिस्पर्धा की गई। भारत ने फ्री स्टाइल कुश्ती में टीम चैंपियन का खिताब जीता भारतीय अंडर-15 फ्री स्टाइल कुश्ती टीम कुल 203 अंक हासिल करके टीम चैंपियन बनी, जबकि जापान 166 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा। भारतीय दल ने 6 स्वर्ण, 1 रजत और 1 कांस्य सहित 8 पदक जीते और प्रतियोगिता में अपना दबदबा बनाए रखा। फ्री स्टाइल में पदकों की होड़ की शुरुआत वंश अहलावत से हुई, जिन्होंने रोमांचक मुकाबले में अपने जापानी प्रतिद्वंद्वी को 9-8 के स्कोर से हराकर भारत के लिए पहला स्वर्ण पदक जीता। उनकी जीत से प्रेरित होकर, टीम ने अनुकरणीय भावना दिखाई। आर्यन (44 किग्रा) ने तकनीकी श्रेष्ठता (16-6) से किर्गिज पहलवान को हराया प्रथमेश सूर्यकांत पाटिल ने अपने उज्बेक प्रतिद्वंद्वी को 7-4 से हराया रोहित मान ने ताजिकिस्तान पर 10-0 की तकनीकी श्रेष्ठता से जीत हासिल की सचिन (68 किग्रा) ने अपने उज्बेक प्रतिद्वंद्वी को हराकर जीत हासिल की कार्तिक (85 किग्रा) ने कजाकिस्तान को 3-1 से हराकर जीत हासिल की भारतीय महिला पहलवानों ने टीम उपविजेता का खिताब जीता महिला कुश्ती टीम शानदार प्रदर्शन करते हुए 202 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रही, जो जापान से थोड़ा पीछे है, जिसने 217 अंक बनाए। एक गहन चैंपियनशिप में जहां भारत और जापान के बीच 7 स्वर्ण पदक मुकाबले हुए, भारत 2 स्वर्ण और एक महत्वपूर्ण कांस्य जीतने में सफल रहा, अंततः कुल 3 स्वर्ण, 5 रजत और 1 कांस्य पदक जीता। जिया (33 किग्रा) ने अपनी जापानी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ 4-2 से जीत दर्ज कर स्वर्ण पदक जीता। पूर्वी शर्मा (66 किग्रा) ने अपनी जापानी प्रतिद्वंद्वी को 8-0 से हराया। दीक्षा (39 किग्रा) ने अपनी किर्गिज प्रतिद्वंद्वी को हराकर शानदार प्रदर्शन किया।

# भारत अंडर-19 टीम आखिरी यूथ वन डे हारी

### भारत अंडर- 19 ने आखिरी मैच हारने के बावजूद इंग्लैंड अंडर-19 से यूथ वन डे की सीरीज 3-2 से जीती



■ नमन पुष्पक, डॉकिंस व रॉकी पिलंटॉफ भारत अंडर 19 के सबसे कामयाब गेंदबाज रहे

**नई दिल्ली,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। विस्फोटक सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी के शीर्ष क्रम मे 33 रन की तेज पारी और आर एस अंबरीश के अर्धशतक के बावजूद भारत अंडर 19 टीम ने मेजबान इंग्लैंड अंडर 19 से पांचवां और आखिरी यूथ वन डे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच वूस्टर में सात विकेट से हारने के बावजूद सीरीज 3-2 से जीत ली। भारत अंडर 19 टीम ने वैभव सूर्यवंशी और विहान मल्होत्रा के तूफानी शतकों से चौथा वन डे अंतरराष्ट्रीय मैच इंग्लैंड अंडर 19 से जीतने के साथ अंतिम मैच से पहले ही 3-1 की बढ़त के साथ सीरीज अपने नाम कर ली थी। नवोदित ऑफ स्पिनर अनमोल जीत अंतिम वन डे में भारत अंडर 19 टीम के लिए अपने वन डे करियर का आगाज किया और अपने दो ओवर में 17 रन ही दिए।

कप्तान आयुष म्हात्रे के सीरीज में पहली बार टॉस जीता और भारत अंडर 19 पहले बल्लेबाजी करते हुए वैभव सूर्यवंशी के 42 गेंद खेल दो छक्कों और तीन चौकों की मदद से 33 और निचले क्रम में तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर आर एस अंबरीश के 81 गेंदों पर छह चौकों की मदद से अविजित 66 रन की अच्छी पारियों के बावजूद भारत अंडर 19 टीम निर्धारित 50 ओवर में 9 विकेट पर 210 रन ही बना सकी। भारत अंडर 19 के लिए मध्यक्रम में राहुल कुमार (21 रन, 48 गेंद), विकेटकीपर बल्लेबाज हरवंश पंगालिया (24 रन, 37 रन, तीन चौके) और कनिष्क चौहान (24 रन, 45 गेंद, 2 चौके) ने बढ़िया आगाज जरूर किया लेकिन इसे बड़ी पारी में तब्दील नहीं खेल पाए। अंबरीश ने युद्धजीत गुहा(10 रन) के साथ आठवें विकेट के लिए 68 रन की सबसे बड़ी भागीदारी की। तेज गेंदबाज एलेक्स फ्रेंच और तेज गेंदबाज राल्फ अल्बर्ट ने इंग्लैंड अंडर 19 के लिए दो दो विकेट चटकाए। वैभव सूर्यवंशी का बेशकीमती विकेट मॉर्गन के हिस्से आया। जवाब में बेन मेज (अविजित 82 रन, 76 गेंद, एक छक्का, 11 चौके) की सलामी बल्लेबाज बेन डॉकिंस (66 रन, 53 गेंद, तीन छक्के,9 चौके) के साथ दूसरे विकेट की 107 और कप्तान थॉमस रेव (अविजित 49 रन, 37 गेंद, एक छक्का,सात चौके) के साथ चौथे विकेट की 90 रन की अटूट भागीदारी की बदौलत इंग्लैंड अंडर 19 ने 31.1ओवर में तीन विकेट पर 211 रन बना मैच जीत लिया।

# टी-20 गेंदबाजों की सूची में शीर्ष स्थान के करीब पहुंची दीप्ति



■ दीप्ति पिछले छह वर्षों में अधिकांश समय टी20 गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष 10 में रही हैं

**दुबई,** 8 जुलाई (एजेंसियां)। भारतीय स्पिनर दीप्ति शर्मा टी20 क्रिकेट में नंबर 1 गेंदबाज बनने के करीब पहुंच गई हैं। वह आईसीसी महिला टी20 खिलाड़ी रैंकिंग में शीर्ष स्थान से आठ रेटिंग अंक दूर हैं।

दीप्ति पिछले छह वर्षों में अधिकांश समय टी20 गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष 10 में रही हैं, लेकिन 27 वर्षीय दीप्ति कभी भी शीर्ष स्थान पर नहीं रही हैं, जबकि हाल के दिनों में उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया है। टी20 रैंकिंग में नवीनतम अपडेट में दीप्ति ने एक स्थान की छलांग लगाई है और ऑस्ट्रेलिया की तेज गेंदबाज एनाबेल सदरलैंड को पछाड़कर रैंकिंग में दूसरा स्थान हासिल किया है। दाएं हाथ की यह गेंदबाज अब रैंकिंग में शीर्ष पर मौजूद पाकिस्तान की सादिया इकबाल से केवल आठ रेटिंग अंक पीछे है।

दीप्ति ने इंग्लैंड के खिलाफ भारत की पांच मैचों की टी20 सीरीज के तीसरे मैच में तीन विकेट लेने के बाद अपनी रैंकिंग में सुधार किया है। सीरीज के अंतिम दो मुकाबलों में कुछ बेहतरीन प्रदर्शन के साथ यह ऑफ स्पिनर अपनी पाकिस्तानी प्रतिद्वंद्वी से शीर्ष स्थान हासिल कर सकती है।टीम की साथी अरुंधति रेड्डी भी रैंकिंग में सुधार कर रही हैं।

इंग्लैंड के खिलाफ ओवल में सीरीज के सबसे हालिया मैच में तीन विकेट लेने के बाद इस तेज गेंदबाज ने 11 पायदान की छलांग लगाई है और टी20 गेंदबाजों की सूची में 43वें स्थान पर पहुंच गई हैं।इंग्लैंड की कई गेंदबाजों ने भी लंदन के प्रतिष्ठित मैदान पर पांच रन से मिली जीत के बाद रैंकिंग में सुधार किया है। तेज गेंदबाज इस्सी वोंग (तीन पायदान ऊपर चढ़कर 57वें स्थान पर) और लॉरेन फाइलर (21 पायदान ऊपर चढ़कर 68वें स्थान पर) दो सबसे बड़ी छलांग लगाने वाली गेंदबाज हैं। वहीं तेज गेंदबाज लॉरेन बेल ने रैंकिंग में चौथा स्थान बरकरार रखा है। आईसीसी की रिपोर्ट के अनुसार, ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी टी20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर अपनी मामूली बढ़त बनाए हुए हैं, हालांकि इंग्लैंड और भारत के खिलाड़ियों द्वारा अपनी मौजूदा श्रृंखला में कुछ बेहतरीन प्रदर्शन के बाद शीर्ष 10 के बाहर कुछ बदलाव हुए हैं।भारत की डायनेमो जेमिमा रोड्रिग्स ब्रिस्टल में श्रृंखला के दूसरे मैच में अर्धशतक बनाने के बाद दो स्थान की बढ़त हासिल कर 12वें स्थान पर पहुंच गई हैं, जबकि सलामी बल्लेबाज डैनी वायट-हॉज और सोफिया डंकले ओवल में अपनी शानदार साझेदारी के बाद इंग्लैंड के दृष्टिकोण से बड़ी विजेता हैं।

## सलमान अली आगा बांग्लादेश के खिलाफ टी-20 सीरीज में पाकिस्तान की अगुवाई करेंगे



**इस्लामाबाद,** 8 जुलाई (एजेंसियां)। पाकिस्तान ने बांग्लादेश के खिलाफ आगामी तीन मैचों की टी20 सीरीज के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। यह सीरीज इस महीने के आखिर में मीरपुर में खेली जाएगी। पूर्व मुख्य खिलाड़ी बाबर आजम, मोहम्मद रिजवान और शाहीन शाह अफरीदी टीम से बाहर रहने वाले उल्लेखनीय खिलाड़ियों में शामिल हैं। फहीम अशरफ और फखर जमान टी20 टीम में वापस आ गए हैं। अशरफ ने आखिरी बार 2023 में न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 मैच खेला था, जबकि जमान ने इस प्रारूप में पिछली बार 2024 में हिस्सा लिया था। इस बीच, अहमद दानियाल ने पीएसएल 2025 में शानदार प्रदर्शन के दम पर राष्ट्रीय टीम में पहली बार जगह बनाई है।

तेज गेंदबाजों में, नसीम शाह और मोहम्मद वसीम जूनियर अभी भी अपनी-अपनी चोटों से उबर रहे हैं, जबकि हारिस रऊफ यूएसए में मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) 2025 में खेलते समय चोटिल हो गए हैं।

पाकिस्तानी टीम: सलमान अली आगा (कप्तान), अबरार अहमद, अहमद दानियाल, फहीम अशरफ, फखर जमान, हसन नवाज, हुसैन तलत, खुशदिल शाह, मोहम्मद अब्बास अफरीदी, मोहम्मद हारिस, मोहम्मद नवाज, साहिबजादा फरहान, सैम अयूब, सलमान मिर्जा, सुफियान मोकिम।

## सार संक्षेप

### विंबलडन के दौरान सिनर चोटिल, करवाना होगा 'एमआरआई स्कैन'

**लंदन।** विंबलडन के चौथे दौर में ग्रिगोर दिमित्रोव के खिलाफ मुकाबले के शुरुआती चरण में यानिक सिनर गिरकर चोटिल हो गए, जिसके बाद वर्ल्ड नंबर-1 सिनर चोट की जांच के लिए 'एमआरआई स्कैन' कराने की योजना बना रहे हैं। हालांकि, सिनर विंबलडन के चौथे दौर में पहुंच गए हैं, क्योंकि ग्रिगोर दिमित्रोव को चोट के कारण मैच छोड़ना पड़ा। चौथे दौर के मैचअप के पहले ही गेम में सिनर हार की ओर बढ़ते हुए दिखाई दे रहे थे। इसी बीच जमीन पर एक सहज दिखने वाली स्लाइड के दौरान उनकी कोहनी में चोट लग गई। इसके बाद उन्हें 'मेडिकल टाइमआउट' मिला।हाल ही में अपने फिजियोथेरेपिस्ट और ट्रेनर से अलग होने के बाद, सिनर अब अपनी कोहनी के इलाज के लिए एटीपी टूर के फिजियो की मदद लेंगे। सिनर ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि उस तरह गिरना काफी दुर्भाग्यपूर्ण था। मैंने वीडियो देखी, तो लगा कि यह गंभीर नहीं था, लेकिन फिर भी मुझे काफी दर्द महसूस हुआ, खासकर सर्व और फोरहैंड पर। मैं दर्द को महसूस कर सकता था। अब देखते हैं, कल चोट की जांच करेंगे, फिर तय करेंगे आगे क्या करना है।

### कुंदाई माटिगिमु पर आईसीसी की कार्रवाई

**बुलावायो।** जिम्बाब्वे के तेज गेंदबाज कुंदाई माटिगिमु को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ जारी दूसरे टेस्ट के दौरान आईसीसी आचार संहिता के लेवल-1 के उल्लंघन का दोषी पाया गया है। इसके चलते माटिगिमु पर मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। दोनों टीमों के बीच क्वींस स्पोर्ट्स क्लब में यह मुकाबला खेला जा रहा है। यह घटना दक्षिण अफ्रीकी पारी के 72वें ओवर की है। मुकाबले के पहले दिन माटिगिमु ने अपने फॉलो-थ्रू में गेंद को फील्ड किया और बल्लेबाज लुआन-डी प्रीटोरियस की ओर फेंका, जो करीब से उनकी कलाई पर लगी। इस घटना के बाद, माटिगिमु को आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.9 का उल्लंघन करते हुए पाया गया, जो 'अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान अनुचित/खतरनाक तरीके से किसी खिलाड़ी पर या उसके पास गेंद (या क्रिकेट उपकरण का कोई अन्य सामान) फेंकने' से संबंधित है। यह आरोप मैदानी अंपायर्स के साथ थर्ड और फोर्थ अंपायर ने लगाया। माटिगिमु ने मैच रेफरी रंजन मदुगले के प्रस्तावित दंड को स्वीकार कर लिया है।

### कुंडाई पर आईसीसी आचार संहिता के उल्लंघन के लिए लगा जुर्माना

**बुलावायो।** जिम्बाब्वे के कुंडाई माटिगिमु को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट के दौरान आईसीसी आचार संहिता के लेवल 1 का उल्लंघन करने के लिए दंडित किया गया। कुंडाई माटिगिमु पर बुलावायो में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चल रहे दूसरे टेस्ट के पहले दिन आईसीसी आचार संहिता के लेवल 1 के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। यह घटना दक्षिण अफ्रीका की पहली पारी के 72वें ओवर के दौरान हुई, जब माटिगिमु ने अपने फॉलो-थ्रू में एक गेंद को फील्ड किया और बल्लेबाज लुआन-डी प्रीटोरियस की ओर फेंका, जो काफी नजदीक से उनकी कलाई पर लगी।

# [ अर्थ जगत ]

### पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| एशियन पेंट्स | 1.71 प्रतिशत |
| अडाणी पोर्ट | 0.90 प्रतिशत |
| अडाणी एंटरप्राईज | 0.59 प्रतिशत |
| बजाज फिनसर्व | 0.32 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 0.87 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| बजाज ऑटो | 1.47 प्रतिशत |
| सिपला | 1.47 प्रतिशत |
| एक्सिस बैंक | 0.83 प्रतिशत |
| अपोलो हास्पिटल | 0.67 प्रतिशत |
| भारती एयरटेल | 0.19 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 96,596 |
| बिटुर | 88,730 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 1,06,531 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 77.85 | 90.26 |
| पौड स्टर्लिंग | 105.22 | 122.04 |
| यूरो | 88.88 | 103.09 |
| चीन युआन | 8.4 | 13.63 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4500-4600 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5700-5800 |
| दाल चना | 6700-6800 |
| मसूर काली | 7900-8000 |
| उड़द दाल | 9250-9350 |
| मूंग दाल | 9200-9300 |
| अरहर दाल | 8400-8500 |

## 2025 की पहली छमाही में पूरे भारत में 76 सौदों में 2,898 एकड़ से अधिक भूमि का हुआ लेन-देन



■ 2024 में देखी गई डील की मात्रा का 1.15 गुना है, जिसमें 2,515 एकड़ के लिए लगभग 133 सौदे पूरे हुए

■ 2025 की पहली छमाही में पूरे भारत में 76 सौदों में 2,898 एकड़ से अधिक भूमि का लेन-देन हुआ

**मुंबई,** 8 जुलाई (एजेंसियां)। रियल एस्टेट डेवलपर्स द्वारा 2025 की पहली छमाही में भूमि खरीद का सिलसिला जारी रहा, जिसमें इस अवधि के दौरान पूरे भारत में 76 सौदों में 2,898 एकड़ से अधिक भूमि का लेन-देन हुआ। यह जानकारी मंगलवार को जारी एनारॉक की रिपोर्ट में दी गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2025 में अब तक लेन-देन की गई भूमि की कुल मात्रा पहले से ही पूरे 2024 में देखी गई डील की मात्रा का 1.15 गुना है, जिसमें 2,515 एकड़ के लिए लगभग 133 सौदे पूरे हुए। रिपोर्ट के अनुसार, 2025 की पहली छमाही में लेन-देन की गई भूमि का कुल मूल्य 30,885 करोड़ रुपए था, जिसमें लगभग 1.47 लाख करोड़ रुपए की राजस्व क्षमता और 233 मिलियन वर्ग फुट से अधिक की कुल विकास क्षमता थी। रिपोर्ट में आगे बताया गया है कि 2025 की पहली छमाही में कुल भूमि सौदों में से, लगभग 991 एकड़ के लिए 67 से अधिक सौदे अकेले शीर्ष 7 शहरों में हुए। 1,907 एकड़ से अधिक के लिए शेष 9 सौदे अहमदाबाद, अमृतसर, कोयंबटूर, इंदौर, मैसूर और पानीपत जैसे टियर 2 और 3 शहरों में हुए।

शीर्ष 7 शहरों में, भूमि की कमी वाले मुंबई महानगर क्षेत्र में सबसे अधिक 433 से अधिक एकड़ के लिए 24 भूमि सौदों के साथ कार्रवाई हुई, इसके बाद बेंगलुरु में लगभग 182 एकड़ के लिए 15 भूमि सौदे और पुणे में 214 एकड़ से अधिक के लिए 13 सौदे हुए। आवासीय रियल एस्टेट के अलावा, कमर्शियल, रिटेल, इंडस्ट्रियल लॉजिस्टिक्स, और वेयरहाउसिंग भी भारत भर में प्रमुख स्थानों पर प्रमुख भूमि सौदों को बढ़ावा दे रहे हैं।

2025 की पहली छमाही में कुल भूमि सौदों में से, 1,200 एकड़ से अधिक के लिए कम से कम 54 अलग-अलग सौदे अपार्टमेंट, विला, प्लॉटेड डेवलपमेंट और टाउनशिप परियोजनाओं जैसे आवासीय विकास के लिए प्रस्तावित हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि कमर्शियल प्रोजेक्ट्स के लिए लगभग 48.41 एकड़ के लिए 8 अन्य सौदे प्रस्तावित हैं और मिश्रित उपयोग विकास के लिए लगभग 1,034 एकड़ के लिए 6 सौदे प्रस्तावित हैं। एनारॉक ग्रुप के लैंड सर्विसेज एमडी और सीईओ मयंक सक्सेना ने कहा, '2021 से कोरोना महामारी के बाद के वर्षों में भूमि सौदों की लगातार बाढ़ देखी गई है। इन सौदों का पैमाना और परिष्कार, जो 841 मिलियन वर्ग फीट की संयुक्त विकास क्षमता के लिए जिम्मेदार है, रियल एस्टेट बाजार की परिपक्वता को रेखांकित करता है।' उन्होंने कहा, 'नेशनल लैंड ट्रांजैक्शन इकोसिस्टम में महत्वपूर्ण योगदानकर्ता के रूप में टियर 2 और 3 शहरों का उभरना भी बेहतर है।'

## सोने की कीमत में उछाल, चांदी के दाम भी 900 रुपए से ज्यादा बढ़े



■ सोने की कीमत बढ़कर फिर से 97,000 रुपए प्रति 10 ग्राम के करीब आ गई

**नई दिल्ली,** 8 जुलाई (एजेंसियां)। सोने और चांदी की कीमतों में मंगलवार को तेजी देखने को मिली। 24 कैरेट के सोने की कीमत बढ़कर फिर से 97,000 रुपए प्रति 10 ग्राम के करीब आ गई है और चांदी की कीमत में भी 900 रुपए से ज्यादा का उछाल दर्ज किया गया। इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) द्वारा शाम को जारी की गई कीमतों के अनुसार, 24 कैरेट के सोने की कीमत 96,972 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है, जो कि सोमवार शाम को जारी कीमत, 96,596 रुपए प्रति 10 ग्राम से 376 रुपए अधिक है। 22 कैरेट के 10 ग्राम सोने की कीमत बढ़कर 88,871 रुपए हो गई है, जो कि पहले 88,482 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। वहीं, 18 कैरेट के 10 ग्राम सोने का दाम बढ़कर 72,766 रुपए हो गया है, जो कि पहले 72,447 रुपए प्रति 10 ग्राम था।

आईबीजेए की ऑफिशियल वेबसाइट पर सोने और चांदी की कीमतों को दिन में सुबह और शाम दो बार अपडेट किया जाता है। सोने के साथ चांदी की कीमत में भी बढ़ोतरी देखने को मिली है। चांदी की कीमत 969 रुपए बढ़कर 1,07,500 रुपए प्रति किलो हो गई है, जो कि इससे पहले के कारोबारी दिन शाम को 1,06,531 रुपए प्रति किलोग्राम थी।

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने और चांदी दोनों की कीमतों में गिरावट देखने को मिली। सोने के 5 अगस्त, 2025 का कॉन्ट्रैक्ट 0.33 प्रतिशत कम होकर 96,951 रुपए और चांदी के 5 सितंबर, 2025 का कॉन्ट्रैक्ट 0.31 प्रतिशत कम होकर 1,07,986 रुपए पर था। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमत में गिरावट और चांदी की कीमतों में कमजोरी देखी जा रही है। खबर लिखे जाने तक सोने की कीमत 0.22 प्रतिशत कम होने के बाद 3,335.40 डॉलर प्रति औंस और चांदी 0.10 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 36.865 डॉलर प्रति औंस पर थी।

1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 20,810 रुपए या 27.32 प्रतिशत बढ़कर 96,972 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 21,483 रुपए या 24.97 प्रतिशत बढ़कर 1,07,500 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गया है।

## प्रमुख यूनियन की हड़ताल से पूरे भारत में बैंकिंग सेवाएं हो सकती हैं बाधित : बैंक ऑफ बड़ौदा

**नई दिल्ली,** 8 जुलाई (एजेंसियां)। पब्लिक सर्विस सेक्टर जैसे बैंकिंग, इंश्योरेंस, पोस्टल और कंस्ट्रक्शन क्षेत्र में काम करने वाले करोड़ों कर्मचारियों ने बुधवार यानी 9 जुलाई को भारत बंद का आह्वान किया है। इन क्षेत्रों में काम करने वाले कर्मचारी राष्ट्रव्यापी हड़ताल पर जाने वाले हैं। कर्मचारियों की इस हड़ताल से देश की कई सेवाएं बाधित हो सकती हैं। 10 केंद्रीय ट्रेड यूनियनों और उनके सहयोगियों के एक मंच हड़ताल को लेकर ऐलान किया है। बैंक ऑफ बड़ौदा ने एक्सचेंज फाइलिंग में कहा कि बुधवार को पूरे भारत में बैंकिंग सेवाएं बाधित हो सकती हैं, क्योंकि प्रमुख बैंक यूनियनें राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल में शामिल होने की तैयारी कर रही हैं। एक्सचेंज फाइलिंग में कहा गया है कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ने चेतावनी दी है कि अगर हड़ताल होती है तो भले ही बैंक सामान्य परिचालन बनाए रखने का प्रयास कर रहा हो, इसकी शाखाओं और कार्यालयों के कामकाज पर असर पड़ सकता है। हड़ताल का नोटिस ऑल इंडिया बैंक एम्प्लॉईज एसोसिएशन (एआईबीईए), ऑल इंडिया बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन (एआईबीओए) और बैंक एम्प्लॉई फेडरेशन ऑफ इंडिया (बीईएफआई) के महासचिवों द्वारा दिया गया।

## भारतीय आईटी सेक्टर में पहली तिमाही में धीमी वृद्धि देखने को मिलेगी



■ आईटी सेक्टर वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही में वृद्धि के नरम रहने की उम्मीद

**नई दिल्ली,** 8 जुलाई (एजेंसियां)। भारतीय आईटी सर्विस सेक्टर में वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही में वृद्धि के नरम रहने की उम्मीद है। यह जानकारी मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट में दी गई। फाइनेंशियल सर्विस फर्म इक्विरस सिक्योरिटीज ने अपनी एक लेटेस्ट रिपोर्ट में कहा कि आईटी कंपनियों की आय तिमाही आधार पर मिश्रित रहने की उम्मीद है।

यह रिपोर्ट लार्ज-कैप आईटी कंपनियों में इंफोसिस और टेक महिंद्रा और मिड-कैप कंपनियों में जेनसार, एमफैसिस और केपीआईटी ईक्लर्क्स को ध्यान में रखकर तैयार की गई है। फर्म की रिपोर्ट इंफोसिस के वित्त वर्ष 2026 की बिक्री वृद्धि मार्गदर्शन में कुछ प्रकार के संशोधन और टॉप छह लार्ज-कैप आईटी कंपनियों को लेकर वृद्धि नरम रहने की जानकारी देती है। रिपोर्ट में कहा गया है, 'इंफोसिस अमेरिकी डॉलर की बिक्री में 1.0-3.25 प्रति सीसी वृद्धि का मार्गदर्शन करेगी, जो कि मुख्य रूप से लगभग 0.4 प्रतिशत (0-3 प्रतिशत की पूर्व वृद्धि मार्गदर्शन) की इंक्रीमेंटल इनऑर्गेनिक ग्रोथ योगदान को ध्यान में रखते हुए वित्त वर्ष 26 (अनुमानित) के लिए 20-22 प्रतिशत के अपने ईबीआईटीएम मार्गदर्शन में कोई बदलाव नहीं करेगी।' रिपोर्ट में कहा गया है, 'टॉप 6 लार्ज कैप वित्त वर्ष 26ई की पहली तिमाही में सीसी शर्तों में अमेरिकी डॉलर की बिक्री में (-) 2.6 प्रतिशत से 1.4 प्रतिशत की तिमाही वृद्धि दर्ज करेंगे। इक्विरस सिक्योरिटीज को टॉप 6 लार्ज कैप में 120-230 बीपीएस तिमाही की सीमा में हाई क्रॉस-करेंसी टेलविंड की उम्मीद है।' हालांकि, फर्म को कुछ मिडकैप आईटी/बीपीओ सर्विस कंपनियों से स्वस्थ बिक्री प्रदर्शन की उम्मीद है। फर्म को उम्मीद है कि मांग संबंधी टिप्पणी सतर्क रहेगी। हालांकि, इसका मानना है कि विक्रेताओं को बीएफएसआई में बेहतर मांग का माहौल देखने को मिल रहा है।

## अमेरिका के साथ व्यापार समझौते की उम्मीद से बाजार को समर्थन, शेयर सूचकांकों में हल्की तेजी



**मंबई,** 8 जुलाई (एजेंसियां)। स्थानीय शेयर बाजारों में मंगलवार को भारत-अमेरिका के बीच एक लघु व्यापार समझौते की उम्मीद के बीच आखिरी दौर के कारोबार में खास कर बैंकिंग, वित्तीय और बिजली क्षेत्र की कंपनियों के शेयरों को लिवाली के समर्थन से प्रमुख सूचकांकों में हल्का सुधार दर्ज किया गया। सोमवार की तरह आज भी सीमित और सावधानी भरे कारोबार के कारण बाजार सुस्त चल चल रहा था और प्रमुख सूचकांक पिछले स्तर पर बने हुए थे। आखिरी समय में लिवाली का समर्थन बढ़ गया था।

आखिरी दौर की लिवाली के समर्थन से बीएसई30 सेंसेक्स 270.01 अंक यानी 0.32 प्रतिशत की बढ़त के साथ 83,712.51अंक पर तथा नेशलन स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 भी इसी तहर दिन में अधिकांश समय गिरावट में रहने के बाद अंत में 61.20 अंक यानी 0.24 प्रतिशत की हल्की बढ़त के साथ 25,522 . 50 पर बंद हुआ। वैश्विक अनिश्चितताओं और स्थानीय स्तर पर किसी ठोक संकेत के अभाव में बाजारों में अब भी नरमी का रुख बरकार है। बीएएसई सेंसेक्स कल 83,442.50 पर बंद हुआ था। बाजार आज 83,387.03 पर नरमी के साथ खुला था और कारोबार के दौरान सेंसेक्स ऊपर में 83,812.31 और नीचे में 83,320.95 तक गया था। एनएसई 25,427.85 पर खुलने के बाद ऊपर में 25,548.05 और नीचे में 25,424.15 तक गया था।

एनएसई के व्यापक बाजार में कुल 3023 कंपनियों के शेयरों का लेन-देन दर्ज किया गया। इनमें 1352 लाभ में और 1564 घाटे में बंद हुए 108 शेयरों में स्थिरता रही। बीएसई सेंसेक्स के 30 में से 18 शेयर 0.22 प्रतिशत से 3.61 प्रतिशत तक लाभ में रहे। सबसे अधिक लाभ कोटक बैंक बैंक में हुआ जबकि आईटीसी लाभ वाले शेयरों में सबसे नीचे रहा। सबसे अधिक लाभ कोटक बैंक बैंक में हुआ, जबकि आईटीसी लाभ वाले शेयरों में सबसे नीचे रहा। बीएसई सेंसेक्स के लाभ में रहे अन्य शेयरों में इटर्नल, एशियन पेंट, एनटीपीसी, बीईएल, अडानी पोर्ट, एसबीआई, एचडीएफसी बैंक, इन्फोसिस, एलएंडटी, टेक महिं., टाटा मोटर्स, पावर ग्रिड, अल्ट्रासेमको, बजाज फिनसर्व, आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फाइनेंस शामिल हैं।

महिंद्रा एंड महिंद्रा, एचसीएल, भारती एयरटेल, आईटीसी, रिलायंस, टाटा स्टील, सन फार्मा, हिंदुस्तान लीवर, मारुति, एक्सिस बैंक और ट्रेंट हल्के घाटे में बंद हुये। टाइटन 6.17 प्रतिशत टूट गया। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेस के शोध,धन प्रबंधन प्रभाग के प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा कि आज के सत्र के अधिकांश समय बाजार में मंदी रही, लेकिन ऐसी रिपोर्टों के बीच कि भारत और अमेरिका के बीच लंबे समय से प्रतीक्षित एक छोटे व्यापार सौदे की आज घोषणा की जा सकती है, आखिरी दौर में सुधार हुआ।

## गुजरात में 2017 से करदाताओं की संख्या में 145 प्रतिशत की वृद्धि हुई





■ वर्ष 2024-25 तक राज्य में 12.66 लाख पंजीकृत करदाता हो गए

**अहमदाबाद,** 8 जुलाई (एजेंसियां)। गुजरात सरकार के अनुसार, वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) लागू होने के बाद से आठ वर्षों में करदाताओं की संख्या में 145 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। सरकार के बताया कि 2017 में जहां 5.15 लाख से अधिक करदाता थे, वहीं अब वित्तीय वर्ष 2024-25 तक राज्य में 12.66 लाख पंजीकृत करदाता हो गए हैं। जीएसटी लागू होने के बाद से गुजरात कर अनुपालन, राजस्व वृद्धि और डिजिटल एकीकरण के मामले में भारत के शीर्ष प्रदर्शन करने वाले राज्यों में से एक के रूप में उभरा है। वैल्यू एडेड टैक्स (वैट), केंद्रीय सेल्स टैक्स (सीएसटी), चुंगी और प्रवेश कर के जटिल जाल में उलझी राज्य की कर प्रणाली में 'एक राष्ट्र, एक कर' व्यवस्था के तहत जीएसटी लागू होने से बड़ा परिवर्तन आया है, जिससे न केवल अनुपालन सरल हुआ है, बल्कि अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा मिला है। 2024-25 में गुजरात की करदाता वृद्धि दर 6.38 प्रतिशत रही है जो राष्ट्रीय औसत 3.86 प्रतिशत से काफी अधिक है, जो राज्य के गतिशील कारोबारी माहौल और व्यापार के बढ़ते औपचारिकीकरण को दर्शाती है।

गुजरात का जीएसटी राजस्व 2024-25 में बढ़कर 1,36,748 करोड़ रुपए हो गया है, जो पिछले साल के मुकाबले 11,579 करोड़ रुपए अधिक है। राज्य देश के घरेलू जीएसटी पूल में 8.2 प्रतिशत का योगदान देता है, जिससे यह देश में शीर्ष तीन जीएसटी योगदान देने वाले राज्यों में शामिल हो गया है। इसके अतिरिक्त, गुजरात का स्टेट जीएसटी (एसजीएसटी) और इंटीग्रेटेड जीएसटी (आईजीएसटी) से राजस्व 73,200 करोड़ रुपए तक पहुंच गया, जो पिछले वित्त वर्ष से 8,752 करोड़ रुपए अधिक है। गुजरात ने एसजीएसटी और आईजीएसटी संग्रह में 13.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की, जो राष्ट्रीय औसत 10.31 प्रतिशत से अधिक है।

## ट्रंप के बांग्लादेश पर 35 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने से भारतीय कपड़ा कंपनियों के शेयरों में आया उछाल



**नई दिल्ली,** 8 जुलाई (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बांग्लादेश पर 35 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने के बाद मंगलवार को सुबह के कारोबार में भारतीय कपड़ा कंपनियों के शेयरों में उछाल देखने को मिला। ट्राइडेंट, वेलस्पन, गोकलदास एक्सपोर्ट्स, केपीआर मिल, वर्धमान टेक्सटाइल्स और अरविंद लिमिटेड जैसी कपड़ा कंपनियों के शेयरों में शुरुआती कारोबार में तेजी आई। गोकलदास एक्सपोर्ट्स के शेयरों में 7 फीसदी से ज्यादा की तेजी आई, जबकि वर्धमान टेक्सटाइल्स के शेयरों में 7.4 फीसदी और वेलस्पन लिविंग के शेयरों में 2 फीसदी की तेजी आई। बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस को लिखे पत्र में ट्रंप ने कहा कि 1 अगस्त, 2025 से हम बांग्लादेश से अमेरिका में भेजे जाने वाले सभी बांग्लादेशी उत्पादों पर केवल 35 फीसदी टैरिफ लगाएंगे, जो सभी सेक्टोरल टैरिफ से अलग होगा। ट्रंप ने पत्र में लिखा, 'कृपया समझें कि 35 प्रतिशत टैरिफ आपके देश के साथ हमारे व्यापार घाटे की असमानता को खत्म करने के लिए आवश्यक संख्या से बहुत कम है।' उन्होंने कहा कि उच्च टैरिफ से बचने के लिए ट्रांसशिप किए गए सामान उस उच्च टैरिफ के अधीन होंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति ने चेतावनी दी कि अगर किसी भी कारण से बांग्लादेश अपने टैरिफ बढ़ाने का फैसला करता है तो वह जो भी संख्या बढ़ाना चाहेगा, उसे 35 प्रतिशत में जोड़ दिया जाएगा।

ट्रंप ने कहा, 'कृपया समझें कि ये टैरिफ बांग्लादेश की कई वर्षों की टैरिफ और गैर-टैरिफ नीतियों और व्यापार बाधाओं को ठीक करने के लिए आवश्यक हैं, जो संयुक्त राज्य अमेरिका के खिलाफ इन अस्थिर व्यापार घाटे का कारण बन रहे हैं। यह घाटा हमारी अर्थव्यवस्था और वास्तव में हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए एक बड़ा खतरा है।'

### भारतीय निर्यातकों ने टैरिफ वृद्धि की समयसीमा 1 अगस्त तक बढ़ाने के अमेरिकी फैसले का किया स्वागत

**नई दिल्ली।** भारतीय निर्यातकों ने आयात पर टैरिफ बढ़ोतरी को 9 जुलाई से 1 अगस्त तक स्थगित करने के अमेरिकी फैसले का स्वागत किया है, क्योंकि इससे व्यापार मुद्दों को सुलझाने के लिए बातचीत के लिए अधिक समय मिलेगा। फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गनाइजेशन (एफआईईओ) के महानिदेशक अजय सहाय ने कहा कि रेसिप्रोकल टैरिफ लगाने को स्थगित करना अमेरिका की अपने व्यापारिक भागीदारों के साथ रचनात्मक रूप से जुड़ने की इच्छा को दर्शाता है। उन्होंने कहा, 'यह बातचीत के लिए अतिरिक्त समय प्रदान करता है, जो हमारे वार्ताकारों को शेष विवादास्पद मुद्दों को सुलझाने में मदद कर सकता है।' सहाय ने आगे कहा कि अगर अमेरिका इस महीने के अंत तक कम से कम वस्तुओं पर द्विपक्षीय व्यापार समझौते को अंतिम रूप देता है तो एक दर्जन देशों को कवर करने वाले प्रस्तावित टैरिफ भारत को अधिक तुलनात्मक लाभ प्रदान कर सकते हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका के ट्रेजरी सचिव स्कॉट बेसेंट ने पहले कहा था कि वाशिंगटन कई व्यापार सौदों पर समझौते तक पहुंचने के करीब है क्योंकि अंतिम समय में विभिन्न देशों से बहुत सारे प्रस्ताव आए हैं।

## डॉलर के मुकाबले रुपया मजबूत

**मुंबई,** 8 जुलाई (एजेंसियां) अंतर बैंक विदेशी विनिमय बाजार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपए में मंगलवार को 10 पैसे की मजबूती दर्ज की गयी। बाजार बंद होने के समय रुपया-डालर विनिमय दर 85.7188 के दायरे में रही। कल बाजार 85.8150 के स्तर पर बंद हुआ था। विश्लेषकों के अनुसार कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और शेयर बाजारों में विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई ) की बिकवाली के दबाव में कमी से विदेशी विनिमय बाजार में भारतीय रुपए को सहारा मिला। अमेरिका के साथ संभावित व्यापार समझौतों को लेकर बाजार में आशावाद से भी रुपए की धारणा को मजबूती मिली। विश्लेषकों के अनुसार रुपए के भविष्य में 85.25 से 86.00 के दायरे में मजबूत रहने की उम्मीद है। ब्रिटेन का पौंड 116.8170 रुपए, यूरो 100.6064 रुपए पर तथा जापानी येन (प्रति सैकड़ा) 58.6500 रुपए के स्तर पर था। न्यूयार्क जिंस बाजार में ब्रेंट क्रूड का भाव गिर कर एक समय 66.77 डॉलर प्रति बैरल पर चल रहा था। कल बाजार 67 डॉलर के स्तर पर था। वैश्विक जिंस बााजर में सोना 0.45 प्रतिशत नरम हो कर 3,322 डॉलर के स्तर पर चल रहा था। इसके प्रभाव से स्थानीय बाजार में 440 रुपए की कमजोरी के साथ 96,820 रुपए के स्तर पर था। विश्लेषकों के अनुसार डालर के मुकाबले रुपए में मजबूती से सोने की कीमतों पर और दबाव है।

### सार संक्षेप

### धान का रकबा बढ़ा, दलहन तिलहन के रकबे में दिखी तेजी

**नई दिल्ली।** देश में इस साल खरीफ सीजन की प्रमुख फसलों की बुवाई में सरकारी आंकड़ों के अनुसार तेजी देखी जा रही है। कृषि मंत्रालय से मंगलवार को प्राप्त अद्यतन आंकड़ों के अनुसार बीते साल की तुलना में इस साल खरीफ फसलों का रकबा 43.66 लाख हेक्टेयर अधिक है। आंकड़ों के अनुसार धान का रकबा बीते साल की तुलना में 4.78 लाख हेक्टेयर बढ़ गया । खरीफ 224-25 में अब तक धान का रकबा 64.52 लाख हेक्टेयर था जो इस समय 69.3 लाख हेक्टेयर तक पहुंच गया है। दलहन का रकबा भी खासा बढ़ गया है। पिछले वर्ष दलहन की बिजाई 31.48 लाख हेक्टेयर में हुई थी पर अब इसका क्षेत्रफल बढ़ कर 42.57 लाख हेक्टेयर हो चुका है। धान और दलहन के अलावा मोटे अनाजों का रकबा 13.4 लाख हेक्टेयर और तिलहन का 13.31 लाख हेक्टेयर के साथ एक साल पहले इसी अवधि की तुलना में ज्यादा पर चल रहा है। नगदी फसलों में ईख का रकबे में मामूली तेजी देखी गई है। पिछले साल इस समय तक 55.16 लाख हेक्टेयर में यह फसल लगी थी पर अब ये क्षेत्रफल बढ़कर 52.51 लाख हेक्टेयर हो गया है। कपास का रकबा भी`.96 लाख हेक्टेयर बढ़ गया है। इस साल रागी, रामतिल, अरंडी और जूट के रकबे में मामूली गिरावट आयी है ।

### अदाणी इलेक्ट्रिसिटी ने वित्त वर्ष 225 में बिजली चोरी के खिलाफ तेज किए अपने प्रयास

**मुंबई।** अदाणी इलेक्ट्रिसिटी ने मंगलवार को जानकारी देते हुए बताया कि कंपनी ने बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ 1,166 फर्स्ट इंफोर्मेशन रिपोर्ट (एफआईआर) रजिस्टर की हैं, जिसमें वित्त वर्ष 223-24 में 974 एफआईआर की तुलना में काफी वृद्धि हुई और घाटे में कमी दर्ज की गई। इस कार्रवाई के परिणामस्वरूप एग्रीगेट टेक्निकल एंड कमर्शियल (एटीएंडसी) घाटे में`.77 प्रतिशत की सराहनीय कमी आई, जो पिछले वर्ष के 5.47 प्रतिशत से घटकर वित्त वर्ष 224-25 में 4.7 प्रतिशत हो गई। यह उपलब्धि अदाणी इलेक्ट्रिसिटी को इसके व्यापक नेटवर्क और विविध उपभोक्ता आधार को देखते हुए देश भर में सबसे कम एटीएंडसी घाटे वाली डिस्कॉम में शामिल करती है।

### अदाणी पावर ने 6` मेगावाट की विदर्भ पावर का अधिग्रहण किया पूरा

**अहमदाबाद।** अदाणी पावर लिमिटेड (एपीएल) ने मंगलवार को जानकारी देते हुए बताया कि कंपनी ने 4,` करोड़ रुपए में विदर्भ इंडस्ट्रीज पावर लिमिटेड (वीआईपीएल) का अधिग्रहण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। इस अधिग्रहण के साथ, अदाणी पावर अपनी परिचालन क्षमता को 18,15 मेगावाट तक ले जाएगा, जो 23 तक 3,67 मेगावाट परिचालन क्षमता के साथ भारत की सबसे बड़ी प्राइवेट बेस लोड बिजली उत्पादन कंपनी के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत करेगा।

# कुएं में मरे हुए मेंढक को निकालने उतरे किशोर की मौत,बेटे को बचाने कुएं में कूदे पिता की भी गई जान

**बिलासपुर,** 08 जुलाई (देशबन्धु)। जिले के सीपत थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम ऊनी में सोमवार को घटी ह्रदय विदारक घटना ने पूरे गांव को हिला कर रख दिया। कुएं में गिरे मरे हुए मेंढक को निकालने उतरे एक 15 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। बेटे को बचाने के लिए कुएं में कूदे पिता ने भी दम तोड़ दिया। दोनों की मौत को लेकर गांव में तरह-तरह की बातें चल रही है। बहरहाल अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है की मौत की असली वजह क्या है। प्रयास लगाया जा रहा है कि पिता और बेटे की मौत करंट लगने से हुई है। जानकारी यह भी मिल रही है कि कुएं में जहरीले गैस के कारण पिता पुत्र की दम घुटने से मौत हो गई। सीपत पुलिस मामले की जांच कर रही है।





## क्या है पूरा मामला

पेशे से वाहन चालक कैलाश दास गोस्वामी अपने ससुराल बलौदा बाजार के अमोदी गांव से अपने ऊनी गांव स्थित घर आया था। सोमवार की शाम कैलाश गोस्वामी का बेटा कक्षा 9 वी का छात्र 15 वर्षीय अंशु वैष्णव ने महसूस किया कि आँगन में बने रिंग सिस्टम वाले कुएं से बदबू आ रही है। अंशु ने कुएं में झांक कर देखा तो उसे एक मरा हुआ मेंढक नजर आया। इसके बाद मेंढक को बाहर निकालने के लिए अंशु कुएं में उतर गया।

कुछ समय तक जब अंशु की कोई आवाज नहीं आई, तो चिंतित पिता कैलाश ने कुएं में झाँककर देखा। उन्होंने पाया कि अंशु पानी में तड़प रहा है। अपने बेटे को बचाने के लिए पिता कैलाश गोस्वामी ने भी कुएं में छलांग लगा दिया। लेकिन कुछ देर बाद कुएं से कोई हलचल नहीं हुई।

कैलाश की बीमार पत्नी, घटना के समय बिस्तर पर लेटी थी। बेटे और पति की आवाज न सुनने पर कुएं के पास पहुँचीं। मौके पर बीमार पत्नी ने जो दृश्य देखा इसके बाद उसके होश उड़ गए। पत्नी ने देखा कि उसके बेटे और पति की लाश पानी में तैर रही है।

## मौत का कारण करंट या गैस की बदबू ?

मृतक के छोटे बेटे आर्यन ने पुलिस को बताया कि उसी दिन घर का बिजली कनेक्शन दोबारा चालू किया गया था लेकिन कुछ देर बाद बिजली चली गई। साथ ही, जब कुएं से पानी निकालने की कोशिश की गई, तो उसमें से तेज़ बदबू आई।

कुएं में एक मरा हुआ मेंढक दिखा। परिवार का संदेह है कि पानी में करंट फैल गया हो या फिर कोई जहरीली गैस हो। जिसके कारण पिता और पुत्र की मौत हो गई।


मृतक पिता-पुत्र

## अस्पताल ले जाने पर मृत घोषित

घटना के तुरंत बाद गाँव के लोग और परिजन मौके पर पहुँचे। किसी ने दावा किया कि अंशु की साँसें चल रही हैं।, इसलिए उसे तत्काल बलौदा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। लेकिन डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

## पोस्टमार्टम की रिपोर्ट बताएगा मौत की वजह

फिलहाल कैलाश का शव घर में रखा था। अंशु का शव बलौदा अस्पताल की मर्च्युरी में था। आज दोनों का पोस्टमार्टम किया गया।

सीपत थाना प्रभारी निरीक्षक गोपाल सतपथी ने बताया कि पुलिस सभी संभावनाओं की जाँच कर रही है—चाहे वह करंट हो, जहरीली गैस, या डूबना।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत की सही वजह का खुलासा हो पाएगा। उधर हादसे के बाद पूरे गाँव में मातम पसरा हुआ है। एक ही दिन में पिता और बेटे को खो चुके परिवार की हालत बेहद दयनीय है।

# व्यस्तम मार्गो में अनाधिकृत रूप से खड़ी किए वाहनों पर लगाई जा रही है व्हील लॉक

### उल्लंघन कर्ता वाहन चालको को लगातार की जा रही है जागरूक

### कार और बाइक लिफ्टर से लिफ्ट कर वाहनों पर की जा रही कार्रवाई

**बिलासपुर,** 08 जुलाई (देशबन्धु)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह की दिशा निर्देश पर यातायात पुलिस के द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रामगोपाल करियारे के नेतृत्व में नियमित रूप से जिले में सरल सुगम सुव्यस्थित एवं सुरक्षित आवागमन और सुचारू प्रबंधन हेतु नियमित रूप से लोगों को जागरूक किया जा रहा है साथ ही जहां-जहां आवश्यकता अनुसार सुधारात्मक एवं समाधान कारक प्रयास किये जाने की जरूरत है वहाँ लगातार किया जा रहे हैं वहीं यातायात नियमों का उल्लंघन कर यातायात व्यवधान करने वाले उल्लंघनकर्ता वाहन चालकों पर कार्यवाही भी सुनिश्चित की जा रही है।



शहर के अत्यंत व्यस्ततम मार्ग में वाहन चालकों द्वारा अपने दोपहिया एवं चार पहिया वाहनों को बेतरतीब तरीके से खड़ी कर शहर के अत्यंत व्यस्तम सड़कों पर भी यातायात नियमों को उल्लंघन करते हुए पार्किंग की जाती है इसको ध्यान में रखते हुए लगातार अभियान चलाकर पूरे शहर में कार्यवाही सुनिश्चित की गई है ताकि आम नागरिक गणों को अपने दैनंदिनी मार्केट के कार्यों हेतु शहर के मध्य क्षेत्र में आने पर किसी तरह का यातायात प्रावधान की स्थिति का सामना न करना पड़े।

इस हेतु यातायात पुलिस के द्वारा लगातार ऐसे वाहन जो यातायात नियमों को उल्लंघन करते हुए शहर के प्रमुख मार्गो को बाधित करने का प्रयास करते हैं उनके वाहन के चक्का में व्हील लॉक में भी लगाई जा रही है तथा कार लिफ्टर एवं बाइक लिफ्टर के माध्यम से उक्त वाहनों को यातायात मुख्यालय लाकर नियमानुसार कार्यवाही भी की जा रही है।

यातायात पुलिस द्वारा लोगों को लगातार समझाइस दिए जाने के बावजूद भी शहर के अत्यधिक यातायात दबाव वाले स्थान पर अवैध रूप से पार्किंग करना न सिर्फ यातायात व्यवधान की स्थिति निर्मित करती है अपितु सड़क दुर्घटनाओं का कारण भी बनती है। जिससे लोगों के लिए अत्यंत जोखिम, खतरनाक और घातक स्थिति बनती है।

इसी कड़ी में आज देवकीनंदन चौक से शनिचरी और अन्य शहर के कई क्षेत्रों में लगातार पैदल पेट्रोलियम कर नो पार्किंग में खड़ी वाहनों पर सघन कार्यवाही की गई। कार्यवाही में रामगोपाल करियारे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात, डीएसपी शिव चरण सिंह परिहार, टैंगो सईद अख्तर सर, टेंगों नवीन देवांगन,-स्ढ धनेश साहू,-स्ढ अभय खलखो एवं स्टाफ प्र. आर. राजेंद्र मिश्रा, आर. डी साहू आर. राकेश सिंह, संदीप अनंत, शेखर सिंह एवं स्टाफ शामिल थे।

यातायात पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि सड़कों पर चलते हुए सदैव यातायात नियमों का पालन करें एवं यातायात संकेतो का सदैव पालन करते हुए ही वाहन का चालन करें तथा यातायात के अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा तत्कालीन रूप से आवागमन के सुचारू संचालन हेतु बताई जा रही निर्देशों का समुचित पालन करें ताकि कहीं पर भी अत्यंत व्यवस्थतम यातायात दबाव वाले स्थान पर आवागमन बाधित न हो और सभी को सरल सुगम सुव्यस्थित और सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित की जा सके।

## सार-संक्षेप



### समाजसेवी चंचल सलूजा को रोटरी क्लब ऑफ क्वींस बिलासपुर ने सम्मानित किया

**बिलासपुर,** 08 जुलाई (देशबन्धु)। जिले के समाज सेवी चंचल सलूजा का रोटरी क्लब ऑफ क्वींस ने समाज में उनके सराहनीय योगदान के लिए सम्मानित किया है। रोटरी क्लब ऑफ बिलासपुर क्वींस ने शहर के एक होटल में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व कार्यकारिणी द्वारा समाजसेवी चंचल सलूजा का सम्मान किया गया, बता दे कि, चंचल लंबे समय से बिलासपुर में सेवा के क्षेत्र में प्रत्यक्ष रूप से कार्य कर रहे है, सुदूर क्षेत्रों में जाकर रोटरी क्वींस के साथ समाज सेवा में हाथ बंटाने वाले चंचल लगातार अपनी उपस्थिति दर्ज कराते रहे है इसलिए बिलासपुर रोटरी क्लब ऑफ क्वींस बिलासपुर की टीम द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया.. कार्यक्रम में रोटरी क्लब ऑफ क्वींस की अध्यक्ष मनीष जायसवाल, सचिव डॉ प्रकृति वर्मा, असिस्टेंट गवर्नर विजय अग्रवाल , कार्यकारिणी मौजूद रही.. रोटरी क्लब के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अमित जयसवाल ने भी चंचल के सराहनीय योगदान को लेकर उनकी प्रशंसा की और भविष्य के लिए उन्हें शुभकामनाएं दी।

### पूरे देश में 25 करोड़ से अधिक मेहनतकश आज हड़ताल पर

**बिलासपुर,** 08 जुलाई (देशबन्धु)। केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर पूरे देश के मेहनतकश 9जुलाई को हड़ताल पर रहेंगे। केंद्र सरकार की आम जनता विरोधी, किसान विरोधी नीतियों, बढ़ती महंगाई एवं बेरोजगारी के खिलाफ पूरे देश का मेहनतकश कल हड़ताल पर रहेंगे। हड़ताल की प्रमुख मांगे-- सरकार लेबर कोड को समाप्त करें एवं श्रम कानूनों की बहाली हो, बैंक बीमा एवं रेलवे सहित सभी सार्वजनिक क्षेत्रों का निजीकरण अविलंब रोका जाए, मजदूरों को न्यूनतम 26000 रुपए प्रति महीना वेतन दिया जाए,देश में खाली पड़े पदों पर तुरंत भर्ती की जाए, ठेका करण एवं आउटसोर्सिंग की प्रथा को तत्काल प्रभाव से बंद किया जाए,स्थायी प्रकृति के कार्यों को ठेकाकरण नहीं किया जाए, नई पेंशन स्कीम के स्थान पर पुरानी पेंशन योजना बहाल की जाए, बीमा क्षेत्र में विदेशी प्रत्यक्ष निवेश को 100 प्रतिशत करने तथा आईपीओ में वृद्धि पर तत्काल रोक लगाई जावे, बीमा क्षेत्र में मल्टीपल एजेंसी पर तत्काल रोक लगाई जाए द्यइन मांगों के समर्थन में बैंक, बीमा,डाक,परिवहन, किसान, मजदूर सहित केंद्रीय ट्रेड यूनियन के समस्त सदस्यगण हड़ताल पर रहेंगे द्य पूरे देश के पैमाने पर एक विस्तृत हड़ताल होने जा रही है। इसी तारतम्य में बिलासपुर शहर में भी नेहरू चौक पर प्रात: 11 बजे से केंद्रीय ट्रेड यूनियनों द्वारा धरना कार्यक्रम आयोजित किया गया है द्य नेतृत्वकारी साथियों ने इसमें साथ मजदूर, किसान, कर्मचारी सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं आम जनता से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की गई है।

### जब्त मादक पदार्थों का नष्टीकरण 10 जुलाई को

**बिलासपुर,** 08 जुलाई (देशबन्धु)। जिले की विभिन्न थानों में जब्त किये गये सभी मादक पदार्थों का नष्टीकरण 10 जुलाई को सवेरे 10 बजे किया जाएगा। नष्टीकरण की कार्रवाई मोहतराई स्थित सुधा बॉयो पॉवर लिमिटेड की भट्ठी में उक्त तिथि को किया जाएगा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बताया कि नष्टीकरण के लिए गठित जिला स्तरीय औषधि व्ययन समिति के सदस्य एवं पंचान इस दौरान उपस्थित रहेंगे।

# दस या अधिक श्रमिक रखने वाले दुकानों का श्रम विभाग में कराना होगा पंजीयन

### 14 अगस्त तक ऑनलाइन पोर्टल में पंजीयन अनिवार्य

**बिलासपुर,** 08 जुलाई (देशबन्धु)। दस अथवा इससे अधिक श्रमिक व कर्मचारी नियोजित करने वाले दुकानों और संस्थाओं को श्रम विभाग में पंजीयन कराना अनिवार्य किया गया है। श्रम विभाग के पोर्टल में 14 अगस्त 2025 तक संबंधित दुकानदार को ऑनलाइन आवेदन करना होगा। इस तिथि के बाद पंजीयन करने पर विलंब शुल्क देना होगा।

सहायक श्रम आयुक्त श्रीमती ज्योति शर्मा ने बताया कि कार्यालय श्रमायुक्त, छत्तीसगढ़ से प्राप्त निर्देशानुसार छग दुकान एवं स्थापना (नियोजन एवं सेवा शर्तों) अधिनियम, 2017 तथा इसके अंतर्गत निर्मित छग दुकान एवं स्थापना (नियोजन एवं सेवा शर्तों का विनियम) नियम 2021 प्रदेश में दिनांक 13 फरवरी 2025 से प्रभावशील किया गया है। जिसके परिपालन में सभी दुकानों और स्थापनाओं को श्रम पहचान संख्या पंजीयन प्रमाण-पत्र प्राप्त किया जाना अनिवार्य है।

छ0ग0 दुकान एवं स्थापना अधिनियम, 1958 के अंतर्गत ऐसे पूर्व से पंजीकृत समस्त दुकान एवं स्थापनायें जिनमें 10 या 10 से अधिक श्रमिक अथवा कर्मचारी नियोजित हों को 6 माह के भीतर अर्थात् 14 अगस्त 2025 तक ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किया जाकर दुकान एवं स्थापनाओं का पंजीयन कराया जाकर श्रम पहचान संख्या प्रमाण-पत्र प्राप्त करने पर निर्धारित शुल्क में छूट प्रदान की गई है।

अधिनियम के प्रभावशीलता के 6 माह अर्थात् 14 अगस्त 2025 के बाद निर्धारित शुल्क का 25 प्रतिशत विलंब शुल्क के साथ पंजीयन प्रमाण-पत्र सह श्रम पहचान संख्या प्रदाय किये जाने के निर्देश दिये गये है। इसी प्रकार कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 तथा कर्मचारी भविष्य निधि एवं प्रकीर्ण उपबंध अधिनियम, 1952 के अंतर्गत पंजीकृत दुकान एवं स्थापनाओं को इस अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत माना जावेगा, किन्तु उन्हे दिनांक 14 अगस्त 2025 के पूर्व श्रम पहचान संख्या प्राप्त करने हेतु श्रम विभाग के पोर्टल श्रमेव जयते डॉट सीजी डॉट जीओवी डॉट इन पर ऑनलाईन आवेदन करने पर कोई पंजीयन शुल्क देय नहीं होगा।

# केवीके के 17 दिवसीय प्रशिक्षण से पशु सखियां अब बनेंगी पशु चिकित्सक

### कृषि विज्ञान केंद्र बिलासपुर में 17 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण का शुभारंभ

**बिलासपुर,** 08 जुलाई (देशबन्धु)। कृषि विज्ञान केंद्र बिलासपुर के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ अरुण कुमार त्रिपाठी के मार्गदर्शन में पशु संचालय रायपुर, एनडीडीबी, जिला पंचायत एनआरएलएम, के तहत 25 पशु सखियों का 17 दिवसीय आवास प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता किसान संघ के प्रदेश अध्यक्ष माधो सिंह रहे ।उन्होंने गौ आधारित खेती की जानकारी तथा खेती में प्रयोग हो रहे अत्यधिक रसायन के दुष्प्रभाव की जानकारी दी ।कृषि कालेज के डीन डॉ एनके चौरे ने पशु साखियों से कहा कि इस प्रशिक्षण के हर विषय को ध्यान से पढ़ें जिससे वे परीक्षा पास कर सकें और प्रशिक्षण का सही लाभ उठा सकें। डॉक्टर एसएल स्वामी ने पशु साखियों को बधाई दी कि उनको इस अवसर का लाभ प्राप्त हो रहा है। अतिरिक्त पशु संचालक डॉक्टर पिल्लई ने पशु चिकित्सा से संबंधित सभी योजनाओं की जानकारी दी तथा इस प्रशिक्षण के मास्टर ट्रेनर डॉ तन्मय उतालवार द्वारा दिए जा रहे प्रशिक्षण की प्रशंसा की। साथ ही प्रशिक्षार्थीयों को बताया कि उनका यह भाग्य है कि वो कृषि विज्ञान केंद्र बिलासपुर द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।




रामेंद्र सिंह गुज्जर एनआरएलएम जिला पंचायत बिलासपुर ने इस प्रशिक्षण की महत्ता को बताया कि अब पशु सखियां इस प्रशिक्षण के उपरांत पशु चिकित्सक के रूप में जानी जाएंगी तथा सीधे पशुपालन में सहयोग करेंगी। कृषि विज्ञान केन्द्र बिलासपुर के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ अरुण कुमार त्रिपाठी ने प्रशिक्षण के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की तथा लगातार 17 दिनों में होने वाली सभी तकनीकी सत्रों की संक्षिप्त जानकारी दी। डॉ शिल्पा कौशिक ने मंच संचालन किया एवं डॉ एकता ताम्रकार ने धन्यवाद ज्ञापन किया ।पशु चिकित्सक के मास्टर ट्रेनर के रूप में डॉ तमाय उत्तलवार,डॉ रंजना नंदा,डॉ मंडल उपस्थिति रहे। कृषि विज्ञान केंद्र बिलासपुर के सभी वैज्ञानिक एवं कर्मचारीयों के सहयोग से कार्यक्रम का उद्घाटन सफल हुआ।

एक युद्ध नशा के विरूद्ध सियान चेतना | यातायात जागरूकता का हुआ आयोजन

# आओ सवारे कल अपना, सपने वो है जो नींद में भी सोने ना दे-रजनेश सिंह

### सीपत थाना अंतर्गत ग्राम करमा में हुआ वृहद कार्यक्रम

**बिलासपुर,** 08 जुलाई (देशबन्धु)। पुलिस द्वारा मंगलवार को ग्राम करमा थाना सीपत में एक युद्ध नशे के विरूद्ध आओ सवारे कल अपना यातायात जागरूकता एवं सियान चेतना का कार्यक्रम आयोजित किया गया इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह मुख्य अतिथि रहे ।अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात राम गोपाल करियारे, सीएसपी सरकंडा सिद्धार्थ बघेल, विशिष्ट अतिथी रहे7 साथ में पायल एक नया सवेरा फाउंडेशन के संचालक पायल लाट एवं चचंल सलुजा विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ एस एस पी रजनेश सिंह द्वारा सरस्वती पुजन कार्यक्रम से किया गया ।बाद विशिष्ट अतिथियों का बेच लगाकर व पुष्प गुच्छ देकर सम्मान किया गया। ग्राम करमा के सरपंच नंद कुमार साहू द्वारा सीपत थाना में थाना प्रभारी गोपाल सतपथी द्वारा क्षेत्र में चलाये जा रहे नशा के विरूद्ध कार्यक्रम की सराहना करते हुये नशा विरूद्ध कठोर कार्यवाही का उल्लेख कर ग्राम करमा में भी महिला संगठित कर नशा विरूद्ध अभियान चलाने का आग्रह किया। अति0 पुलिस अधीक्षक यातायात रामगोपाल करियारे कहा की हमें अपने जीवन को सकारात्मक सोच के साथ आगे बढाना चाहिए, बच्चो को अपने बुजुर्गो का बात मानकर आजीवन सफलता के पद पर अग्रसर होना बताया ।उन्होंने यातायात जागरूकता के लिए हेलमेट पहनने तथा ट्रेफिक नियमों का पालने करने, नशे की हालत में वाहन न चलाने की अपील की।

मुख्य अतिथि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह ने कहा कि इस माह हम सियान चेतना कार्यक्रम चला रहे है जिसका उद्देश्य सियान लोगो को सुरक्षित रखना उनमें सायबर जागरूकता लाना है हमारे सियान ही हमारे धरोहर है ग्राम करमा के सरपंच द्वारा बीट के प्रभारी सउनि सहेत्तर कुर्रे, बीट आरक्षक शैलेन्द्र कुर्रे बीट आरक्षक ज्योति जगत के कार्यो की प्रशंसा से बीट प्रणाली में पारदर्शिता लाने तथा बीट प्रणाली का सुनियोजित ढंग से क्रियान्वयन से खुश होकर सीपत पुलिस की पीठ थपथपाई। साथ ही बीट आरक्षक व महिला आरक्षक को पुष्प गुच्छ देकर सम्मान करते हुये और अच्छे कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया गया।



उन्होने अपने उदबोधन में चेतना कार्यक्रम में जोर देते हुए कहा कि सपने वो है जो रातो में नींद नही आने देती अर्थात किसी भी सफलता को पाने के लिए केवल एकलव्य की तरह लक्ष्य होनी चाहिए हमें अपनी बच्चियों का ग्रामीण परिवेश में पालन पोषण अच्छी तरह करनी चाहिए, इंन बच्चो को सुरक्षित रखने के लिए पुरा सिस्टम लगा हुआ है क्योकि ये बच्चे ही हमारा भविष्य है। पुरे जिले में नशो के कारोबार करने वालो की सात करोड से अधिक की संपत्ति जप्त कर ली है जो इस तरह नशे के विरूद्ध व्यापार कर रहे है उनके विरूद्ध लगातार कडी कार्यवाही करने का निर्देश थाना प्रभारी को दिया गया।

पायल एक नया सवेरा फाउंडेशन के सहयोग से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने प्राथमिक शाला के 170 बच्चो को कापी व पेन का वितरण किया।

यातायात पुलिस द्वारा ग्राम सरपंच, पंच व सियान लोगो को यातायात जागरूकता के लिए हेलमेट वितरण कर हेलमेट धारण कर ही मोटर सायकल चलाने का आग्रह किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से ग्राम के जन प्रतिनिधियों व जनता से नशा से गांव को दुर रखने युवा पीढी को जागरूक करने का आग्रह किया गया।

इस अवसर पर थाना प्रभारी गोपाल सतपथी अपने दलबल के साथ उपस्थित रहे शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला करमा के प्रभारी प्राचार्य आलोक पांडेय ने मंच संचालन किया ।

### आईटीआई कोनी में अप्रेंटिसशिप मेला 14 को

**बिलासपुर,** 08 जुलाई (देशबन्धु)। आईटीआई कोनी के सीओई भवन मे 14 जुलाई को सवेरे 9.30 बजे से अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन किया जाएगा। जिले के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं से विद्युतकार, फिटर, मैकेनिक डीजल, मैकेनिक ट्रेक्टर, वेल्डर, टर्नर, कोपा व्यवसाय के उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी अपने समस्त दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर इस मेले में भाग ले सकते है। अधिक जानकारी के लिए आदर्श आद्योगिक प्रशिक्षण संस्था कोनी बिलासपुर में कार्यालयीन समय पर संपर्क कर सकतें हैं ।ग

**NECC**

| 09.07.2025 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 535 | 80 | 165 |
| चिल्हर | 7.00 | 100 | 190 |
| डिलीवरी | 550 सैकड़ा | | |

दर्जन अंडा 80 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

SHRI SHANKARACHARYA TECHNICAL CAMPUS
(Approved by AICTE, NAAC 'A' Grade Institute & Constituent Unit of SSPU, Bhilai
(Managed by Shri Gangajali Education Society, Bhilai)
"ज्ञानदेव तु कैवल्यम्"
JUNWANI, BHILAI - 490 020 (CHHATTISGARH)
Phone : 0788 - 4088888, Fax : 0788 - 4088899, Website : www.sstc.ac.in, E-mail: sstc@sstc.ac.in
ADMISSION NOTIFICATION : 2025-26

| B TECH (MQ & Lateral Entry) | |
|---|---|
| • COMPUTER SCIENCE & ENGINEERING | • CIVIL ENGINEERING |
| • COMPUTER SCIENCE & ENGINEERING [AIML] | • ELECTRICAL ENGINEERING |
| • COMPUTER SCIENCE & ENGINEERING [ DATA SCIENCE] | • ELECTRONICS & TELECOMMUNICATION |
| • COMPUTER SCIENCE & ENGINEERING [ CYBER SECURITY] | • MECHANICAL ENGINEERING |
| **M TECH (Sponsored Category)** | |
| • ARTIFICIAL INTELLIGENCE & MACHINE LEARNING | • POWER SYSTEM ENGINEERING |
| • COMPUTER SCIENCE & ENGINEERING | • STRUCTURAL ENGINEERING |
| • GEOTECHNICAL ENGINEERING | • THERMAL ENGINEERING |
| • VLSI DESIGN | • TRANSPORTATION ENGINEERING |
| • MBA | • MCA |

Experience : For sponsored category, minimum 2 Years working experience after graduation; Application form and details can be downloaded from Institute's website (www.sstc.ac.in). Reservation is applicable as per Govt. Norms Visit : https://cgdteraipur.cgstate.gov.in. The last date of admission will be as per DTE, Raipur notification.
For further enquiry contact for admission : 0788-4088888, 9039551113
sstc@sstc.ac.in, www.sstc.ac.in
DIRECTOR

प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। प्रेस पंजीयन- 52158/91 फोन- 07752 422771